MOU Holder and Distributors
RN METALS Pvt. Ltd
Distributors of SAIL & VSP products in Telangana
Stockist of MS Beams MS Channel, MS Angle, MS Plates, TMT Bars
A-23/5 & 6, APIE, BALANAGAR, HYD.-500 037
040-23774718, 040-23774719, 9160111471

खबरें जो सोच बदल दे
शुभ लाभ
हिन्दी दैनिक समाचार पत्र

MINISO
Please visit store nearest to you at these locations :
IRRUMMANZIL (L&T MALL)
MOOSARAMBAGH (L&T MALL)
KOMPALLY (TNR PLAZA)

Postal Regd.No. HQ/SD/523/2023-25 । सोमवार, 22 दिसंबर, 2025 । हैदराबाद और नई दिल्ली से प्रकाशित । website : https://www.shubhlabhdaily.com । संपादक : गोपाल अग्रवाल । पृष्ठ : 14 । मूल्य-8 रु.। वर्ष-7 । अंक-349

काला सोना सफेद

अाये दिन काले धन को बाहर निकालकर उसे मुख्यधारा से जोडने की खूब चर्चा तो होती है, लेकिन कोई सार्थक/सटीक तरीके के अभाव में सरकार उस पर आगे नहीं बढ पाती। किन्तु कुछ जाने-माने अर्थशास्त्रियों ने हाल ही में सरकार को एक नायाब तरीका सुझाया है, जिस पर गंभीरतापूर्वक विचार किया जा रहा है।

स्टेनली की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय घरों में 35,000 टन सोना है। यह दुनिया के सबसे बड़े सोने के भंडारों में से एक है और लगातार बढ़ रहा है। साल 2000 से 2025 के बीच भारत ने आधिकारिक तौर पर 700 टन से ज्यादा सोना आयात किया है। इसकी कीमत 507 अरब डॉलर से ज्यादा है। अगर इसमें तस्करी का सोना और यात्रियों द्वारा लाए गए गहने भी जोड़ दें, तो आयात का बिल 700 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो जाता है।

कुल मिलाकर हमारे घरों में रखा 35,000 टन सोना आज के भाव पर करीब 5 ट्रिलियन डॉलर का है। यह औपचारिक वित्तीय व्यवस्था के बाहर घरेलू बचत का सबसे बड़ा जरिया है। लेकिन इस खजाने का एक बड़ा हिस्सा ऐसा है जिसका हिसाब-किताब नहीं है, जिसका इस्तेमाल नहीं हो रहा है और जो बेकार पड़ा है। यह समानांतर अर्थव्यवस्था में पड़ा हुआ है। इसलिए, इसे मुख्यधारा में लाना बहुत जरूरी है। इससे चार बड़े फायदे होंगे।

पहला, सरकार को अतिरिक्त टैक्स मिलेगा। इससे 8वें वेतन आयोग जैसी बड़ी योजनाओं को पूरा किया जा सकेगा और सरकार की वित्तीय स्थिति भी मजबूत रहेगी। दूसरा, व्यापारियों और आम लोगों के हाथों में ज्यादा पैसा आएगा। इससे बाजार में तरलता (लिक्विडिटी) बढ़ेगी। तीसरा, भारतीय रिजर्व बैंक (RBI) की बैलेंस शीट मजबूत होगी। इससे भारत की विदेशी पूंजी पर निर्भरता बहुत कम हो जाएगी, जो कभी भी बदल सकती है। चौथा, विदेशी मुद्रा भंडार काफी बढ़ जाएगा, जो बाहरी कर्ज से कहीं ज्यादा होगा। इससे भारत की सॉवरेन रेटिंग में सुधार होगा। लेकिन सवाल यह है कि इस सोने को मुख्यधारा में कैसे लाया जाए? इसके दो सीधे तरीके हैं, लेकिन दोनों में कुछ कमियाँ हैं। पहला तरीका है, एक एमनेस्टी योजना लाना, जिसमें 30% टैक्स लगे। लेकिन सुप्रीम कोर्ट इसे खारिज कर सकता है। साथ ही, इससे सोने के मालिकों को टैक्स भरने के लिए पैसे का इंतजाम करना पड़ेगा। दूसरा तरीका है, बैंकों और एनबीएफसी (NBFCs) को यह इजाजत देना कि वे सोने के बदले लोन दे सकें और टैक्स अधिकारी सोने के स्रोत के बारे में न पूछें। इससे सोना कुछ समय के लिए आधिकारिक अर्थव्यवस्था में आ जाएगा, लेकिन इससे सरकार को तुरंत कोई कमाई नहीं होगी। और जब लोन चुका दिया जाएगा, तो सोना फिर से गायब हो सकता है।

सोने की कीमत में हाल में काफी तेजी आई है। दुनिया में सबसे ज्यादा सोना भारतीय घरों में पड़ा है। अगर किसी तरह इस सोने को मुख्यधारा की इकॉनमी में लाया जाए तो इससे देश की कई वित्तीय समस्याओं का एक झटके में समाधान हो सकता है। स्टेनली की एक नई रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय घरों में 35,000 टन सोना है। यह दुनिया के सबसे बड़े सोने के भंडारों में से एक है और लगातार बढ़ रहा है। साल 2000 से 2025 के बीच भारत ने आधिकारिक तौर पर 700 टन से ज्यादा सोना आयात किया है। इसकी कीमत 507 अरब डॉलर से ज्यादा है। अगर इसमें तस्करी का सोना और यात्रियों द्वारा लाए गए गहने भी जोड़ दें, तो आयात का बिल 700 अरब डॉलर से भी ज्यादा हो जाता है।

कैसे बनेगी बात

लेकिन एक ऐसा तरीका है जो गेम चेंजर साबित हो सकता है। यह है RBI द्वारा एक खास खरीद कार्यक्रम। यह पारंपरिक माफी योजनाओं की कानूनी और मनोवैज्ञानिक मुश्किलों से बचते हुए बेहतर नतीजे देगा। यह कैसे काम करेगा, आइए समझते हैं। RBI यह घोषणा करेगा कि वह किसी भी नागरिक से मौजूदा अंतरराष्ट्रीय भाव पर सोना खरीदेगा। भुगतान का तरीका बहुत खास है: 65% पैसा तुरंत नकद दिया जाएगा। बाकी 35% शून्य-कूपन सरकारी बॉन्ड के रूप में दिया जाएगा, जिनकी मैच्योरिटी 29 साल होगी। कुल मिलाकर, खरीदार को सोने के बाजार भाव का 100% मिलेगा। लेकिन क्योंकि 35% भुगतान बाद में होगा और उस पर कोई ब्याज नहीं मिलेगा, इसलिए RBI के लिए इसकी असल कीमत बाजार भाव का लगभग 70% ही होगी। इस तरह, सोना बेचने वाला व्यक्ति, बिना सरकार को सीधे चेक दिए और सोने के स्रोत के बारे में कोई सवाल पूछे बिना, अप्रत्यक्ष रूप से 30% 'टैक्स' भर देगा। अगर इसे समझदारी से प्रचारित किया जाए, तो यह एक मनोवैज्ञानिक चाल होगी। आम आदमी यह खबर पढ़ेगा - 'RBI सोने को पूरे बाजार भाव पर खरीद रहा है, कोई सवाल नहीं पूछा जाएगा'। वह सोचेगा कि वह अपने काले सोने को मुफ्त में सफेद कर रहा है। व्यापारी भी इसमें हिस्सा लेंगे, भले ही वे जानते हों कि वे असल में 30% टैक्स दे रहे हैं। ऐसा इसलिए, क्योंकि उन्हें तुरंत 70% पैसा मिल जाएगा और बाकी 35% व्यापार योग्य बॉन्ड के रूप में मिलेगा। परिवार के गहने देने में जो भावनात्मक हिचकिचाहट होती है, उसे सोने की छड़ों और बिस्कुट को जमा कराने के लिए प्रोत्साहित करके कम किया जा सकता है। यही फार्मूला सरकार नकद रुपी काले धन के लिए भी लागू कर सकती है। काले धन को बिना पूछताछ के जमा कर निश्चित समयावधि (30 साल) का बिना ब्याज वाला बांड दे सकती है, जिस पर निर्धारित प्रतिशत तक तुरंत लोन लिया जा सके। जिसके पास बिना हिसाब-किताब वाला ऐसा काला धन होगा, वह यह सोचकर बेफिक्र हो सकता है कि जिन परिजनों के लिए वह धन चाहता है वह उन्हें कुछ समय बाद ही सही, मिल जाएगा।

राजस्व

अगर RBI 70% प्रभावी लागत पर 100 अरब डॉलर का सोना खरीदता है, तो उसे 30 अरब डॉलर का सीधा मुनाफा होगा। यह पैसा सरकार को विशेष लाभांश के रूप में दिया जा सकता है। इससे सरकार को 60 से 120 अरब डॉलर का लाभांश मिल सकता है। यह 8वें वेतन आयोग के प्रस्तावों और अतिरिक्त पूंजीगत व्यय को बिना नया कर्ज लिए या वित्तीय अनुशासन से समझौता किए पूरा करने के लिए काफी है।

लिक्विडिटी

व्यापारियों और कारोबारियों के हाथों में अचानक सैकड़ों अरब डॉलर नकद और बॉन्ड आ जाएंगे। शेयर बाजार के उलट, जो ज्यादातर कागजों पर रहता है, यह असली पैसा होगा जो विस्तार, कार्यशील पूंजी और खपत के लिए इस्तेमाल होगा। सोने की कीमतों में तेजी के बावजूद जो धन प्रभाव गायब था, वह अब दिखाई देगा।

बैलेंस शीट का कायापलट

भारत का आधिकारिक विदेशी मुद्रा भंडार खरीदे गए सोने के कुल अनुमानित मूल्य के बराबर बढ़ जाएगा, जबकि देनदारी केवल रियायती लागत के बराबर ही बढ़ेगी। रातोंरात, विदेशी मुद्रा भंडार बाहरी कर्ज से कहीं ज्यादा हो जाएगा। यह एक ऐसा पैमाना है जिसका इस्तेमाल रेटिंग एजेंसियों को हमारी रेटिंग बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। एक या दो पायदान की निवेश ग्रेड रेटिंग में सुधार लगभग तय हो जाएगा, क्योंकि हमारे पास कर्ज से ज्यादा नकदी होगी। ▶10पर

श्री जैन सेवा संघ चुनाव के नतीजे लटके

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

श्री जैन सेवा संघ की नई कार्यकारिणी के लिए रविवार, 21 दिसंबर को जामबाग स्थित विवेक वर्धिनी स्कूल परिसर में बडे उत्साह के साथ मतदान तो हुआ, लेकिन देर रात मतगणना के दौरान पैनलों (नमो नवकार-श्री अरिहंत) के बीच कथित आरोप-प्रत्यारोप के चलते नतीजों की घोषणा टाल दी गई। विश्वस्त सूत्रों ने रात 11.30 बजे यह जानकारी देते हुए बताया कि चुनाव अधिकारियों ने आज रिजल्ट घोषित नहीं करने का निर्णय लिया। हालांकि काउंटिंग पुलिस की निगरानी में जारी रहेगी, जिसका वीडियो बनाकर उसे सुरक्षित रखा जाएगा। मंगलवार के बाद अगर दोनों पैनल में कुछ सुलह होती है तो आगे समाज निर्णय लेगा अन्यथा यह रिजल्ट कोर्ट द्वारा डिक्लेअर किया जाएगा ।

जोहान्सबर्ग में हुई गोलीबारी में दस की मौत

जोहान्सबर्ग, 21 दिसंबर (एजेंसियां)। दक्षिण अफ्रीका में जोहान्सबर्ग के पास हुयी गोलीबारी की घटना में कम से कम 10 लोग मारे गए और 10 अन्य घायल हो गए है। एएफपी ने पुलिस के हवाले से यह जानकारी दी है।एजेंसी ने बताया कि एक अज्ञात बंदूकधारी ने जोहान्सबर्ग के पास एक गांव में गोलीबारी की। पुलिस के अनुसार हमलावर के मकसद का अभी भी पता नहीं चला है।

राष्ट्रविरोधी गतिविधियों में लिप्त कांग्रेस, बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया और बचाया : मोदी

पीएम ने कहा- भाजपा असमिया पहचान और सम्मान की रक्षा में खड़ी

गुवाहाटी, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

पीएम मोदी ने असम के दो दिवसीय दौरे में कॉन्ग्रेस पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने बांग्लादेशी घुसपैठियों को बसाया और उनका संरक्षण किया है। अब जब उनकी पहचान कर देश से बाहर करने के लिए डखठ की जा रही है तो उसका विरोध कर रही है। उन्होंने कहा कि बीजेपी असम की पहचान और सम्मान की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है। इससे पहले पीएम मोदी ने ब्रह्मपुत्र नदी में क्रूज पर बच्चों के साथ परीक्षा पे चर्चा की और शहीद स्मारक पर 1985 के असम

आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी। 12 जिलों के बच्चों ने इस इवेंट में भाग लिया। उन्होंने डिब्रूगढ़ में ब्रह्मपुत्र वैली फर्टिलाइजर कॉर्प लिमिटेड (बीवीएफसीएल) की नई अमोनिया-यूरिया यूनिट का उद्घाटन किया। इसकी सालाना उत्पादन क्षमता 12.7 लाख टन होगी।

नई यूनिट से किसानों को फायदा होगा, यूरिया आयात घटेगा और रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। बीवीएफसीएल पूर्वी भारत का एकमात्र सरकारी यूरिया प्लांट है और इसे 2002 में स्थापित किया गया था। पीएम मोदी ने कहा कि असम को तुष्टिकरण और वोट बैंक की राजनीति से बचाकर राज्य की सुरक्षा करनी होगी। उन्होंने किसानों के लिए सब्सिडी वाले यूरिया की व्यवस्था और ▶10पर

तेलंगाना जल्द ही एसआईआर में पूरे देश के लिए एक आदर्श बनेगा : ज्ञानेश कुमार

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने रविवार को कहा कि तेलंगाना मतदाता सूची का विशेष गहन संशोधन (एसआईआर) जल्द ही पूरे देश के लिए एक आदर्श बन जाएगा। उन्होंने यहां बूथ स्तर के अधिकारियों (बीएलओ) को संबोधित करते हुए कहा कि तेलंगाना को एसआईआर के अगले चरण में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा कि बिहार में हाल ही में सफलतापूर्वक संपन्न हुई एसआईआर प्रक्रिया को इस संदर्भ में एक मिसाल के तौर पर लिया जाना चाहिए। उन्होंने बीएलओ को भारतीय चुनावी प्रणाली की रीढ़ बताते हुए कहा कि मतदाता सूची के शुद्धिकरण की सफलता उनकी प्रतिबद्धता और कड़ी मेहनत पर निर्भर करती है। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया उत्सुकता से देख रही है कि भारत अपने चुनाव कैसे कराता है। मुख्य चुनाव आयुक्त ने दावा किया कि बिहार में संपन्न हुई ▶10पर

बांग्लादेश में हिंदू युवक की मॉब लिंचिंग मामले में 7 आरोपी गिरफ्तार

ढाका,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

बांग्लादेश में एक हिंदू युवक की भीड़ द्वारा पीट-पीटकर हत्या किए जाने की घटना पर देश-विदेश में उठी तीखी आलोचनाओं के बाद अंतरिम सरकार हरकत में आई है। सुरक्षा एजेंसियों ने इस मामले में सात लोगों को गिरफ्तार किया है। अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मोहम्मद यूनुस ने शनिवार को इसकी पुष्टि की।

यूनुस ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी बयान में बताया कि मयमनसिंह जिले के भालुका इलाके में 27 वर्षीय दीपु चंद्र दास की हत्या के मामले में रैपिड एक्शन बटालियन (आरएबी) ने सात संदिग्धों को हिरासत में लिया है। दीपु चंद्र दास सनातन धर्म का अनुयायी था और एक कारखाने में काम करता था।

सरकारी जानकारी के मुताबिक, आरएबी-14 की टीमों ने अलग-अलग स्थानों पर समन्वित अभियान चलाकर आरोपियों को पकड़ा। गिरफ्तार किए गए लोगों में मोहम्मद लिमोन सरकार (19), मोहम्मद तारेक हुसैन (19), मोहम्मद माणिक मिया (20), इरशाद अली (39), निजुम उद्दीन (20), आलमगीर हुसैन (38) और मोहम्मद मिराज हुसैन एकॉन (46) शामिल हैं। मामले की जांच जारी है।

पुलिस के अनुसार, दीपु चंद्र दास पर ईशनिंदा के आरोप लगाए गए थे। गुरुवार रात कारखाने के बाहर भीड़ ने पहले उसके साथ मारपीट की, फिर उसे एक पेड़ से लटका दिया। इसके बाद आक्रोशित भीड़ ने शव को ढाका-मयमनसिंह राजमार्ग के किनारे छोड़कर आग लगा दी, जिससे कुछ समय के लिए यातायात भी बाधित हुआ। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए मयमनसिंह मेडिकल कॉलेज भेजा है।

घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद हालात और तनावपूर्ण हो गए। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर स्थिति को नियंत्रित करने की कोशिश की और अतिरिक्त बल तैनात किया गया।

अंतरिम सरकार ने इस घटना की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि 'नए बांग्लादेश में हिंसा, भीड़तंत्र और अल्पसंख्यकों के खिलाफ अपराध के लिए कोई जगह नहीं है।' सरकार ने दोहराया कि दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। सरकार ने नागरिकों से शांति बनाए रखने, अफवाहों से दूर रहने और हिंसा या नफरत को बढ़ावा न देने की अपील की है। उल्लेखनीय है कि पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना के सत्ता से हटने के बाद से देश में अल्पसंख्यक समुदायों के खिलाफ घटनाओं को लेकर चिंताएं लगातार सामने आ रही हैं।

न्यूज ब्रीफ

समुद्र में 40 साल में चौथी बार दिखा बेहद दुर्लभ ऑक्टोपस

कैलिफोर्निया। हाल ही में अमेरिका के कैलिफोर्निया तट के पास मॉन्टेरी बे में समुद्र की सतह से करीब आधा मील नीचे, अंधेरे और रहस्यमय पानी में एक बेहद दुर्लभ ऑक्टोपस कैमरे में कैद हुआ है। खास बात यह है कि इंसानों ने इस प्रजाति को पिछले 40 वर्षों में सिर्फ चार बार ही देखा है। इसका वीडियो सामने आने के बाद समुद्री जीवविज्ञान की दुनिया में उत्सुकता और रोमांच दोनों बढ़ गए हैं। इस अनोखे जीव का वैज्ञानिक नाम हालीफोरॉन अटलांटिकस है, जिसे आमतौर पर 'सेवन-आर्म ऑक्टोपस' कहा जाता है। नाम से भले ही लगे कि इसके केवल सात हाथ होते हैं, लेकिन हकीकत में इसके आठ हाथ होते हैं। विशेषज्ञों के अनुसार नर ऑक्टोपस का आठवां हाथ प्रजनन के लिए इस्तेमाल होता है और वह इसे अक्सर छिपाकर रखता है। इसी कारण यह देखने में सात हाथों वाला प्रतीत होता है। अपने अजीब स्वरूप और विशाल आकार के कारण यह ऑक्टोपस सामान्य प्रजातियों से बिल्कुल अलग नजर आता है। यह दुर्लभ नजारा मॉन्टेरी बे एक्वेरियम रिसर्च इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने 6 नवंबर को रिकॉर्ड किया। इसके लिए रिमोटली ऑपरेटेड व्हीकल यानी आरओवी का इस्तेमाल किया गया, जो गहरे समुद्र में जाकर वीडियो और तस्वीरें कैद करता है। यह ऑक्टोपस करीब 700 मीटर की गहराई पर देखा गया, जिसे समुद्र की 'ट्वाइलाइट जोन' कहा जाता है। यह ऐसा इलाका है जहां सूरज की रोशनी लगभग नहीं पहुंचती और जीवन बेहद रहस्यमय होता है। वीडियो में यह विशाल ऑक्टोपस एक रेड हेलमेट जेलीफिश को पकड़े हुए नजर आया। यह जेलीफिश खुद भी एक बायोल्यूमिनेसेंट जीव है, जो अंधेरे में रोशनी पैदा कर सकता है।

चेतावनी : ग्लेशियरों का विनाश पहुंचने वाला है अभूतपूर्व स्तर पर

बर्न। 700 साल पुराने पिजोल ग्लेशियर को साल 2019 में स्विट्ज़रलैंड में विदाई दी जा रही थी, जो जलवायु परिवर्तन की भेंट चढ़ चुका था। इस पल ने दुनिया को भावुक भी किया और डराया भी। सैकड़ों लोग काले कपड़ों में इकट्ठा हुए, शोक संदेश पढ़े गए और फूल चढ़ाए गए। यह प्रतीकात्मक घटना आने वाले समय की एक झलक थी। अब वैज्ञानिकों की नई रिसर्च बताती है कि यह तो सिर्फ शुरुआत थी और आने वाले दशकों में ग्लेशियरों का विनाश अभूतपूर्व स्तर पर पहुंचने वाला है। ताजा अध्ययन के मुताबिक दुनिया तेजी से 'पीक ग्लेशियर एक्सटिंक्शन' की ओर बढ़ रही है। इसका मतलब है वह समय, जब हर साल सबसे ज्यादा संख्या में ग्लेशियर हमेशा के लिए खत्म हो जाएंगे। ईटीएच ज्यूरिख के वैज्ञानिकों ने दुनिया भर के ग्लेशियरों के आंकड़ों और कंप्यूटर मॉडल्स के आधार पर यह चेतावनी दी है कि अगर हालात नहीं सुधरे, तो इस सदी के मध्य तक हर साल करीब 4,000 ग्लेशियर गायब हो सकते हैं। यह संख्या इतनी बड़ी है कि इसे यूरोपियन आल्प्स के सभी ग्लेशियरों के एक ही साल में खत्म हो जाने के बराबर माना जा रहा है। रिसर्च में बताया गया है कि किसी ग्लेशियर को तब 'मृत' माना जाता है, जब उसका क्षेत्रफल बेहद छोटा रह जाए या वह अपने मूल आयतन का एक प्रतिशत से भी कम बचा हो।

रनवे पर हाई-वोल्टेज ड्रामा, सैलरी ना मिलने पर पायलट ने रोकी फ्लाइट

मेक्सिको सिटी। मेक्सिको सिटी के बेनिटो जुआरेज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक कमर्शियल फ्लाइट पायलट ने अपनी 5 महीने की बकाया सैलरी और यात्रा भत्ते न मिलने के विरोध में कॉकपिट में खुद को बंद कर लिया। विमान में बैठे यात्री घंटों तक असमंजस और डर का सामना करते रहे। पायलट ने यात्रियों से माफी मांगते हुए कहा कि वह तीन बच्चों का पिता है और वित्तीय मजबूरी के चलते यह कदम उठाया। उन्होंने बताया कि वे पिछले तीन साल से एयरलाइन के साथ हैं और कभी कोई फ्लाइट फेल नहीं हुई। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो में पायलट एयरलाइन पर आरोप लगाते हुए कहते दिखाई दिए कि 'पानी सिर से ऊपर जा चुका है। स्थानीय सुरक्षा बलों और अधिकारियों ने बातचीत के जरिए स्थिति पर काबू पाया। पायलट को हिरासत में लिया गया और यात्रियों को सुरक्षित विमान से बाहर निकाला गया। एयरलाइन पर वित्तीय संकट के कारण पायलट और कर्मचारी लगातार सैलरी के लिए संघर्ष कर रहे हैं। अधिकारियों ने घटना की उच्च स्तरीय जांच शुरू कर दी है।

बलूचों के खौफ में जी रहे पाकिस्तानी, जाफर एक्सप्रेस थी निशाने पर, दो जोरदार धमाके

इस्लामाबाद, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

बलूचिस्तान में गहराता असंतोष और विद्रोह अब एक गंभीर संकट का रूप ले चुका है। दशकों से जारी दमनकारी नीतियों के जवाब में बलूच विद्रोहियों ने एक बार फिर पाकिस्तान के महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे को निशाना बनाया है। ताजा घटनाक्रम में, विद्रोहियों ने मुख्य रेलवे लाइन पर दो भीषण बम धमाके किए, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया। विद्रोहियों के निशाने पर एक बार फिर जाफर एक्सप्रेस और कराची जाने वाली बोलन एक्सप्रेस थी।

स्थानीय सुरक्षा अधिकारियों के अनुसार, मुश्काफ में हुए धमाके ने लगभग तीन मीटर रेलवे ट्रैक को नष्ट कर दिया है, जबकि मस्तुंग जिले के दाश्त इलाके में हुए दूसरे हमले में मुख्य लाइन को गंभीर नुकसान पहुंचा है। ट्रैक बाधित होने से सैकड़ों यात्री बीच रास्ते में फंस गए हैं। हालांकि मरम्मत और सुरक्षा दल मौके पर तैनात हैं, लेकिन बार-बार होने वाले इन हमलों ने यात्रियों के मन में भय पैदा कर दिया है। ये धमाके मुश्काफ और दाश्त जैसे संवेदनशील इलाकों में हुए। गनीमत यह रही कि दोनों ट्रेनें इन विस्फोटों की सीधी चपेट में आने से बाल-बाल बच गईं, जिससे एक बड़ा हादसा टल गया। हालांकि, धमाकों की तीव्रता इतनी अधिक थी कि रेलवे ट्रैक का एक बड़ा हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। इस क्षति के कारण बलूचिस्तान का पाकिस्तान के अन्य तीन प्रांतों से रेल संपर्क पूरी तरह टूट गया है और यातायात ठप्प पड़ा है। गौरतलब है कि जाफर एक्सप्रेस लंबे समय से उग्रवादियों के निशाने पर रही है। मार्च 2025 में भी इसी ट्रेन को बोलन दर्रे में हाईजैक कर 400 यात्रियों को बंधक बना लिया गया था, जिसे छुड़ाने के लिए सेना को बड़ा अभियान चलाना पड़ा था। उस खूनी संघर्ष में कई लोगों की जान गई थी। पिछले दो महीनों में जाफर एक्सप्रेस के मार्ग पर यह दूसरी बड़ी घटना है। ये हमले केवल कानून-व्यवस्था की समस्या नहीं हैं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पाकिस्तान की छवि को भी नुकसान पहुंचा रहे हैं। वर्तमान सरकार जिस तरह से इस क्षेत्र को विदेशी निवेश (विशेषकर अमेरिका और चीन) के लिए सुरक्षित बताकर पेश कर रही है, ये धमाके उन दावों को सिरे से खारिज करते हैं। नागरिक सुरक्षा की विफलता और लगातार होते हमले यह दर्शाते हैं कि बलूचिस्तान का मुद्दा केवल बल प्रयोग से हल नहीं होने वाला।

एपस्टीन फाइल्स : अमेरिकी राजनीति में बिल क्लिंटन और ट्रंप को लेकर छिड़ा घमासान

वॉशिंगटन। जेफ्री एपस्टीन मामले से जुड़ी फाइलों के नए खुलासे ने अमेरिकी राजनीतिक गलियारों में एक नया विवाद खड़ा कर दिया है। इन दस्तावेजों के सार्वजनिक होने के बाद पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन की कुछ विवादित तस्वीरें सामने आई हैं, जबकि दूसरी ओर वर्तमान राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का नाम इन फाइलों से नदारद है। इस विषमता ने न केवल राजनीतिक बहस को जन्म दिया है, बल्कि व्हाइट हाउस के इरादों पर भी गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। बिल क्लिंटन की टीम ने मौजूदा प्रशासन पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया है कि पूर्व राष्ट्रपति को जानबूझकर बलि का बकरा बनाया जा रहा है ताकि उन महत्वपूर्ण जानकारियों से जनता का ध्यान भटकाया जा सके, जिन्हें प्रशासन छिपाना चाहता है। सोशल मीडिया पर जारी एक आधिकारिक बयान में क्लिंटन के प्रवक्ता ने स्पष्ट किया कि व्हाइट हाउस महीनों तक इन फाइलों को रोके रहा, और अब 20 साल पुरानी धुंधली तस्वीरों को जारी करना केवल एक सोची-समझी रणनीति का हिस्सा है। प्रवक्ता के अनुसार, यह मामला कभी भी बिल क्लिंटन के इर्द-गिर्द नहीं था, बल्कि प्रशासन उस सच को दबाने की कोशिश कर रहा है जिससे वह खुद डरा हुआ है। क्लिंटन पक्ष ने मौजूदा व्हाइट हाउस चीफ ऑफ स्टाफ सूजी वाइल्स के पुराने बयानों का भी हवाला दिया, जिसमें उन्होंने स्वीकार किया था कि ट्रंप के दावों के बावजूद इस बात के कोई सबूत नहीं मिले कि क्लिंटन कभी एपस्टीन के निजी कैरेबियन द्वीप पर गए थे। क्लिंटन की ओर से यह तर्क दिया गया है कि एपस्टीन के साथ उनके संबंध केवल तब तक थे जब तक उसके अपराधों का खुलासा नहीं हुआ था। 2005 में सच्चाई सामने आते ही उन्होंने एपस्टीन से दूरी बना ली थी। उनके समर्थकों का मानना है कि इस मामले में दो तरह के लोग शामिल हैं—एक वे जिन्हें कुछ पता नहीं था और सच जानते ही अलग हो गए, और दूसरे वे जो सब जानते हुए भी संबंधों को आगे बढ़ाते रहे। क्लिंटन पक्ष का दावा है कि वे पहले समूह का हिस्सा हैं। दूसरी ओर, न्याय विभाग द्वारा जारी की गई इन तीन लाख पेजों की फाइलों पर ट्रंप के विरोधियों ने संदेह जताया है।

नेपाल के आमचुनाव में भारतीय नंबर प्लेट के वाहनों पर पूर्ण प्रतिबंध

काठमांडू, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

नेपाल के निर्वाचन आयोग ने आम चुनाव में भारतीय वाहनों के प्रयोग पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। नेपाल में आगामी 5 मार्च, 2026 को प्रतिनिधि सभा के चुनाव है। आयोग ने आचार संहिता में कहा कि भारत सहित किसी भी विदेशी नंबर प्लेट वाले वाहनों को किसी भी परिस्थिति में अनुमति नहीं दी जाएगी। राजनीतिक दल केवल निर्धारित प्रक्रिया के तहत स्वीकृत संख्या और प्रकार के वाहन ही उपयोग कर सकेंगे तथा वाहनों के स्वरूप में किसी प्रकार का परिवर्तन प्रतिबंधित रहेगा। आचार संहिता के अनुसार, उम्मीदवारों को बिना पूर्व अनुमति के प्रचार के लिए वाहन इस्तेमाल करने या वाहनों पर प्रचार सामग्री प्रदर्शित करने की अनुमति नहीं होगी। बिना अनुमति उपयोग किए गए वाहनों और भारतीय साइट विदेशी नंबर प्लेट के वाहनों को जब्त किया जाएगा और संबंधित व्यक्ति के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। यातायात पुलिस या अन्य सुरक्षा निकाय ऐसे वाहनों को जब्त कर जिला आचार संहिता स्वीकृति समिति को रिपोर्ट करने के लिए अधिकृत होंगे। निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से कोई भी उम्मीदवार आयोग द्वारा निर्धारित शर्तों के अनुसार, संबंधित निर्वाचन क्षेत्र या उम्मीदवार के ठहराव स्थल पर अधिकतम दो दोपहिया, तिपहिया या चारपहिया (विद्युत या यांत्रिक) वाहन इस्तेमाल कर सकेगा। जिन क्षेत्रों में वाहनों की अनुमति नहीं है, वहां अधिकतम चार घोड़ों के उपयोग की अनुमति होगी। हालांकि, निर्वाचन अधिकारी की अनुमति से उन मतदाताओं को छूट दी जा सकती है, जो पैदल चलने में असमर्थ हैं। इसमें गर्भवती और प्रसवोत्तर महिलाएं, छोटे बच्चों को साथ ले जाने वाली महिलाएं, अनाथ, दिव्यांग व्यक्ति और वरिष्ठ नागरिक शामिल हैं। इसके अतिरिक्त, आचार संहिता में राजनीतिक दलों को अपने मुख्य प्रचारक का नाम आयोग को प्रस्तुत करना अनिवार्य किया गया है। आयोग द्वारा अधिकृत मुख्य प्रचारकों को ही चुनाव प्रचार के लिए हेलीकॉप्टर उपयोग करने की अनुमति होगी।

बोंडी बीच शूटिंग के बाद ऑस्ट्रेलिया में बंदूकों की संख्या कम करने के लिए एक योजना शुरू

कैनबरा। सिडनी में बोंडी बीच पर यहूदियों पर हुए हमले के बाद ऑस्ट्रेलिया में कानून बदलने को लेकर चर्चा शुरु हो गई है। प्रधानमंत्री एंथनी अल्बनीज ने ऐलान किया कि बोंडी बीच शूटिंग के बाद बंदूकों की संख्या कम करने के लिए एक योजना शुरू की जाएगी। पीएम अल्बनीज ने कहा कि संघीय सरकार सरप्लस, नए प्रतिबंधित और गैरकानूनी हथियारों को खरीदने और नष्ट करने के लिए एक नेशनल बायबैक शुरू करेगी। अभी ऑस्ट्रेलिया में 40 लाख से ज्यादा हथियार हैं, जो पोर्ट आर्थर हत्याकांड के समय की संख्या से ज्यादा हैं। बायबैक के तहत कलेक्शन, प्रोसेसिंग और पेमेंट के लिए ऑस्ट्रेलिया के राज्य और इलाके जिम्मेदार होगा और सरेंडर किए गए हथियारों को नष्ट करने की जिम्मेदारी ऑस्ट्रेलियन फेडरल पुलिस की होगी। दरअसल 1996 में तस्मानिया के आइलैंड स्टेट के पोर्ट आर्थर नरसंहार में 35 लोगों की हत्या कर दी गई थी। साथ ही लगभग 37 लोग घायल हुए थे। इस जानलेवा फायरिंग के बाद एक नए कानून को लाया गया, इस कानून को गन बायबैक कहा जाता है। इसके तहत भारी संख्या में लोगों से हथियार वापस लेकर नष्ट कर दिए गए थे।

वाशिंगटन ने काराकास पर दबाव बढ़ाया, अमेरिका ने वेनेजुएला का दूसरा व्यापारिक जहाज किया जब्त

काराकास (वेनेजुएला),21 दिसंबर (एजेंसियां)।

वाशिंगटन ने काराकास पर दबाव बढ़ा दिया है। इससे अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तनाव और बढ़ गया है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर आर्थिक मार करते हुए उसका पूरा विदेशी व्यापार ही चौपट कर दिया है। अमेरिका ने बेहद कड़ा रुख अपनाते हुए वेनेजुएला का दूसरा व्यापारिक जहाज जब्त कर लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने इस बीच निकोलस मादुरो सरकार को कड़ी चेतावनी दी है।

रिपोर्ट के अनुसार, एक अमेरिकी अधिकारी ने शनिवार को इसकी पुष्टि की। अधिकारी के अनुसार, इस जहाज को अमेरिका ने वेनेजुएला के तट के पास जब्त किया। इस महीने ऐसा दूसरा वाकया है। यह ट्रंप के देश से आने-जाने वाले प्रतिबंधित तेल टैंकरों की नाकाबंदी की घोषणा के बाद हुआ है। अमेरिका ने 10 दिसंबर को स्किपर नामक बड़े तेल टैंकर को जब्त किया था। अधिकारी के अनुसार, ताजा जब्त किए गए जहाज पनामा का झंडा लगा हुआ था। वह वेनेजुएला का तेल लेकर एशिया जाने की तैयारी में थी।

अमेरिकी गृह सुरक्षा सचिव क्रिस्टी नोएम ने शनिवार दोपहर सोशल मीडिया पर एक सात मिनट का वीडियो पोस्ट किया। इसमें एक हेलीकॉप्टर टैंकर के ऊपर मंडराता दिख रहा है। उन्होंने लिखा कि टैंकर को कोस्ट गार्ड ने सुरक्षा विभाग की मदद से भोर से पहले दबोच लिया। इस बीच, वेनेजुएला के विदेशमंत्री ने शनिवार को घोषणा की कि ईरान ने अमेरिकी सरकार के इस कदम को समुद्री डकैती कृत्य की संज्ञा दी है।

उल्लेखनीय है कि अमेरिकी सेना के युद्धक जहाज और युद्धपोत प्रशांत महासागर में तैनात हैं। वेनेजुएला के राष्ट्रपति मादुरो को डर है कि अमेरिका उनके देश पर हमला कर सकता है। वेनेजुएला के राष्ट्रपति निकोलस मादुरो संयुक्त राष्ट्र से अमेरिकी घेराबंदी खत्म कराने की अपील कर चुके हैं। संयुक्त राष्ट्र ने दोनों देशों से संयम बरतने की अपील की है।

विदेशी यात्री अमेरिका में कितने दिन रुकेगा यह वीजा अवधि से तय नहीं होगा

वाशिंगटन,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

अमेरिका में इमिग्रेशन नियमों में सख्ती के बीच भारतीय यात्रियों के लिए महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है कि किसी विदेशी यात्री की अमेरिका में ठहरने की अवधि वीजा की समाप्ति तिथि से निर्धारित नहीं होती। यह निर्णय प्रवेश के समय कस्टम्स एंड बॉर्डर प्रोटेक्शन (सीबीपी) अधिकारी द्वारा लिया जाता है।

दूतावास ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर स्पष्ट किया कि अमेरिका में ठहराव की अवधि सीबीपी अधिकारी तय करते हैं और इसका वीजा एक्सपायरी से कोई संबंध नहीं है। ठहराव की सटीक अवधि जानने के लिए आई-94 फॉर्म की जांच जरूरी है, जिसमें अनुमति की अंतिम तिथि दर्ज होती है। यह फॉर्म सभी गैर-प्रवासी यात्रियों के लिए अनिवार्य है, जिसमें

ठहराव की अनुमति की तिथि (एडमिट अंटिल डेट) दर्ज की जाती है। यह तिथि वीजा की समाप्ति तिथि से अलग हो सकती है। हवाई या समुद्री मार्ग से आने वाले यात्रियों को इलेक्ट्रोनिक आई-94 फॉर्म स्वचालित रूप से जारी किया जाता है और इसके लिए अलग से आवेदन की आवश्यकता नहीं होती। वहीं, स्थल मार्ग से प्रवेश करने वालों को आई-94 के लिए आवेदन करना पड़ता है। बॉर्डर पर समय बचाने के लिए आधिकारिक वेबसाइट से पहले से आवेदन किया जा सकता है। अमेरिकी नागरिकों, स्थायी निवासियों, इमिग्रेंट वीजा धारकों और अधिकांश कनाडाई यात्रियों को इस फॉर्म से छूट है। हाल ही में इमिग्रेशन नियमों में कड़ी निगरानी के तहत यह सलाह जारी की गई है कि यात्री अपनी अनुमति अवधि का सख्ती से पालन करें। दो महीने पहले भी इसी तरह की एडवाइजरी जारी की गई थी। अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा हाल में 19 देशों के यात्रियों पर यात्रा प्रतिबंध लगाया गया है, जिसमें अफगानिस्तान और सीरिया जैसे देश शामिल हैं।

काठमांडू में विश्व ध्यान दिवस मनाया गया

काठमांडू। संयुक्त राष्ट्र की घोषणा के अनुरूप काठमांडू में विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से विश्व ध्यान दिवस मनाया गया। संयुक्त राष्ट्र ने 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस के रूप में घोषित किया था। पिछले वर्ष सात दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र ने आधिकारिक रूप से 21 दिसंबर को विश्व ध्यान दिवस घोषित किया था। उसी वर्ष सरकार की पहल पर टुंडिखेल में पहली बार इस दिवस का आयोजन किया गया था। इस वर्ष इसका आयोजन शिक्षा, विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा किया जा रहा है। इस क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों और साधकों ने नेपाल को विश्व की 'ध्यान राजधानी' के रूप में विकसित किए जाने पर जोर दिया है। विश्व ध्यान दिवस को मान्यता देने का प्रस्ताव पहली बार वर्ष 2014 में प्रस्तुत किया गया था। पिछले वर्ष 7 दिसंबर को संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा नेपाल सहित 18 देशों के समर्थन से प्रस्ताव पारित किए जाने के बाद इस दिवस को औपचारिक रूप से स्थापित किया गया।

गौ सेवा को भावनात्मक नहीं, नीतिगत और जनआंदोलन का विषय बनाया जाए : अजीत महापात्र

जयपुर,21 दिसंबर (एजेंसियां) । राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गौ सेवा प्रमुख अजीत महापात्र ने कहा कि वर्तमान समय में गौ सेवा को भावनात्मक नहीं, बल्कि नीतिगत, सामाजिक और व्यवहारिक आधार पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गौ संरक्षण केवल गोशालाओं तक सीमित न रहकर घर, मंदिर, कृषि और सरकारी नीतियों से जुड़ा विषय बनना चाहिए।

महापात्र रविवार को पाथेय कण संस्थान के नारद सभागार में आयोजित हस्तीमल जी स्मृति ईश्वर सृष्टि सम्मान एवं अमृतमयी गौ भारती ग्रंथ के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में गोभक्त, संत, मठ-मंदिर और गोशालाएं मौजूद हैं, इसके बावजूद देशी गोवंश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि गोशालाओं में देशी गोवंश और विदेशी नस्लों के पशुओं की स्पष्ट पहचान की जाए तथा उनके लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं हों। देशी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता देना सरकार का दायित्व है।उन्होंने कहा कि कृषि, दुग्ध उत्पादन और धार्मिक अनुष्ठानों में गौ आधारित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। रासायनिक उर्वरकों और कृत्रिम संसाधनों के स्थान पर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को

अपनाने से न केवल स्वास्थ्य बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी। उन्होंने पंचामृत, प्रसाद और धार्मिक उपयोग में शुद्ध गौ उत्पादों की आवश्यकता पर बल दिया।

महापात्र ने समाज से आह्वान किया कि गौ सेवा को जन आंदोलन का स्वरूप दिया जाए। उन्होंने कहा कि गौ सम्मान से जुड़े कार्यक्रमों के माध्यम से सरकार तक मांग-पत्र पहुंचाने की योजना बनाई जा रही है, ताकि नीतिगत स्तर पर ठोस निर्णय हो सकें। उन्होंने यह भी कहा कि गौ आधारित जीवनशैली अपनाने से देश की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी और आत्मनिर्भर भारत बनेगा।उन्होंने कहा कि गौ माता केवल धार्मिक आस्था का विषय नहीं, बल्कि स्वास्थ्य, कृषि, पर्यावरण और सामाजिक संतुलन से जुड़ा आधार स्तंभ है। समाज और सरकार, दोनों को मिलकर गौ संरक्षण के लिए दीर्घकालिक और प्रभावी कदम उठाने होंगे।

आयोजन समिति के अध्यक्ष प्रदीप शेखावत ने हस्तीमल जी के जीवन के प्रसंग सुनाते हुए कहा कि संघ के प्रचारक का जीवन पूर्ण समर्पण, अनुशासन और त्याग पर आधारित होता है। प्रचारक समाज के बीच रहकर स्वयं को पीछे रखता है और दूसरों को मार्गदर्शन देता है।

शेखावत ने कहा कि राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की कार्यपद्धति में प्रचारक संगठन की इच्छा और योजना को सर्वोपरि मानते हुए कार्य करता है। यह जीवन व्यक्तिगत इच्छाओं के त्याग और राष्ट्रहित को सर्वोच्च मानने की भावना से जुड़ा होता है। उन्होंने सरसंघचालक के विचारों का उल्लेख करते हुए कहा कि संघ कार्य का पहला आयाम संगठन को जीना है। प्रचारक का जीवन इसी विचारधारा का जीवंत उदाहरण है, जो समाज निर्माण और राष्ट्र सेवा में निरंतर प्रेरणा प्रदान करता है।इस अवसर पर निम्बार्काचार्य पीठाधीश्वर श्यामशरण देवाचार्य ने कहा कि गौ माता के बिना सनातन संस्कृति और सृष्टि की कल्पना संभव नहीं है। उन्होंने कहा कि आज के समय में गौ सेवा को केवल भावनात्मक नहीं, बल्कि व्यावहारिक और वैज्ञानिक दृष्टि से अपनाने की आवश्यकता है।

देवाचार्य ने कहा कि शास्त्रों के साथ-साथ आधुनिक विज्ञान भी गौ आधारित उत्पादों की उपयोगिता और स्वास्थ्यवर्धक गुणों को स्वीकार कर रहा है। भारतीय गोवंश और ए-2 दुग्ध की वैश्विक मांग इसका प्रमाण है। उन्होंने कहा कि महानगरों में रहने वाले लोग भी गौ संरक्षण, संवर्धन और जागरूकता के माध्यम से गौ सेवा में योगदान दे सकते हैं। उन्होंने गौ सेवा को राष्ट्र, समाज और पर्यावरण के कल्याण से जुड़ा विषय बताते हुए इसे जनआंदोलन बनाने का आह्वान किया।

इस अवसर पर सीकर के चंद्रमादास महाराज को हस्तीमल जी स्मृति ईश्वर सृष्टि सम्मान प्रदान किया गया। कार्यक्रम के आरंभ में ईश्वर सृष्टि के अध्यक्ष ने कमलेश पारीक 'कमल' ने ईश्वर सृष्टि प्रकल्प, अमृतमयी गो भारती ग्रंथ और नंदिनी गौ सेवा संवर्धन संस्थान के संबंध में विस्तार से जानकारी दी।

समारोह के अंत में आयोजन समिति के संयोजक पुष्कर उपाध्याय ने आभार ज्ञापित किया।

टीएमसी अब तबलीगी मरकज कारपोरेशन बन गई है बंगाल से खदेड़ने का वक्त आ गया : अजय आलोक

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां) । भाजपा प्रवक्ता अजय आलोक ने रविवार को आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी का उद्देश्य है कि पश्चिम बंगाल को बांग्लादेश जैसी स्थिति में ले जाया जाए। उन्होंने एक शब्द भी बांग्लादेश में हो रही हिंदुओं की हत्या को लेकर नहीं कहा। अजय आलोक ने तंज कसते हुए कहा कि टीएमसी अब आधिकारिक रूप से तबलीगी मरकज कारपोरेशन बन गई है। इन लोगों को अब खदेड़ने का वक्त आ गया है।

आईएएनएस के साथ बातचीत में भाजपा प्रवक्ता ने टीएमसी विधायक के मंदिर बनाने के दावे पर कहा कि वे जानबूझकर ड्रामा कर रहे हैं। मुस्लिम वोट जुटाना चाहते हैं। बांग्लादेश में हिंदुओं को मारा जा रहा है, लेकिन टीएमसी के एक नेता के मुंह से आवाज नहीं निकल रही है। बंगाल की जनता अब इन्हें समझ चुकी है और इसका जवाब मिलेगा।

तेलंगाना के मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयान 'सोनिया गांधी की वजह से आज हम यहां क्रिसमस मना रहे हैं' पर भाजपा के प्रवक्ता अजय आलोक ने कहा कि इस बयान से पूरे ईसाई समुदाय का अपमान किया गया है।

दिमाग से कुंठित ऐसे लोग कांग्रेस पार्टी में हैं, यही उसके पतन का कारण है।

मुख्यमंत्री रेवंत रेड्डी के बयान 'कर्नाटक के बाद अब तेलंगाना में भी नफरती भाषण के खिलाफ बनेगा कानून' पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि नफरती भाषण के खिलाफ कानून तो पहले से है, लेकिन वे खुद अपमानित करने वाले बयान देते रहे हैं। वे कानून बनाने से पहले खुद को जेल भेज दें।

केंद्र सरकार की जम्मू-कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला द्वारा सराहना करने पर उन्होंने कहा कि वे एक सुलझे हुए राजनीतिज्ञ हैं। सीएम पहले भी थे, आज भी हैं। जनता की भलाई के लिए केंद्र का सहयोग मिले तो अच्छी बात है।

पीएम मोदी के घुसपैठियों को लेकर कांग्रेस वोट बैंक वाले बयान पर अजय आलोक ने कहा कि बिल्कुल सही कहा है कि कांग्रेस की गलतियों को भाजपा की सरकार में सुधारा जा रहा है। देश प्रगति कर रहा है।

राहुल गांधी की विदेश यात्रा पर भाजपा प्रवक्ता ने कहा कि वे अमेरिका जाते हैं तो जॉर्ज सोरोस से मिलते हैं। जर्मनी गए तो उनकी टीम से मिल रहे हैं। विदेशों में बैठकर संवैधानिक संस्थाओं को बदनाम करते हैं।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव की अहीर रेजिमेंट की मांग पर भाजपा नेता ने कहा कि भारतीय सेना के साथ छेड़छाड़ नहीं की जानी चाहिए। राजनीतिज्ञों को इससे दूर रहना चाहिए। संघ और भाजपा की तुलना पर मोहन भागवत के बयान पर कहा कि संघ ने राष्ट्र के योगदान में भूमिका निभाई है। संघ राजनीतिक संगठन नहीं है, जिसे भाजपा से जोड़ा जाए।

दस आईपीएस अधिकारियों का होगा प्रमोशन, बनेंगे डीआईजी

लखनऊ,21 दिसंबर (एजेंसियां) । उत्तर प्रदेश में कई पुलिस कप्तानों समेत दस आईपीएस अधिकारियों की प्रमोशन का रास्ता साफ हो गया है। यह सभी आईपीएस अधिकारी 2012 बैच के अफसर हैं। विभागीय प्रोन्नति समिति की हाल ही में हुई उच्च स्तरीय बैठक में इन अधिकारियों को पुलिस उपमहानिरीक्षक रैंक पर प्रमोट करने पर मुहर लग गई है। इन अफसरों में गोरखपुर के एसएसपी राजकरन नैय्यर और मेरठ के एसएसपी विपिन टाडा भी शामिल हैं। इस फैसले के बाद अब जल्द ही शासन की ओर से इन अधिकारियों की नई नियुक्तियों और प्रमोशन के आधिकारिक आदेश जारी कर दिए जाएंगे। इससे कई जिलों के पुलिस कप्तान भी बदल जाएंगे। डीपीसी की बैठक में जिन प्रमुख नामों पर मुहर लगी है, उनमें वर्तमान में विभिन्न महत्वपूर्ण जिलों और इकाइयों की कमान संभाल रहे अधिकारी भी शामिल हैं।डीआईजी रैंक पर पदोन्नति मिलने के बाद इन अधिकारियों के कार्यक्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिल सकता है। डीआईजी बनने के बाद अधिकारियों को रेंज की कमान या मुख्यालय में महत्वपूर्ण पदों पर नई जिम्मेदारी दी जाती है। गोरखपुर, मेरठ और सहारनपुर जैसे बड़े जिलों में तैनात कप्तानों के प्रमोशन के बाद उन जिलों में नए एसएसपी की तैनाती की सुगबुगाहट भी तेज हो गई है।जिन अधिकारियों के नामों पर लगी मुहर,उनमें क्रमशः राज करन नैय्यर एसएसपी, गोरखपुर विपिन ताडा एसएसपी, मेरठ आशीष तिवारी एसएसपी सहारनपुर सुशील चंद्रभान एसएसपी एसटीएफ सोमेन वर्मा एसपी मिर्जापुर अभिषेक यादव एसपी पीलीभीत

संकल्प शर्मा एसपी लखीमपुर खीरी यमुना प्रसाद डीसीपी नोएडा हेमराज मीना डीजीपी मुख्यालय लखनऊ और संतोष कुमार मिश्रा डीजीपी मुख्यालय लखनऊ शामिल हैं।2012 बैच के इन अधिकारियों के नामों पर सहमति उनके ट्रैक रिकॉर्ड, सेवा की अवधि और लॉ एंड ऑर्डर को संभालने के शानदार प्रदर्शन के आधार पर दी गई है। डीजीपी ऑफिस में तैनात हेमराज मीना और संतोष कुमार मिश्रा जैसे अधिकारियों को भी इस सूची में जगह मिली है, जो लंबे समय से मुख्यालय स्तर पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।

मंडी में सांसद कंगना रनोट के नाम पर चंदा अभियान : युवा कांग्रेस का प्रदर्शन, केंद्र सरकार का पुतला फूंका

मंडी,21 दिसंबर (एजेंसियां) । हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस ने अपने 90 दिवसीय एजेंडे के तहत शनिवार को मंडी में सांसद कंगना रनोट के कथित बयानों के विरोध में प्रदर्शन किया। इस दौरान युवा कांग्रेस के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने सांसद कंगना रनोट के निजी खर्चों को पूरा करने के नाम पर चंदा एकत्रित किया और केंद्र सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। यह प्रदर्शन युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव एवं हिमाचल प्रदेश के सह प्रभारी ज्योतिष एचएम के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में जिला युवा कांग्रेस अध्यक्ष निखिल ठाकुर और प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रमणि कुलेठी भी मौजूद रहे। ज्योतिष एचएम ने बताया कि सांसद कंगना रनोट द्वारा हाल ही में दिए गए उस बयान के जवाब में यह चंदा अभियान शुरू किया गया है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सांसद के तौर पर मिलने वाले वेतन से उनके स्टाफ का खर्च भी पूरा नहीं हो पाता। कार्यक्रम के तहत युवा कांग्रेस ने मंडी शहर में रोष रैली भी निकाली। रैली के दौरान कार्यकर्ताओं ने केंद्र सरकार की नीतियों को जनविरोधी बताते हुए डीसी कार्यालय के बाहर केंद्र सरकार का पुतला दहन किया।

युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष चंद्रमणि कुलेठी ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के साथ भेदभाव कर रही है। उन्होंने कहा कि आपदा प्रभावितों को अब तक केंद्र से कोई ठोस मदद नहीं मिली है, जिससे प्रदेश के युवाओं में भारी रोष है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि केंद्र सरकार जनहित के मुद्दों पर चुप्पी साधे हुए है और योजनाओं के नाम बदलकर लोगों का ध्यान भटकाने का प्रयास कर रही है।

युवा कांग्रेस नेताओं ने मांग की कि केंद्र सरकार हिमाचल प्रदेश के हितों को नजरअंदाज करना बंद करे और आपदा प्रभावितों सहित आम जनता को तुरंत राहत प्रदान करे।

महंगी होगी शराब, पीने वालों की बढ़ी मुश्किले

आबकारी विभाग का नया प्रस्ताव तैयार

लखनऊ,21 दिसंबर (एजेंसियां) । उत्तर प्रदेश में एक अप्रैल से नई आबकारी नीति लागू होने जा रही है। यह नीति लागू होने से अंग्रजी शराब पीने वालों की मुश्किले बढ़ जाएंगी। आबकारी विभाग की नई नीति एक अप्रैल 2026 से लागू होगी। विभाग ने लाइसेंस शुल्क में दस प्रतिशत बढ़ोतरी का प्रस्ताव भेजा है। यह प्रस्ताव अगर लागू होता है तो क्वार्टर 20 रुपए, हाफ 50 रुपए और फुल बोतल 100 रुपए तक महंगी हो जाएंगी। यह नई नीति लागू होने से सरकार का राजस्व तो बढ़ेगा, लेकिन उपभोक्ताओं की अपनी जेब ढीली करनी पड़ेगी। उत्तर प्रदेश सरकार हर वित्तीय वर्ष में आबकारी नीति में संशोधन करती है। इसका उद्देश्य न केवल शराब के व्यवसाय को नियंत्रित करना, बल्कि राज्य के राजस्व को भी बढ़ाना होता है। इस बार आबकारी 2026 में लाइसेंस शुल्क में करीब दस प्रतिशत की वृद्धि का प्रस्ताव तैयार कर लिया गया है और इसे लखनऊ मुख्यालय से मंजूरी के लिए भेज भी दिया गया है। जानकारी के मुताबिक जनवरी में इस प्रस्ताव पर अंतिम मुहर भी लग जाएगी, जिसके बाद नई दरें लागू होंगी।

आजादी के 100 साल में कुल आबादी का 50 प्रतिशत हिस्सा शहरों में होगा : मनोहर लाल खट्टर

भोपाल,21 दिसंबर (एजेंसियां) । केंद्रीय आवासन एवं शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल ने शहरों के सुनियोजित विकास पर जोर देते हुए कहा है कि वर्ष 2047 में शहरों की आबादी कुल आबादी की 50 फीसदी हो जाएगी, इसलिए आजादी के सौ वर्ष के मद्देनजर विकास योजनाएं तैयार करें। मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के कुशाभाऊ इंटरनेशनल कन्वेंशन सेंटर में शहरी विकास मंत्रियों की क्षेत्रीय बैठक (उत्तरी एवं मध्य राज्य) को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा शहरों के विकास के लिए केंद्र सरकार से मिलने वाली बजट राशि का पूरा उपयोग समय पर किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने वर्ष 2047 तक विकसित और आत्मनिर्भर भारत की जो कल्पना की है, उसे तभी पूरा किया जा सकेगा, जब केंद्र और राज्य सरकार पूरे समन्वय के साथ कार्य करेंगी। केन्द्रीय शहरी मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि वर्ष 2047 तक भारत की शहरी आबादी अनुमान के मुताबिक कुल आबादी की 50 प्रतिशत तक हो जाएगी। जब हम इसे ध्यान में रखते हुए शहरी योजनाओं का क्रियान्वयन करेंगे, तभी विकसित और आत्मनिर्भर भारत बना सकेंगे। उन्होंने

कहा कि शहरी कार्य मंत्रालय ने योजनाओं के बेहतर क्रियान्वयन के लिए देश में क्षेत्रवार राज्यों की बैठक करने का निर्णय लिया है। हर राज्य की भौगोलिक स्थिति और परेशानियां अलग हैं। राज्यों के विकास के लिए केंद्र सरकार सपोर्टिंग सिस्टम के रूप में काम करती है; ठोस प्रयास तो राज्य सरकारों को ही करना होगा।

केंद्रीय शहरी मंत्री मनोहर लाल ने कहा कि क्षेत्रीय बैठक में प्रधानमंत्री आवास योजना, अमृत योजना, स्वच्छ भारत मिशन और शहरी परिवहन व्यवस्था पर मुख्य रूप से चर्चा की जा रही है। उन्होंने प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) में तैयार मकानों के आवंटन न होने पर चिंता प्रकट की।

राज्य सरकारों को यह प्रयास करना होगा कि जनता की वित्तीय हिस्सेदारी प्रभावी रूप से की जाए। मध्यप्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने बताया कि प्रदेश में नगरीय निकायों को आर्थिक और तकनीकी रूप से आत्मनिर्भर बनाया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि नर्मदा नदी के किनारे बसे शहरों में सीवरेज कार्य को प्राथमिकता दी गई है। राज्य सरकार ने संकल्प लिया है कि नर्मदा नदी में गंदा पानी न मिलाया जाए। बैठक में मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान और उत्तरप्रदेश के शहरी विकास मंत्री और राज्य मंत्री शामिल हुए।

विकसित भारत-जी राम जी बिल से रोजगार और इंफ्रास्ट्रक्चर दोनों को मिलेगा बढ़ावा : प्रह्लाद जोशी

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां) । केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद जोशी ने 'विकसित भारत-जी राम जी' बिल को लेकर कांग्रेस के आरोपों को पूरी तरह बेबुनियाद बताया है। मीडिया से बातचीत के दौरान उन्होंने कहा कि कांग्रेस और कुछ अन्य लोग यह गलत प्रचार कर रहे हैं कि यह बिल प्रगतिशील नहीं है और इससे ग्रामीण इलाकों में रोजगार के अवसर कम हो जाएंगे। यह दावा सरासर झूठ है। प्रह्लाद जोशी ने कहा कि 'विकसित भारत-जी राम जी' बिल का असली उद्देश्य ग्रामीण भारत को मजबूत बनाना है। यह योजना न केवल रोजगार के अवसर बढ़ाती है, बल्कि ग्रामीण बुनियादी ढांचे को भी बेहतर बनाएगी। इस बिल के तहत रोजगार के दिनों की संख्या 100 से बढ़ाकर 125 दिन कर दी गई है, जिससे गांवों में रहने वाले लोगों को ज्यादा काम और आय मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने यह भी कहा कि 125 दिनों का रोजगार मिलने से गांवों से शहरों की ओर होने वाला पलायन कम होगा। उन्होंने भरोसा दिलाया कि हर काम पर संबंधित अधिकारी

निगरानी रखेंगे, जिससे पारदर्शिता बनी रहे और योजनाओं का लाभ सही लोगों तक पहुंचे।

प्रह्लाद जोशी ने पूर्ववर्ती योजनाओं पर सवाल उठाते हुए कहा कि अब तक मनरेगा में दो लाख करोड़ रुपए से ज्यादा का निवेश हुआ, लेकिन इसके बावजूद ठोस बुनियादी ढांचा खड़ा नहीं हो पाया।

उन्होंने कहा कि मौजूदा सरकार की मंशा साफ है कि ग्रामीण इलाकों में मजबूत इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाए और लोगों को अपने गांवों में ही रोजगार उपलब्ध कराना ताकि उन्हें पलायन न करना पड़े।'विकसित भारत-जी राम जी' बिल के तहत हर ग्रामीण परिवार को कम से कम 125 दिन का काम दिया जाएगा। रोजगार राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के जरिए उपलब्ध कराया जाएगा। मजदूरी पर होने वाले खर्च में केंद्र और राज्य सरकार की हिस्सेदारी 60:40 के अनुपात में होगी। वहीं पूर्वोत्तर और हिमालयी राज्यों के लिए यह अनुपात 90:10 रखा गया है। बिना विधायिका वाले केंद्र शासित प्रदेशों में पूरी लागत केंद्र सरकार वहन करेगी।इसके अलावा, अगर कोई व्यक्ति काम मांगने के 15 दिनों के भीतर रोजगार नहीं पाता है, तो उसे भत्ता दिया जाएगा, जिसका पूरा खर्च सरकार उठाएगी। योजना में 60 दिन की 'नो वर्क' विंडो का भी प्रावधान किया गया है।

मान सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को मज़बूत करने की दिशा में उठाया बड़ा कदम

1,568 एएनएम और स्टाफ नर्स पदों की भर्ती को दी मंजूरी

चंडीगढ़,21 दिसंबर (एजेंसियां) । प्रदेश के स्वास्थ्य देखभाल ढांचे को मजबूत एवं बेहतर बनाने के उद्देश्य से महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए पंजाब के वित्त मंत्री एडवोकेट हरपाल सिंह चीमा ने घोषणा की कि वित्त विभाग ने राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एन.एच.एम.) के अंतर्गत ए.एन.एम. एवं स्टाफ नर्सों के 1,568 रिक्त पदों को भरने के लिए स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। भर्ती अभियान के बारे में अधिक जानकारी देते हुए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने बताया कि इस मंजूरी के तहत ए.एन.एम. के कुल 2,000 स्वीकृत पदों में से 729 रिक्त पदों एवं स्टाफ नर्सों की 1896 स्वीकृत पदों में से 839 रिक्त पदों को भरा जाएगा। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि प्रदेश सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है कि स्टाफ की कमी के कारण स्वास्थ्य देखभाल सेवाओं में कोई रुकावट न आए और इसलिए इन ठेका-आधारित पदों को भरने को प्राथमिकता दी गई है। इस पहल के प्रति मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली सरकार की वित्तीय प्रतिबद्धता का जिक्र करते हुए वित्त मंत्री चीमा ने कहा कि इन भर्तियों से वार्षिक कुल 48.88 करोड़ रुपये का वित्तीय प्रभाव पड़ने का अनुमान है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ए.एन.एम. पदों के लिए वार्षिक 18.98 करोड़ रुपये एवं स्टाफ नर्स के लिए 29.90 करोड़ रुपये का खर्च वहन करेगी। उन्होंने बताया कि स्वीकृत वेतन संरचना के तहत ए.एन.एम. के लिए 21,700 रुपये एवं स्टाफ नर्सों के लिए 29,700 रुपये प्रति माह वेतन निर्धारित किया गया है।

वित्त मंत्री चीमा ने आगे बताया कि योग्यता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए भर्ती प्रक्रिया बाबा फरीद यूनिवर्सिटी ऑफ हेल्थ साइंसेज, फरीदकोट द्वारा लिखित परीक्षा के माध्यम से करवाई जाने का प्रस्ताव है।

तमन्ना भाटिया ने 16 साल की उम्र में डेब्यू, आज बॉलीवुड और साउथ की टॉप एक्ट्रेस में शुमार

कातिलाना अदाएं, जबरदस्त अदाकारी और गजब का कॉन्फिडेंस... बॉलीवुड हो या साउथ इंडस्ट्री, हर जगह अपनी पहचान बनाने के लिए इन तीन चीजों की जरूरत पड़ती ही है। ऐसे में किसी ने शब्दों को सच कर दिखाया है तो वो हैं तमन्ना भाटिया। यूं तो इंडस्ट्री में हसीनाओं की कमी नहीं है, लेकिन तमन्ना ने बेहद कम समय में अपनी एक्टिंग, डांसिंग और बेमिसाल फैशन सेंस से सबका ध्यान अपनी ओर खींचा है। उन्होंने सिर्फ साउथ में ही नहीं, बल्कि बॉलीवुड में भी अपना सिक्का मनवाया है। तमन्ना का जन्म 21 दिसंबर 1989 को मुंबई में हुआ। बहुत कम उम्र में ही उन्होंने एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा। महज 16 साल की उम्र में उन्होंने अपनी पहली हिंदी फिल्म 'चांद सा रोशन चेहरा' से बॉलीवुड में डेब्यू किया। तमन्ना ने जल्द ही साउथ इंडस्ट्री की ओर रुख किया और वहां अपनी मेहनत और टैलेंट से खुद को साबित किया। तमिल और तेलुगु फिल्मों में उन्होंने कई हिट फिल्में दीं और जल्दी ही टॉप एक्ट्रेस बन गईं। 2013 में उन्होंने बॉलीवुड में 'हिम्मतवाला' से वापसी की। तमन्ना की खूबसूरती, अदाएं और स्टाइल हर किसी के दिल को छू जाती हैं। आज की रात', 'नशा' और 'पिया के बाजार' जैसे आइटम सॉन्स में उन्होंने अपने शानदार डांस मूव्स से दर्शकों को दीवाना बना दिया। इसके अलावा, वह 'बाहुबली' और 'बाहुबली 2' जैसी ब्लॉकबस्टर फिल्मों में भी नजर आ चुकी हैं, जिनमें उनकी एक्टिंग और प्रेजेंस ने सबका ध्यान खींचा। ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर भी तमन्ना ने अपनी छाप छोड़ी। 'जी करदा' और 'आखिरी सच' जैसी वेब सीरीज में उनकी एक्टिंग को काफी सराहा गया। इन दोनों सीरीज के लिए उन्हें बॉलीवुड हंगामा ओटीटी इंडिया फेस्ट में 'बेस्ट फीमेल एक्टर ऑफ द ईयर' का अवॉर्ड भी मिला।

तमन्ना ने 13 साल की उम्र में ही एक्टिंग और थिएटर की पढ़ाई शुरू कर दी थी। उन्होंने पृथ्वी थिएटर में मंचीय अभिनय सीखा, जिससे उन्हें भावनाओं को दर्शकों तक पहुंचाना आता है। यही मेहनत और लगन उन्हें आज बॉलीवुड और साउथ में खास पहचान दिलाती है। साउथ से लेकर बॉलीवुड तक अपनी एक्टिंग, डांस और फैशन से तहलका मचाने वाली तमन्ना भाटिया ने साबित कर दिया है कि ग्लैमर और टैलेंट दोनों साथ-साथ हो सकते हैं। उनकी अदाएं, उनका आत्मविश्वास और उनका स्टाइल हर किसी के दिल में बस गया है।

आदाह शर्मा बनीं 'यूथ फॉर चेंज भारत से नो टू ड्रग्स' अभियान की चेहरा

अभिनेत्री आदाह शर्मा को यूथ फॉर चेंज भारत - से नो टू ड्रग्स अभियान का चेहरा घोषित किया गया है। यह एक राष्ट्रव्यापी पहल है, जिसका उद्देश्य युवाओं को नशे से दूर रहने और स्वस्थ व सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना है। इस अभियान की शुरुआत इंदौर से हुई, जिसने युवाओं की ऊर्जा और सांस्कृतिक जुड़ाव से प्रेरित एक सशक्त आंदोलन की नींव रखी। अभियान के लिए आदाह शर्मा का चयन एक स्वाभाविक निर्णय माना जा रहा है। वर्षों से उन्होंने विभिन्न फिल्मी शैलियों में काम कर युवा दर्शकों के साथ एक मजबूत रिश्ता बनाया है। द केरल स्टोरी जैसी गंभीर फिल्मों से लेकर 1920 फ्रेंचाइज़ी में उनकी लोकप्रिय भूमिका, सनफ्लावर और कमांडो में उनके अलग अंदाज़ और रीता सान्याल में कॉमेडी तक-आदाह ने अपनी बेहतरीन बहुमुखी प्रतिभा साबित की है। चाहे तीव्र ड्रामा हो, हॉरर या हल्का-फुल्का मनोरंजन, उनकी परफॉर्मेंस हमेशा दर्शकों के दिल को छू जाती है। अभियान को लेकर अपनी खुशी जाहिर करते हुए आदाह ने कहा,मुझे इस अभियान का चेहरा चुने जाने पर बहुत खुशी है। हमने इसकी शुरुआत इंदौर, मध्य प्रदेश से की। हम यह संदेश फैलाना चाहते हैं कि असली मज़ा पैकेट या गोलियों में नहीं होता, बल्कि सबसे बेहतरीन 'हाई' नशे से दूर रहकर ज़िंदगी को पूरी तरह महसूस करने में है। ढोल बजाना बिल्कुल अचानक हुआ और मुझे बहुत मज़ा आया। लॉन्च इवेंट का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें आदाह एक स्थानीय बैंड के साथ ढोल बजाती नजर आ रही हैं। यह पल पूरी तरह सहज, ऊर्जावान और स्थानीय संस्कृति से जुड़ा हुआ था-जो आज के युवाओं को खासतौर पर आकर्षित करता है। यह वीडियो रेड कार्पेट और फिल्मी सेट से अलग, आम लोगों के बीच आदाह की सहज कनेक्ट को खूबसूरती से दर्शाता है। आदाह जो भी करती हैं, वह असली और भरोसेमंद लगता है-कृत्रिम नहीं। यही सच्चापन युवाओं के साथ उनके मजबूत जुड़ाव का कारण है और यही वजह है कि अभियान के आयोजकों ने उन्हें इस पहल का चेहरा बनाया। आदाह आज के युवाओं की वह आवाज़ हैं, जिस पर वे भरोसा करते हैं और जिसे वे सुनना चाहते हैं। सांस्कृतिक अभिव्यक्ति, प्रामाणिकता और सामाजिक जिम्मेदारी के मेल के साथ वह यूथ फॉर चेंज भारत की भावना को पूरी तरह दर्शाती हैं। आदाह शर्मा के नेतृत्व में से नो टू ड्रग्स अभियान का लक्ष्य युवाओं को नशे के बजाय जागरूकता, रचनात्मकता और आत्म-अभिव्यक्ति की ओर प्रेरित करना है-यह साबित करते हुए कि सकारात्मक बदलाव न केवल प्रभावशाली हो सकता है, बल्कि प्रेरणादायक और उत्सवपूर्ण भी।

धक-धक गर्ल की मुस्कान का जादू, गुलाबी लहंगे में माधुरी दीक्षित ने ढाया कहर

बॉलीवुड की धक धक गर्ल अभिनेत्री माधुरी दीक्षित की दीवानगी फैंस के दिलों में आज भी बरकरार है। अभिनेत्री भी अक्सर सोशल मीडिया पर पोस्ट शेयर करती रहती हैं। उन्होंने शनिवार को कुछ ऐसा ही करते हुए एक पोस्ट शेयर की। अभिनेत्री ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ मनमोहक तस्वीरें शेयर कीं, जिसे देख फैंस उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं। अभिनेत्री ने गुलाबी रंग का इंडो-वेस्टर्न स्टाइल का बेहतरीन लहंगा और टॉप पहना हुआ है। वहीं, ड्रेस को परफेक्ट एक्सेसरीज के साथ कैरी किया है। कानों में बड़े-बड़े झुमके, जिनमें गुलाबी टच है और सिंपल मेकअप उनकी सुंदरता को और भी निखार रहा है। सिंपल लेकिन क्लासी मेकअप में उनकी मुस्कान सबको मोहित कर रही है। उन्होंने पोस्ट कर कैप्शन में लिखा, शाम गुलाबी। अभिनेत्री के पोस्ट करने के बाद फैंस के लाइक्स और कमेंट्स की बाढ़ आ गई। यूजर्स उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वे उन्हें तेजाब गर्ल और धक धक क्वीन शब्दों से सराह रहे हैं। लंबे करियर में अभिनेत्री ने कई सुपरहिट फिल्मों में काम किया है और आज भी वे उतनी ग्लैमरस और एनर्जेटिक हैं।

इन दिनों वे थ्रिलर वेब सीरीज 'मिसेज देशपांडे' को लेकर सुर्खियों में हैं। यह सीरीज ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर स्ट्रीम हो चुकी है, लेकिन दिलचस्प बात यह है कि अभिनेत्री इस बार निगेटिव रोल में नजर आई हैं, क्योंकि अब तक फिल्मों में उन्हें रोमांटिक और कॉमेडी रोल करते हुए देखा गया है। हालांकि, उनकी साल 2022 में आई ओटीटी डेब्यू सीरीज 'द फेम गेम' में उनकी भूमिका थोड़ी निगेटिव थी, लेकिन इस बार उन्होंने इस किरदार के जरिए सबके दिलों पर छाप छोड़ी है। सीरीज की कहानी मिसेज देशपांडे के ईर्द-गिर्द घूमती है। सीरीज में अभिनेत्री हैदराबाद की सेंट्रल जेल में बंद है। मौजूदा हत्याओं को कॉपीकैट अपराध मानते हुए पुलिस उसे जांच में शामिल करती है। बाहर से सहयोग करती दिखने वाली मिसेज देशपांडे के इरादे पूरे समय संदेह के घेरे में रहते हैं।

कैंसर मतलब जिंदगी खत्म नहीं

सबा के शो में हिना खान ने बताया मुश्किल दौर का अनुभव

टीवी एक्ट्रेस हिना खान ने अपने किरदारों से लाखों लोगों का दिल जीता है और आज भी रियलिटी शो कर फैंस को एंटरटेन कर रही हैं। साल 2024 अभिनेत्री के लिए मुश्किलों भरा रहा था, क्योंकि उन्होंने इसी साल स्टेज-3 के ब्रेस्ट कैंसर की जानकारी सोशल मीडिया के जरिए फैंस को दी थी। बीमारी का पता चलने से लेकर इलाज में होने वाली परेशानियों का सामना उन्होंने पूरी हिम्मत और धैर्य के साथ किया। अब उन्होंने अपने कैंसर जर्नी के बारे में सबा पटौदी के शो 'ऑल अबाउट हर' में खुलकर बात की और अपने दर्द को साझा किया। सबा पटौदी ने अपने शो 'ऑल अबाउट हर' का नया वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर किया है, जिसमें वे हिना खान के साथ दिख रही हैं। हिना खान ने पहली बार किसी पॉडकास्ट पर अपनी बीमारी और उसमें होने वाली तकलीफों पर खुलकर बात की है।

वीडियो में हिना खान कहती हैं कि 1 साल तक बहुत सारे स्कैन हुए और समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। कीमो-थेरेपी पर बात करते हुए उन्होंने कहा कि ये बहुत दर्दनाक एक्सपीरियंस था, जिसे शब्दों में कह पाना मुश्किल है। उन्होंने आगे कहा कि लोगों के मन में डर है कि अगर कैंसर है तो जिंदगी खत्म है, लेकिन ऐसा नहीं है। कैंसर को हराया जा सकता है। अगर कैंसर को पूरी तरह खत्म नहीं किया जा सकता तो मैनेज करेंगे, लेकिन जिंदगी को जरूर जीएंगे।

सबा पटौदी ने अपने शो 'ऑल अबाउट हर' में एक डॉक्टर के साथ कैंसर के हर बारीक पहलू पर बात की। अभिनेत्री ने कैप्शन में लिखा, कुछ कहानी हिम्मत के लिए बताई जाती हैं और हिना खान की कहानी उन्हीं हिम्मत भरी कहानियों में से एक है। हिना की कहानी सिर्फ मजबूती की नहीं, बल्कि दरियादिली की भी है।

हिना खान ने सोशल मीडिया पर अपने ट्रीटमेंट की सारी जर्नी को शेयर किया है।

आज भी वे अपने परिवार की ताकत और प्यार की वजह से कैंसर से लड़ रही हैं। कैंसर की लड़ाई में भी उन्होंने अपने करियर पर फुलस्टॉप नहीं लगने दिया। अभिनेत्री आज भी रियलिटी शोज का हिस्सा बन रही हैं।

बिना आरडीएक्स के वेलकम अधूरी फिल्म के 18 साल पूरे होने पर अनिल कपूर ने किया फिरोज खान को याद

बॉलीवुड की यादगार कॉमेडी फिल्मों में शामिल 'वेलकम' जैसी फिल्म को आज तक याद किया जाता है। मल्टीस्टार कास्ट से सजी इस फिल्म की खासियत यह रही कि हर किरदार ने अपनी अलग पहचान बनाई और अपनी अदाकारी से दर्शकों के दिलों में जगह बना ली। चाहे 'मेरी एक टांग नकली है, मैं हॉकी का बहुत बड़ा खिलाड़ी था' जैसे डायलॉग से हंसी बटोरने वाले मुश्ताक खान हों या फिर 'देखो वो जिंदा है' कहकर याद रह जाने वाली सुप्रिया कार्निक, फिल्म का हर किरदार आज भी लोगों को याद है। अब जब इस कॉमेडी क्लासिक के 18 साल पूरे हो चुके हैं, तो अभिनेता अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़े अपने पुराने साथी और दिवंगत अभिनेता-निर्माता फिरोज खान को याद करते हुए उनसे जुड़ी यादों को साझा किया है। वेलकम फिल्म के 18 साल होने पर अनिल कपूर ने फिल्म से जुड़ी पुरानी यादों को ताजा किया है और फिल्म के सुपरहिट होने का श्रेय भी दिवंगत फिरोज खान को दिया है। अभिनेता ने फिल्म की पुरानी फोटोज को शेयर कर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, वेलकम के 8 साल। यह फिरोज खान साहब के लिए है। आरडीएक्स के बिना 'वेलकम' अधूरी थी, ठीक वैसे ही जैसे मोगैम्बो के बिना 'मिस्टर इंडिया' अधूरा थी। दोनों की जगह कोई नहीं ले सकता। उन्होंने आगे लिखा, मुझे स्क्रिप्ट सुनते समय याद है, मैं सोच रहा था कि यह कैसी बनेगी। पिक्चर यहीं रुक जाती है, बैठ जाती है।

अनीस भाई ने कहा, 'चिंता मत करो, फिरोज साहब पिक्चर संभाल लेंगे,' और उन्होंने ऐसा ही किया। आरडीएक्स ने फिल्म को ऊपर उठा दिया। यह फिल्म, उनका किरदार, पागलपन, और जादू सब उनकी वजह से है। बता दें कि फिल्म में फिरोज खान ने गैंग के लीडर आरडीएक्स का रोल प्ले किया है, जिसके अंडर मंजनू भाई (अनिल कपूर) और उदय शेट्टी (नाना पाटेकर) काम करते थे।

फिल्म में फिरोज खान, अनिल कपूर और नाना पाटेकर की एक्टिंग कमाल थी। फिरोज खान का डायलॉग ये राज भी उन्हीं के साथ चला गया आज भी मीम्स और लोगों की जुबान पर जिंदा है। ये फिल्म उनकी आखिरी फिल्म थी, जिसके बाद साल 2009 में उनका निधन हो गया था। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो फिल्म का बजट लगभग 32 करोड़ था, लेकिन फिल्म ने सौ करोड़ के क्लब में शामिल होकर लगभग 119 करोड़ की कमाई की।

बुध गोचर धनु राशि में, ग्रहों की चौकड़ी से धनु समेत अन्य राशियों को मिलेगा धन लाभ

बुध गोचर धनु राशि में होने से ग्रहों का अद्भुत संयोग बन रहा है। ग्रहों के राजकुमार 29 दिसंबर 2025, सोमवार को वृश्चिक राशि से निकलकर गुरु की राशि धनु में प्रवेश करेंगे। यह गोचर सुबह 7 बजकर 27 मिनट पर होगा और अगले साल 17 जनवरी तय बुध यहीं रहेंगे। सूर्य, मंगल और शुक्र पहले से ही धनु राशि में विराजमान है। ऐसे में चार ग्रहों की युति से चतुर्ग्रही योग बनेगा, ऐसे में धनु समेत चार राशियों के लिए चौतरफा लाभ का संयोग बनेगा। ग्रहों का ये संयोग कुछ विशेष राशियों के जातकों को धन लाभ और करियर में सफलता दिलाएंगे, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी और मान-सम्मान भी बढ़ेगा।

मेष राशि पर बुध गोचर का प्रभाव

साल 2025 का अंतिम गोचर मेष राशि के नौवें भाव में होगा। इससे जातकों को शिक्षा, यात्रा और आध्यात्मिक उन्नति के नए अवसर मिलेंगे। इस अवधि में आपकी रुचि नए विषयों की ओर बढ़ सकती है। लंबी दूरी की यात्राएं लाभदायक साबित होंगी। हालांकि, आपको वरिष्ठों के साथ अनावश्यक वाद-विवाद से बचकर रहना होगा। आपका दृढ़ निश्चय और समय पर लिए गए फैसले वर्तमान चुनौतियों से बाहर निकलने में सहायक होंगे। इसके साथ ही आपको प्रियजनों का समर्थन भी प्राप्त होगा। आपके लिए बेहतर होगा कि संतुलित आहार लें और नियमित व्यायाम को दिनचर्या में शामिल करें।

सिंह राशि पर बुध गोचर का प्रभाव

बुध का गोचर सिंह राशि के पंचम भाव में हो रहा है। इस दौरान रचनात्मकता, बौद्धिक क्षमता और रोमांटिक जीवन में सकारात्मक वृद्धि देखने को मिलेगी। आप दूसरों के आगे अपने विचारों को प्रभावशाली ढंग से रख पाएंगे। लेकिन बातचीत में संतुलन बनाए रखना आवश्यक होगा। अनुशासन और निरंतर अभ्यास से छात्रों को शैक्षणिक क्षेत्र में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त हो सकती है। वहीं, जीवनसाथी के साथ रिश्तों में चली आ रही गलतफहमियां भी दूर हो जाएंगी। इससे आपका मानसिक तनाव कम होगा और दांपत्य जीवन में मधुरता आएगी। आपकी मेहनत से आपकी पेशेवर छवि मजबूत होगी।

धनु राशि पर बुध गोचर का प्रभाव

बुध का गोचर धनु राशि के पहले भाव में होने से आपकी बौद्धिक क्षमता तेज होगी और वाणी में प्रभावशीलता आएगी। इस दौरान आत्मविश्वास में वृद्धि होगी, लेकिन बातचीत में कटु शब्दों से बचना आवश्यक रहेगा। यह समय लेखन और नए विचारों को आगे बढ़ाने के लिए अनुकूल है। कार्यक्षेत्र में आपका मिलकर काम करने का स्वभाव और सहकर्मियों के साथ अच्छे संबंध करियर में प्रगति और नए अवसर दिला सकते हैं। निजी जीवन में मित्रों और परिवार से भरपूर स्नेह मिलेगा। मतभेदों को आप समझदारी और धैर्य से सुलझा पाएंगे। इससे रिश्तों में भावनात्मक निकटता बढ़ेगी।

कुंभ राशि पर बुध गोचर का प्रभाव

धनु राशि में बुध का यह गोचर आपके लाभ और दीर्घकालिक लक्ष्यों से जुड़े ग्यारहवें भाव में होने वाला है। इस अवधि में आपकी नेटवर्किंग मजबूत होगी और मित्रों से अचानक सहयोग मिल सकता है। निवेश के मामलों में संतुलित दृष्टिकोण अपनाना लाभकारी रहेगा। कार्यक्षेत्र में निरंतर प्रगति के संकेत दिख रहे हैं। इसके साथ ही आर्थिक स्थिति में सुधार होगा और व्यावसायिक गतिविधियों से अप्रत्याशित लाभ की संभावना भी बन रही है। इससे पुराने कर्जों को चुकाने में मदद मिलेगी। नौकरीपेशा लोगों को वेतन वृद्धि, बोनस या पदोन्नति के अवसर मिल सकते हैं। पारिवारिक जीवन सुखद रहेगा और प्रियजनों के साथ बिताया गया समय रिश्तों को और मजबूत करेगा।

बलवान ग्रह बदल देते हैं सब कुछ, व्यक्ति का भाग्य, उसकी सोच, जीवनशैली

प्रत्येक ग्रह एक विशेष ऊर्जा का प्रतिनिधित्व करता है। जब कोई ग्रह जन्मकुंडली में मजबूत स्थिति में होता है, जैसे उच्च का हो, स्वग्रही हो या शुभ दृष्टि से युक्त हो, तो वह अपने सकारात्मक फल पूरी क्षमता के साथ देता है। बलवान ग्रह व्यक्ति के व्यक्तित्व, सोच, निर्णय क्षमता, संबंध, धन, स्वास्थ्य और आध्यात्मिक झुकाव तक को प्रभावित करते हैं।

सूर्य बलवान हो तो व्यक्ति आत्मविश्वासी होता है, व्यक्ति को पिता का सुख पूर्ण रूप से प्राप्त होता है तथा सरकारी नौकरी अथवा सरकार से लाभ प्राप्त होता है।

चंद्रमा बलवान हो तो मन में स्थिरता आती है। व्यक्ति भावनात्मक रूप से संतुलित रहता है, सोचने- समझने की क्षमता बढ़ती है और मानसिक सुकून मिलता है। ऐसी स्थिति में नींद भी गहरी और शांति देने वाली होती है।

मंगल बलवान होने पर व्यक्ति में पुरुषत्व, साहस और ऊर्जा का संचार होता है। खून में गर्मी, चेहरे पर लाली, आकर्षक और सुदृढ़ शरीर इसकी पहचान होती है। मंगल पापाक्रांत होने पर गुस्सा भी जल्दी आता है।

बुध बलवान होने पर चंचलता के साथ-साथ तीव्र बुद्धि और शानदार वाकपटुता मिलती है। ऐसा व्यक्ति तर्कशील, संवाद में निपुण और उम्र से अधिक युवा दिखने वाला होता है, इन पर बुढ़ापे का असर धीरे-धीरे होता है।

बृहस्पति मजबूत हो तो जीवन में ज्ञान, धर्म और सद्बुद्धि का विकास होता है। ऐसा व्यक्ति सम्पन्न कुटुंब, संतान सुख और आंतरिक शांति प्राप्त करता है। विपरीत परिस्थितियों से उबरने की अद्भुत क्षमता भी बृहस्पति प्रदान करता है।

शुक्र मजबूत हो तो जीवन में आकर्षण, सुंदरता, धन-वैभव और ऐशो-आराम की प्राप्ति होती है। कला, प्रेम और भौतिक सुखों में वृद्धि होती है।

शनि बलवान होने पर व्यक्ति अत्यंत अनुशासित बनता है। जीवन में जिम्मेदारियाँ जल्दी आती हैं, कार्यों में देरी होती है, परंतु लंबे संघर्ष के बाद स्थायी और बड़ा फल मिलता है।

राहु मजबूत हो तो तीक्ष्ण बुद्धि, चालाकी और अचानक धन प्राप्ति के योग बनते हैं। हालांकि छाया ग्रह राहु उतनी ही तेजी से उतार-चढ़ाव भी देता है।

* केतु बलवान होने पर व्यक्ति वैराग्य, एकांत और भक्ति के मार्ग की ओर अग्रसर होता है। गूढ़ ज्ञान और आध्यात्मिक अनुभव छाया ग्रह केतु की विशेष देन हैं।

* बलवान ग्रह व्यक्ति के जीवन को विशेष दिशा प्रदान करते हैं। ग्रहों की शक्ति को समझकर और संतुलित रखकर जीवन को अधिक सार्थक और संतुलित बनाया जा सकता है।

जीवन को सार्थक कैसे बनाया जाए...

जीवन के सभी अर्थ व परिभाषाएं अपूर्ण, सीमित व संकुचित हैं और जीवन के सम्पूर्ण पहलुओं पर दृष्टिपात नहीं करती है। वास्तव में जीवन का अर्थ बहुत व्यापक है। यह केवल सोचने, विचारने और मनोवृत्ति व परिस्थितियों के अनुकूल ढालने तक ही सीमित नहीं है। जीवन की वास्तविकता जन्म लेने और अन्त में मर जाने तक ही सीमित नहीं है। यह न केवल धन में और न गरीबी में, दुःख, रोग और कष्ट के विभिन्न रूपों में समझी जा सकती है बल्कि इसका चित्रण एक पक्षीय न कर, बहुपक्षीय करने पर भी पूर्ण नहीं होता है। अच्छा-बुरा इस जीवन में कुछ भी नहीं है। एक व्यक्ति जिसको अच्छा समझता है, दूसरा व्यक्ति उसी चीज को खराब समझता है।



यह सोचा जाए कि इस जीवन को कैसे सार्थक और सुफल किया जाए। जीवन कुछ कर दिखाने का अवसर प्रदान करता है। आपका प्रतिदिन ऐसा होना चाहिए जिसमें पूरे जीवन की झांकी प्रतिबिंबित हो। यह नहीं सोचना चाहिए कि हमको यहीं रहना है। जीवन के परम अर्थ या मृत्यु के बाद कहां जायेंगे यह भी इसी जीवन में सोचने का विषय है। पहले हम क्या थे और मृत्यु के बाद कहां जायेंगे इसका सोच-विचार और चिंतन भी इसी जीवन में करनी है।

जीवन का ध्येय 'मनसा वाचा कर्मणा' सबको सुख पहुंचाना होना चाहिए। असली जीवन अपने कर्तव्यों का सही ढंग से पालन करना है। हम केवल अधिकार व स्वतन्त्रता की मांग करते हैं, अपना कर्त्तव्य भूल जाते हैं। जीवन एक सुन्दर सपना नहीं बल्कि कार्यक्षेत्र व रणक्षेत्र है जहाँ ड्रामे के विभिन्न पात्र स्टेज पर अपना-अपना रोल प्रदर्शित कर चले जाते हैं। किसका रोल कैसा है और उसे कितनी सफलता मिली, वह दर्शक ही बता सकेंगे।

आदर्शवादिता को छोड़कर वास्तविकता ग्रहण करना ही असली जीवन है। जीवन एक चुनौती है, जिसे स्वीकार करो। जीवन न पूरा आशावादी है और न पूरा निराशावादी। उसके लिए कठोर साधना की आवश्यकता है। प्रत्येक व्यक्ति को अपना जीवन सफल बनाने हेतु स्वयं प्रयत्न करने की आवश्यकता है। महात्माजन के अनुसार जीवन तो प्रभु को पाने का एक साधन है। प्रभु को केवल इस नर शरीर में ही पा सकते हैं। यह मानव शरीर सम्पूर्ण ब्रह्माण्डीय रचना का एक अंश मात्र है। परमात्मा को पाने और आवागमन से मुक्ति हेतु की जाने वाली सारी साधना, जीवन का परम लक्ष्य और ध्येय है।

नववर्ष 2026 का राशिफल कैसा रहेगा

वृश्चिक राशि

डॉ. अनीष व्यास
भविष्यवक्ता और कुण्डली विश्लेषक
पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान,जयपुर-जोधपुर
मो.9460872809

पाल बालाजी ज्योतिष संस्थान जयपुर जोधपुर के निदेशक ज्योतिषाचार्य डा.अनीष व्यास ने बताया कि वृश्चिक राशि के लोगों के लिए साल 2026 बहुत महत्व-पूर्ण रहेगा। आपके जीवन में बहुत से ऐसे घटनाक्रम होंगे, जो आपके जीवन जीने के तरीके को बदल कर रख देंगे और आपको बहुत अंदर तक प्रभावित करेंगे। कुछ घटनाएं अचानक से आपको आश्चर्य में डाल सकती हैं, लेकिन उन गतिविधियों को समझने के लिए जिस बौद्धिक क्षमता की आवश्यकता होगी, वह धीरे-धीरे आपके अंदर विकसित होती जाएगी। पंचम भाव में शनि का गोचर आपके जीवन के विभिन्न क्षेत्रों को प्रभावित करेगा, वहीं चौथे भाव का राहु आपको मजबूत इरादे और हौसला प्रदान करेगा, लेकिन परिवार में संतुलन बढ़ाएगा। बृहस्पति साल की शुरुआत में आठवें घर में होकर आध्यात्मिक उन्नति देंगे, जिससे साल का प्रभाव मिला-जुला असर देने वाला होगा। आपको धार्मिक कामों, ट्रेवल, संतान से संबंधित मामलों पर ज्यादा प्रभाव देखने को मिल सकता है। इस साल शनि का प्रभाव पंचम भाव में शनि का प्रभाव में मौजूद मीन राशि में होने वाला है। इस समय आपके विचारों में शनि का असर देखने को मिलेगा वहीं प्रेम संबंधों, शिक्षा, क्रिएटिविटी, सबकॉन्शियस जैसी बातों पर शनिदेव असर डालेंगे। इसके अलावा गुरु आठवें घर में बैठ कर आपको आध्यात्मिक स्तर पर काफी गहरा असर देने वाला है, लेकिन यहां आर्थिक मसले और एजुकेशन का स्तर अपना अलग ही असर देने वाला होगा। राहु शुरुआती समय में चौथे भाव में कुंभ राशि में गोचरस्थ रहते हुए अपना असर डालेंगे। वहीं साल के अंत में राहु की स्थिति मकर में होने से बदलाव अलग होंगे। राशि स्वामी मंगल का प्रभाव अनुकूल रहेगा जो अच्छे परिणाम दे सकता है बस स्थिति तब कुछ कमजोर दिखाई देगी जब राशि स्वामी पाप ग्रहों के साथ प्रभावित होंगे। इसके अलावा शुक्र ग्रह की स्थिति वैवाहिक जीवन पर असर दिखाने वाली होगी तो बुध और सूर्य देव की स्थिति कर्म और लाभ के लिए जिम्मेदार होने वाली है। साल का प्रभाव मिले जुले असर दिखाने वाला होगा। कुछ काम बदलाव के लिए विशेष होंगे, बाहरी लोगों का सहयोग होगा लेकिन आंतरिक स्थिति उथल-पुथल दे सकती है। इसके बावजूद आपको अपने प्रयासों में सफलता भी प्राप्त होगी। राहु साल के आरंभ में कुंभ राशि के चतुर्थ भाव में रहेगा, जो पारिवारिक जीवन और घर से जुड़े मामलों पर प्रभाव डालने वाला है। इस दौरान घर में अशांति और तनाव का वातावरण बन सकता है। परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बनी रह सकती है। इसके अलावा, राहु के कारण घरेलू रिश्तों में भी कुछ उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। नवंबर के बाद राहु के गोचर में बदलाव आ सकता है, जिससे पारिवारिक जीवन में कुछ सुधार हो सकता है। राहु का मकर राशि के तृतीय भाव में गोचर भी महत्वपूर्ण है। यह आपके आत्मविश्वास और शारीरिक शक्ति को प्रभावित कर सकता है। इस दौरान आपको अपने कार्यों में कड़ी मेहनत और संघर्ष करने की आवश्यकता होगी। संचार और यात्रा के मामलों में भी कुछ कठिनाइयां आ सकती हैं।

कैरियर –वृश्चिक राशि वालों की नौकरी के लिए वर्ष 2026 मिलाजुला रहेगा। इस दौरान आपका ध्यान कभी-कभी भटक सकता है और ऐसे में, आप नौकरी में अपने लक्ष्यों को पूरा करने में चूक सकते हैं। इसके फलसवरूप, आपको कार्यक्षेत्र में मिलने वाले परिणाम औसत से कमज़ोर भी रह सकते हैं। बता दें कि अगर घर की समस्याएं घर तक ही सीमित रखेंगे और कार्यस्थल में नकारात्मक सोच वाले लोगों से बचेंगे, तो आप अपने लक्ष्यों को आसानी से पूरा कर लेंगे। आपको काम से ज्यादा बातों में समय बिताने वाले सहकर्मियों से दूर रहना होगा और मन लगाकर अपना काम करना होगा, तब ही आप राहु और शनि की नकारात्मकता से बचकर शुभ फल प्राप्त कर सकेंगे। ऐसा न करने की स्थिति में दशम भाव में बैठा केतु आपको वरिष्ठों की नजरों से गिराने का काम कर सकता है या फिर वरिष्ठ या बॉस आपसे नाखुश नज़र आ सकते हैं। हालांकि, गुरु ग्रह की स्थिति बीच-बीच में आपको सहयोग कर सकती है। वहीं, मंगल देव की स्थिति भी आपके लिए औसत रहेगी, लेकिन फिर भी आपको सावधानी बरतनी होगी। वृश्चिक राशिफल 2026 कहता है कि 16 जनवरी से लेकर 23 फरवरी और 11 मई से लेकर 21 जून की अवधि में आपको नौकरी के कुछ बेहतरीन अवसर मिल सकते हैं। वृश्चिक राशि के लोगों को साल 2026 में कामकाज की स्थिति अच्छा दिख रही है। आपको कुछ मौके मिलेंगे। काम की प्राप्ति होगी। कुछ नया स्टार्टअप शुरू करना चाहते हैं, तो उसमें भी आपको आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। नौकरी में प्रमोशन और गवर्नमेंट जॉब मिलने के योग बनेंगे। साल का पहला भाग आपके काम को लेकर सामान्य रहेगा। अष्टम भाव में गुरु का गोचर आपको कार्य करने में कुछ अड़चन उत्पन्न कर सकता है, जिससे वर्कप्लेस पर आपकी स्थिति उतार चढ़ाव से भरी रहेगी और जीवन में अनिश्चितता रहेगी। आप करियर को लेकर थोड़े आश्चर्यचकित रहेंगे, जिसका प्रभाव आपकी कार्यशैली पर भी पड़ेगा।

आर्थिक स्थिति –वर्ष के पहले भाग में पैसों को लेकर आप बजट बनाने से लेकर घर के खर्चों को लेकर ध्यान से काम कर सकते हैं। गुरु और शनि का एक साथ आपके धन भाव को देखना संपत्ति के मामले में सकारात्मक प्रभाव दे सकता है। इसके परिणामस्वरूप, आप अपने धन को सेव करने के लिए कोई नई पॉलिसी को भी अपना सकते हैं। घरेलू वस्तुओं के लिए खरीदारी में पैसा लगा सकते हैं। बच्चों की एजुकेशन हो या फिर किसी पुराने निवेश की स्थिति खर्च और लाभ दोनों का असर दिखाई देगा। इस समय आपको बचत करने में कोई खास समस्या नहीं आएगी। इस समय के दौरान वाहन, इलेक्ट्रॉनिक सामान, रहन सहन की चीजों इत्यादि में खर्च होगा। वहीं घर के किसी बड़े से कुछ लाभ भी मिल सकता है। कोई पुरानी संपत्ति या फिर कोई एंटीक ज्वेलरी या वस्तु मिल सकती है। यह समय आपके लिए अनुकूल हो सकता है, क्योंकि इस समय खरीदी गई वस्तुएं आपको भविष्य में लाभ प्रदान कर सकती हैं। साथ ही, यह समय निवेश के लिए भी अच्छा रहेगा। आपको घर, भूमी संपत्तियों से जुड़े लाभ मिल सकते हैं और वाहन की खरीदारी या उसके सुधार से भी सुख-सुविधाओं का आनंद लिया जा सकता है। आप घर की खुशी के लिए और वाहन, संपत्ति, रहन-सहन से जुड़ी चीजों पर खर्च करेंगे। यह खर्च खुलकर होगा और घर के किसी बड़े सदस्य से भी आपको लाभ मिल सकता है। आपको कोई पुरानी एंटीक ज्वेलरी भी मिल सकती है। साल के बीच में आर्थिक जीवन ठीक-ठाक रहेगा। आपको अपने कामों को करने के लिए किसी प्रकार के भी धन की कमी महसूस नहीं होगी। आपकी कर्ज उतरेंगे और बैंक लोन है, तो वह भी धीरे-धीरे समाप्त होने लगेंगे। जून से अक्टूबर के बीच बृहस्पति का नवम भाव में होना आपके लिए ज्यादा फायदेमंद साबित होगा और आपकी आर्थिक क्षमता को बढ़ाएगा। राहु केतु के प्रभाव से अचानक से घर के सदस्य की सेहत पर खर्च करना पड़ सकता है। संपत्ति खरीदने से भी धन खर्च की स्थिति बनेगी, लेकिन आर्थिक स्थिति में सुधार आता रहेगा, जिससे कि यह साल आर्थिक तौर पर आपको खुशी देकर जाएगा।

परिवार –वृश्चिक राशि के जातकों का पारिवारिक जीवन वर्ष 2026 में अनुकूल रह सकता है। हालांकि, आपको परिवार के सदस्यों के साथ रिश्तों को लेकर जागरूक रहना होगा। वहीं, दूसरे भाव पर शनि ग्रह की दृष्टि परिवार में छोटे-मोटे विवादों को जन्म दे सकती है और कभी-कभी सदस्य बेवजह रूठ सकते हैं। ऐसे में, आपको अपनी गलती न होते हुए भी सामने वाले को मनाने की कोशिश करनी होगी क्योंकि इसे ही समझदारी कहा जाएगा जिसका समर्थन देवगुरु बृहस्पति करेंगे। जब बृहस्पति देव दूसरे भाव के स्वामी के रूप में साल की शुरुआत से लेकर 02 जून तक आपके दूसरे भाव को देखेंगे, तब आप समझदार बनकर परिवार में चल रही समस्याओं को दूर करने में सक्षम होंगे। इस अवधि में परिवार में कोई बड़ी समस्या नहीं आएगी और पारिवारिक जीवन में अनुकूलता बनी रहेगी। बता दें कि 31 अक्टूबर के बाद गुरु ग्रह अपनी पंचम दृष्टि से आपके दूसरे भाव को देखेंगे, उस समय अगर आप सावधानी बरतेंगे तो घर-परिवार की समस्याओं का अंत हो सकेगा। सरल शब्दों में, इस साल पारिवारिक जीवन में समस्या आएगी, लेकिन कोई बड़ी परेशानी नहीं आएगी। गृहस्थ जीवन की बात करें तो, यह वर्ष थोड़ा कमज़ोर रह सकता है। विशेष रूप से साल की शुरुआत से लेकर 5 दिसंबर तक राहु ग्रह की चतुर्थ भाव में उपस्थिति गृहस्थ जीवन में कोई न कोई समस्या बने रहने की तरफ संकेत कर रही है। हालांकि, जनवरी से 02 जून के दौरान गुरु ग्रह की नवम दृष्टि चतुर्थ भाव पर होगी। ऐसे में, यह गृहस्थ जीवन की समस्याओं को नियंत्रित करने का काम करेंगे। वृश्चिक राशिफल 2026 के अनुसार, 02 जून से 31 अक्टूबर के बीच बृहस्पति का संबंध चतुर्थ भाव से प्रत्यक्ष रूप से नहीं होगा, परंतु समझदारी से काम लेने पर आप गृहस्थी से जुड़ी समस्याओं को हल कर लेंगे।साथ ही, आपकी साथी से बहस भी हो सकती है। हालांकि, शनि की तीसरी दृष्टि सप्तम भाव पर होने से आपके रिश्ते में कभी-कभी बेरुखी देखने को मिल सकती है। हालांकि, गुरु ग्रह काफ़ी हद तक आपका सहयोग करना चाह रहे हैं और ऐसे में, यह रिश्ते से समस्याओं को दूर करेंगे। इस अवधि में समस्याएं आएंगी भी और दूर भी हो जाएंगी। वृश्चिक राशि वाले वैवाहिक जीवन में प्रयत्न करके विवादों को टालने और विवाद को बढ़ने से भी रोकने में सक्षम होंगे। कुल मिलाकर, कुछ सावधानियों को अपनाकर आप वैवाहिक जीवन को संतुलित बनाए रख सकेंगे।

प्रेम – रोमांस – लव लाइफ के लिए वृश्चिक राशि के लोगों को साल की शुरुआत में बहुत सावधानी रखनी होगी। शनि का प्रभाव पांचवे घर पर और राहु का प्रभाव चौथे घर पर होने से परिवार के लोगों का इंटरफेयर आपके रिलेशनशिप में ज्यादा होगा, जो बार-बार आपको परेशान करेगा। शनि के प्रभाव से और बृहस्पति के आठवें भाव में होने के कारण जीवन में अचानक से कुछ बड़ी घटनाएं घटित होगी। जो आपके रिलेशनशिप को प्रभावित कर सकती हैं। ऐसे में हिम्मत से काम लेना होगा और अपनी डूबती नैया को बचाने के लिए आपको अपने प्रियजन से सब कुछ साफ-साफ कहना और सुनना होगा। अक्टूबर से दिसंबर के बीच बृहस्पति के प्रभाव से लव मैरिज के योग बनेंगे और लव लाइफ में खुशियां लौट आएंगी। भाग्य भाव पांचवें से पांचवें भाव होता है। ज्योतिष के एक सूत्र भावात भावम के अनुसार भाग्य भाव भी प्रेम संबंधों को दर्शाता है। इसके फलस्वरूप, 02 जून से 31 अक्टूबर तक का समय प्रेम जीवन में उत्पन्न समस्याओं को दूर करने का काम करेगा। बस ध्यान रखें कि आपका प्रेम सच्चा हो, अन्यथा पंचम भाव में बैठे शनि रिश्ते को तोड़ सकते हैं और उस समय गुरु देव भी आपकी मदद नहीं कर पाएंगे। वहीं, 31 अक्टूबर के बाद नौकरी में व्यस्त होने या अन्य कारणों से साथी के लिए समय निकालना आपके लिए मुश्किल होगा। दूसरी तरफ, साल की शुरुआत से लेकर 02 जून तक आपको प्रेम जीवन में सावधानी बरतनी होगी। इस प्रकार, इस पूरे वर्ष में ही आपको प्रेम संबंधों को प्यार से संभालना होगा। साल की शुरुआत से 2 जून तक का समय प्रेम जीवन के लिए कमज़ोर रहेगा। लेकिन इसके बाद, 02 जून से 31 अक्टूबर की अवधि अच्छी रहेगी और फिर 31 अक्टूबर से साल के अंत का समय औसत रहेगी। हालांकि, इन जातकों को प्रेम जीवन में मिलने वाले परिणाम आपके प्रयत्नों, कर्मों, निष्ठा, प्रेम और पवित्रता पर निर्भर करेंगे। वृश्चिक राशि वालों का प्रेम जीवन वर्ष 2026 में सकारात्मक रहेगा, विशेषकर कुछ ख़ास परिस्थितियों में शुभ रह सकता है। लेकिन, प्रेम जीवन में रिश्ते को लेकर जरा सी लापरवाही परिणामों को कमज़ोर कर सकती है। बता दें कि पंचम भाव में शनि देव पूरे वर्ष रहेंगे जो संकेत कर रहे हैं कि सच्चा प्रेम करने वाले लोगों की शनि देव सहायता करेंगे। वहीं, जो लोग रिश्ते को लेकर गंभीर नहीं हैं, उनके रिश्ते में शनि ग्रह समस्या पैदा करके टूटने की कगार पर ले सकते हैं। हालांकि, पंचम भाव के स्वामी बृहस्पति देव की स्थिति साल 2026 में 5-6 महीने अनुकूल रहेगी। यह 02 जून से 31 अक्टूबर की अवधि में उच्च अवस्था में भाग्य भाव में रहेंगे।

शिक्षा– शिक्षा की दृष्टि से वर्ष 2026 वृश्चिक राशि के जातकों के लिए औसत रहेगा। हालांकि, आपको मिलने वाले परिणाम कभी-कभी कमज़ोर रह सकते हैं क्योंकि इस साल आपका स्वास्थ्य नाज़ुक रहने की आशंका है। ऐसे में, आपका खराब स्वास्थ्य आपकी शिक्षा को नकारात्मक रूप से प्रभावित कर सकता है। लेकिन, आपकी सेहत ठीकठाक रहने पर आप पढ़ाई में औसत नतीजे प्राप्त कर सकेंगे। बता दें कि चतुर्थ भाव में राहु महाराज की उपस्थिति शिक्षा में ध्यान केंद्रित करने में समस्याएं पैदा कर सकती हैं। वहीं, पंचम भाव में शनि ग्रह मौजूद होंगे और ऐसे में, आपको पढ़ाई में मित्रों और साथियों का कोई ख़ास सहयोग नहीं मिलने की संभावना है। इस दौरान आप अपनी बुद्धि के दम पर या तो पढ़ाई में आगे निकल जाएंगे या फिर आपको सब्जेक्ट पर अपनी पकड़ बनाने में थोड़ा समय लग सकता है जिसके चलते आप पढ़ाई में पिछड़ सकते हैं। हालांकि, साल की शुरुआत से लेकर 02 जून तक उच्च शिक्षा के कारक ग्रह आपके आठवें भाव में रहेंगे और ऐसे में, यह अवधि शोध से जुड़े विद्यार्थियों के लिए अच्छी रहेगी। वहीं, 02 जून से लेकर 31 अक्टूबर के बीच बृहस्पति अनुकूल स्थिति में होंगे जो कि वृश्चिक राशि के सभी छात्रों को शुभ फल प्रदान करेंगे। इसी क्रम में, 31 अक्टूबर के बाद का समय पेशेवर शिक्षा हासिल कर रहे छात्रों के लिए उत्तम रहेगा। इस वर्ष बुध देव भी ज्यादातर समय आपके पक्ष में रहेंगे यानी कि बुध आपको शिक्षा के मामले में बेहतर परिणाम दे सकते हैं। इन परिस्थितियों में उन छात्रों को सफलता मिल सकती है जो लगातार मेहनत करेंगे। ऐसे में, आपको इस वर्ष मन लगाकर और सकारात्मक वातावरण में पढ़ाई करनी होगी। साथ ही, शिक्षा में आपको किसी का साथ मिले या न मिले, पर आपको अपने सब्जेक्ट पर पूरा ध्यान देना होगा, तब ही आप सफलता प्राप्त करने में सक्षम होंगे। टेक्निकल फील्ड के लोगों के लिए यह समय अवधि बहुत ज्यादा अनुकूल रहेगी और जो स्टूडेंट इस फील्ड में पढ़ाई करेंगे, उन्हें भी जॉब आसानी से मिल जाएगी। बृहस्पति के गोचर के बाद, आपके बच्चों में उच्च शिक्षा के प्रति रुचि और अधिक बढ़ेगी। वे अपनी बुद्धि और समझदारी का परिचय देंगे और शिक्षा के क्षेत्र में अच्छे परिणाम प्राप्त करेंगे। अगर आपके बच्चे कोई प्रतियोगी परीक्षा दे रहे हैं, तो उनके लिए यह समय शुभ रहेगा। इस साल आध्यात्मिक स्तर अच्छा होगा लेकिन संघर्ष भी अधिक रहने वाला है।

स्वास्थ्य– वर्ष 2026 वृश्चिक राशि वालों के स्वास्थ्य के लिए थोड़ा कमज़ोर रह सकता है। ऐसे में, आपको इस वर्ष स्वास्थ्य को लेकर पूरी तरह से सावधान रहना होगा। साथ ही, अपने खानपान का ध्यान रखना होगा और उचित जीवनशैली अपनानी होगी, तब ही आप अपनी सेहत को बेहतर बनाए रख पाएंगे। हालांकि, चिंता की कोई बड़ी बात नहीं है, लेकिन फिर भी आप सतर्क रहें। इस वर्ष ग्रहों की स्थिति देखें तो, शनि महाराज पूरे वर्ष आपके पंचम भाव में विराजमान रहेंगे और इस भाव में शनि ग्रह के गोचर को अच्छा नहीं माना जाता है। ऐसे में, शनि देव आपको पेट से जुड़े रोग देने का काम शनि ग्रह कर सकते हैं। वहीं, राहु देव 05 दिसंबर 2026 तक आपके चतुर्थ भाव में रहेंगे। सरल शब्दों में कहें तो, साल के ज्यादातर समय राहु की चौथे भाव में उपस्थिति आपकी सेहत के लिए ठीक नहीं कही जा सकती है। ऐसे में, यह आपको हृदय, सीने या फेफड़ों से संबंधित समस्याएं दे सकते हैं या फिर मानसिक स्वास्थ्य को प्रभावित कर सकते हैं। हेल्थ के मामले में वृश्चिक राशि के लोगों को साल 2026 में बहुत ज्यादा उतार-चढ़ाव देखने पड़ेंगे। वर्ष का शुरुआती समय अच्छा रहेगा। पेट से जुड़ी समस्याएं, गैस्ट्रिक, जोड़ों में दर्द और जकड़न, लिवर प्रॉब्लम और छाती में दर्द आदि की शिकायत है तथा घर परिवार में माता-पिता का स्वास्थ्य भी आपको चिंता देंगे। मानसिक और शारीरिक रूप से आपको उतार-चढ़ाव का सामना करना पड़ेगा। आपकी इम्यूनिटी कमजोर रहेगी, जिससे छोटी-छोटी बीमारियां आपको अपनी पकड़ में ले सकती हैं। सही पोषण और संतुलित डाइट ही आपको इन सब से बचा सकती है। मानसिक संतुलन बनाए रखना आपके लिए बेहद जरूरी होगा और सही समय पर भोजन के साथ आराम भी आवश्यक होगा। अपने रूटीन को अच्छा बनाने के लिए किसी विशेषज्ञ से सलाह ले सकते हैं। साल के बीच में आपकी इम्यूनिटी मजबूत होने लगेगी, जिससे स्वाभाविक रूप से आपकी सेहत में सुधार होगा और उल्लेखनीय प्रगति आपको समय के साथ देखने को मिलेगी। जब आप खुद को ज्यादा ऊर्जावान सतर्क जागरूक और मजबूत महसूस करेंगे। साल के दूसरे भाग में नींद पर ज्यादा ध्यान देना होगा। खुद को ज्यादा थकने से बचना होगा और बराबर आराम करना होगा। रोगों से बचने के लिए लगातार उन पर ध्यान देना, आवश्यक मेडिकल चेकअप कराना और डॉक्टर से संपर्क करना आपको समय-समय पर लाभ देता रहेगा और अच्छी हेल्थ भी प्रदान करेगा।

ज्योतिष उपाय – शनिवार को सरसों के तेल का दीपक पीपल के पेड़ के नीचे में जलाएं। हनुमान चालीसा और संकट मोचन का पाठ करें। चीटियों को आटा डालें। दुर्गा सप्तशती के चतुर्थ अध्याय या संपूर्ण दुर्गा सप्तशती का पाठ करें। हमेशा बड़ों का सम्मान करें और क्रोध से बचें।

संपादकीय

'भारत तोड़ो' की साजिशें

बीती 16 दिसंबर वह तारीख थी, जब 1971 में पाकिस्तान के 93,000 फौजियों को भारतीय सेना के सामने आत्मसमर्पण करना पड़ा था। उन्हें अपने हथियार जमीन पर रखने पड़े थे। नतीजतन बांग्लादेश की मुक्ति का आगाज हुआ था। भारतीय सेनाओं ने बांग्ला मुक्ति संग्राम में विशेष योगदान दिया था और पाकिस्तान को दोफाड़ करने की लड़ाई लड़ी थी। पूर्वी पाकिस्तान, अंततः बांग्लादेश बना था। वह भारत का ही सृजन था, लेकिन शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से तख्तापलट के बाद हमारी ही 'औलाद' अब हमें आंखें दिखा रही है। यह असहनीय होना चाहिए। भारत को कड़ी प्रतिक्रिया, बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ उसके राजदूत को मंत्रालय में बुला कर विरोध जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि नौबत 'भारत तोड़ो' तक की आ गई है। बांग्लादेश के अराजक और जेहादी तत्त्व धमकियां दे रहे हैं। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को भारत से अलग करने, वहां विद्रोहियों को पुनः सक्रिय करने और तनाव, उग्रवाद फैलाने की धमकियों के अलावा साजिशें भी रची जा रही हैं। अब पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना 'भाई' बता रहा है और साज़िशों का सूत्रधार बना है। उल्फा की सैन्य ईकाई के सरगना परेश बरुआ को चीन से ढाका लाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि पूर्वोत्तर को फिर अस्थिर किया जा सके। ढाका में भारतीय दूतावास के बाहर बेहद उत्तेजक और उन्मादी विरोध-प्रदर्शन किया गया। दूतावास में घुसने की कोशिशें की गईं। नारे लगाए गए- 'बाबर के रास्ते पर चलो, सात राज्यों को आज़ाद कराओ'... 'जो हत्यारे को पनाह दे, उसे तोड़ दो, तोड़ दो।' शेख हसीना को 'हत्यारा' करार दिया जा रहा है, जिन्हें भारत ने शरण दी है। बांग्लादेश सरकार की ओर से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि भारत शेख हसीना को सौंप दे। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस 85 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका एकमात्र मकसद शेख हसीना को फांसी पर लटकाने का लगता है। इस संदर्भ में वहां की एक अदालत से 'सजा-ए-मौत' का फैसला भी करा लिया गया है। यूनुस को 2006 में नोबेल पुरस्कार से नवाजा गया था, लेकिन अब इस उम्र में उनकी राजनीतिक महत्त्वाकांक्षाएं उभर आई हैं। देश का विकास जाए भाड़ में, उन्होंने बांग्लादेश को कट्टरपंथी इस्लामी देश में तबदील करने का मानो संकल्प लिया है! देश में हिंसक प्रदर्शन हो रहे हैं, हिंदुओं की हत्याएं की जा रही हैं और देश से बेदखल करने की धमकियां दी जा रही हैं, हिंदुओं के मंदिर, घर-दुकानों को तोड़-फोड़ कर आग के हवाले किया जा रहा है। यह पराकाष्ठा है कि अब पूर्वोत्तर राज्यों को भारत से अलग करने की साज़िशें सामने आ रही हैं। बांग्लादेश के कठमुल्ला, कट्टरपंथी बयान सामने आ रहे हैं कि बांग्लादेश और पूर्वोत्तर के बीच 'चिकननेक' को बंद किया जाए, ताकि पूर्वोत्तर अपने आप ही भारत से कट जाए। बांग्लादेश की कट्टरपंथी, भारत-विरोधी जमात यह नहीं जानती कि भारत 1971 में ही इस 'चिकननेक' को चौड़ा कर सकता था अथवा इसे अपने कब्जे में ले सकता था, लेकिन भारत ने बांग्ला की मुक्ति और आजादी का सम्मान किया। बीते गुरुवार को संसद में विदेश मंत्रालय की स्थायी समिति की रपट में कहा गया है कि बांग्लादेश की वायुसेना के लालमोनिरहाट एयरबेस की हवाई पट्टी चीन बना रहा है। यह इलाका सिलीगुड़ी कॉरिडोर के बेहद करीब है, जिसे संवेदनशील 'चिकननेक' के तौर पर जानते हैं। ऐसा लग रहा है कि साजिशों में पाकिस्तान के साथ चीन भी शामिल है! पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई के 3 अधिकारी फर्जी पासपोर्ट पर बांग्लादेश गए थे। नौसेना के दो अफसर भी ढाका गए थे। आईएसआई के सौजन्य से ही बांग्लादेश में 28 फरवरी, 2025 को 'नेशनल सिटिजन पार्टी' बनवाई गई। उसके जेहादी, आंदोलनकारी तत्त्व ही 'भारत तोड़ो' मुहिम में सक्रिय हैं। यही नहीं, लश्कर और जैश आतंकी संगठनों के मौलाना भी बांग्लादेश में सक्रिय हो गए हैं और खासकर नौजवानों को जेहाद के पाठ पढ़ा रहे हैं। बांग्लादेश में भारत के 16 वीसा सेंटर हैं, जिनमें से 2 को तो बंद कर दिया गया है, लेकिन खतरा इससे भी बहुत बड़ा है। भारत सरकार को अविलंब कड़ा फैसला लेना पड़ेगा। देश में ऐसी हिंसक घटनाओं को रोकने के लिए सरकार को सख्त कदम उठाने होंगे ताकि भविष्य में ऐसी अक्रामक घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके और भारत को नुकसान पहुंचाने वालों को मुंह तोड़ जवाब मिले।

> भारत को कड़ी प्रतिक्रिया, बल्कि कार्रवाई करनी चाहिए। सिर्फ उसके राजदूत को मंत्रालय में बुला कर विरोध जताने से कुछ नहीं होगा, क्योंकि नौबत 'भारत तोड़ो' तक की आ गई है। बांग्लादेश के अराजक और जेहादी तत्त्व धमकियां दे रहे हैं। पूर्वोत्तर के सात राज्यों को भारत से अलग करने, वहां विद्रोहियों को पुनः सक्रिय करने और तनाव, उग्रवाद फैलाने की धमकियों के अलावा साजिशें भी रची जा रही हैं। अब पाकिस्तान बांग्लादेश को अपना 'भाई' बता रहा है और साज़िशों का सूत्रधार बना है। उल्फा की सैन्य ईकाई के सरगना परेश बरुआ को चीन से ढाका लाने की कोशिशें जारी हैं, ताकि पूर्वोत्तर को फिर अस्थिर किया जा सके। ढाका में भारतीय दूतावास के बाहर बेहद उत्तेजक और उन्मादी विरोध-प्रदर्शन किया गया। दूतावास में घुसने की कोशिशें की गईं। नारे लगाए गए- 'बाबर के रास्ते पर चलो, सात राज्यों को आज़ाद कराओ'... 'जो हत्यारे को पनाह दे, उसे तोड़ दो, तोड़ दो।' शेख हसीना को 'हत्यारा' करार दिया जा रहा है, जिन्हें भारत ने शरण दी है। बांग्लादेश सरकार की ओर से बार-बार आग्रह किया जा रहा है कि भारत शेख हसीना को सौंप दे। बांग्लादेश के मुख्य सलाहकार (परोक्ष रूप से प्रधानमंत्री) मुहम्मद यूनुस 85 साल के हो गए हैं, लेकिन उनका एकमात्र मकसद शेख हसीना को फांसी पर लटकाने का लगता है। इस संदर्भ में वहां की एक अदालत से 'सजा-ए-मौत' का फैसला भी करा लिया गया है।

सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया

भाजपा में युवा नेतृत्व की नई आहट पर भरोसा

भारतीय राजनीति में लंबे समय से जिस क्षण की प्रतीक्षा थी, वह अब एक निर्णायक मोड़ पर आ खड़ी हुई है। दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है। भारतीय जनता पार्टी संसदीय बोर्ड का यह निर्णय न केवल चौंकाने वाला है, बल्कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अब तक लिए गए साहसिक, अप्रत्याशित और दूरगामी परिणाम देने वाले निर्णयों की श्रृंखला का एक नया और महत्वपूर्ण अध्याय भी है।

> दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी भारतीय जनता पार्टी ने अपने राष्ट्रीय नेतृत्व की बागडोर युवा हाथों में सौंपने की दिशा में ऐतिहासिक कदम उठाते हुए नितिन नबीन को पार्टी का नया कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया है। यद्यपि यह नियुक्ति औपचारिक रूप से अस्थायी कही जा रही है, किंतु जिस प्रकार से इस निर्णय का पार्टी के भीतर और बाहर स्वागत हो रहा है, उससे यह संकेत स्पष्ट हैं कि भविष्य में उन्हें ही पूर्णकालिक राष्ट्रीय अध्यक्ष घोषित किया जा सकता है। यह नियुक्ति केवल एक संगठनात्मक बदलाव नहीं, बल्कि भारतीय राजनीति की कार्यशैली, नेतृत्व-चयन और भविष्य-दृष्टि में आए एक बड़े परिवर्तन का उद्घोष है।

नितिन नबीन बिहार की राजनीति में कोई नया नाम नहीं हैं। वे पांच बार विधायक रह चुके हैं और जमीनी राजनीति की बारीकियों से भलीभांति परिचित हैं। संगठन और सरकार-दोनों के अनुभव से संपन्न नितिन नबीन ने भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय महासचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन किया है। इसके साथ ही संगठन के विभिन्न स्तरों पर उन्होंने जिस अनुशासन, रणनीतिक समझ और नेतृत्व क्षमता का परिचय दिया है, वही उन्हें इस पद के लिए स्वाभाविक विकल्प बनाता है। उनका राजनीतिक व्यक्तित्व केवल भाषणों तक सीमित नहीं, बल्कि संगठन खड़ा करने, कार्यकर्ताओं को जोड़ने और वैचारिक प्रतिबद्धता बनाए रखने की क्षमता से परिपूर्ण है। यही गुण भाजपा की आत्मा भी है-जहां व्यक्ति नहीं, संगठन सर्वोपरि होता है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की राजनीति का एक स्थायी गुण रहा है-नए चेहरों पर भरोसा और पीढ़ीगत नेतृत्व का निर्माण। चाहे वह केंद्र सरकार में मंत्रियों का चयन हो, राज्यों में मुख्यमंत्रियों की नियुक्ति हो या संगठन में बदलाव-मोदी ने बार-बार यह साबित किया है कि वे भविष्य की राजनीति को आज गढ़ने में विश्वास रखते हैं। नितिन नबीन का चयन भी इसी विचारधारा का प्रतिफल है। यह निर्णय संकेत देता है कि भाजपा अब केवल चुनाव जीतने की पार्टी नहीं रहना चाहती, बल्कि अगले दो-तीन दशकों के लिए एक स्थायी वैचारिक और संगठनात्मक नेतृत्व तैयार कर रही है। युवा पीढ़ी, विशेषकर पहली बार वोट देने वाले मतदाताओं को आकर्षित करने की दृष्टि से यह कदम अत्यंत महत्वपूर्ण है।

भाजपा में राष्ट्रीय अध्यक्ष का पद केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि वैचारिक संतुलन का केंद्र भी होता है। इस पद पर नियुक्ति के लिए राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की सहमति और समर्थन अनिवार्य माना जाता है। भाजपा की चुनावी सफलताओं में संघ की भूमिका सदैव निर्णायक रही है-चाहे वह विचार-प्रसार

हो, कार्यकर्ता निर्माण हो या सामाजिक संपर्क। पिछले कुछ चुनावों में जिन परिस्थितियों का सामना पार्टी को करना पड़ा, उन्होंने यह स्पष्ट कर दिया कि भाजपा संगठन और संघ के बीच पूर्ण सामंजस्य कितना आवश्यक है। ऐसे में नितिन नबीन का चयन यह संकेत देता है कि संघ और पार्टी नेतृत्व के बीच गहन विमर्श और सहमति के बाद ही यह निर्णय लिया गया है। यह नियुक्ति भाजपा को वैचारिक रूप से और अधिक सुदृढ़ करने की दिशा में एक ठोस प्रयास है।

नितिन नबीन के सामने सबसे बड़ी और तात्कालिक चुनौती पश्चिम बंगाल के आगामी चुनाव हैं। यह राज्य लंबे समय से भाजपा के लिए रणनीतिक और वैचारिक दोनों ही दृष्टियों से महत्वपूर्ण रहा है। यहां केवल सत्ता की लड़ाई नहीं, बल्कि राजनीतिक संस्कृति, राष्ट्रवाद और सामाजिक संतुलन की भी परीक्षा होती है। एक संगठनात्मक अध्यक्ष के रूप में नितिन नबीन की वास्तविक कसौटी यहीं होगी। यदि वे बंगाल में संगठन को नई धार देने, कार्यकर्ताओं में ऊर्जा भरने और जनता के बीच विश्वास स्थापित करने में सफल होते हैं, तो उनका नेतृत्व स्वतः ही प्रमाणित हो जाएगा। यही वह मंच है, जहां उनका रुतबा, कौशल और रणनीतिक दृष्टि राष्ट्रीय राजनीति के सामने स्पष्ट होगी।

भाजपा की राजनीति में एक विशेष परंपरा रही है-जहां कयास कुछ और होते हैं और निर्णय बिल्कुल अलग दिशा से आता है। अनेक नाम चर्चा में रहते हैं, अनेक चेहरे मंजिल के निकट आकर भी ठहर जाते हैं, किंतु अंतिम निर्णय अक्सर सबको चौंकाने वाला होता है। यही भाजपा की 'चमत्कार करने वाली' संगठनात्मक शैली है। नितिन नबीन का मनोनयन भी इसी परंपरा का हिस्सा है। यह निर्णय उन तमाम अटकलों पर विराम लगाने की क्षमता रखता है, जो लंबे समय से अध्यक्ष पद को लेकर पार्टी के भीतर चल रही थीं। इससे यह भी स्पष्ट होता है कि भाजपा में पद नहीं, क्षमता निर्णायक होती है।

नितिन नबीन भारतीय राजनीति की उस पीढ़ी का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिसने संगठनात्मक निष्ठा, वैचारिक स्पष्टता और सतत जनसंपर्क को अपनी राजनीतिक पहचान बनाया है। छात्र राजनीति से लेकर सक्रिय सार्वजनिक जीवन तक उनका सफ़र अनुशासन, कर्मठता, राष्ट्रीयता और संघर्ष की पाठशाला रहा है। वे जमीनी कार्यकर्ताओं से सीधा संवाद स्थापित करने वाले, जनता की समस्याओं को संवेदनशीलता से समझने वाले और उन्हें प्रशासनिक व राजनीतिक मंचों तक प्रभावी ढंग से पहुँचाने वाले नेता के रूप में पहचाने जाते हैं। नितिन नबीन की कार्यशैली में युवाओं के प्रति विश्वास, विकासोन्मुख सोच और पारदर्शिता स्पष्ट रूप से दिखाई देती है। उनके राजनीतिक जीवन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि वे पद को नहीं, दायित्व को प्राथमिकता देते हैं और संगठन के मूल्यों के अनुरूप निरंतर आगे बढ़ते रहे हैं।

नितिन नबीन सिन्हा कायस्थ समुदाय के एक भारतीय राजनीतिज्ञ और सामाजिक कार्यकर्ता हैं। वह दिग्गज भाजपा नेता नवीन किशोर सिन्हा के बेटे हैं। अभी उन्हें जेपी नड्डा की जगह पर भाजपा का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है जो अध्यक्ष के चुनाव तक कार्यभार संभालेंगे। वे वर्तमान में बिहार सरकार में सड़क निर्माण मंत्री है। उन्होंने 2020 के बिहार विधानसभा चुनावों में लगभग 84,000 वोटों से जीत हासिल की। पिछले चुनाव में उन्होंने शत्रुघ्न सिन्हा के बेटे लव सिन्हा को भारी अंतर से हराया था। पुष्पम प्रिया चौधरी भी इस चुनाव में भारी अंतर से हार गईं। वे पटना जिले के बांकीपुर निर्वाचन क्षेत्र का प्रतिनिधित्व करने वाले बिहार विधान सभा के सदस्य हैं। 2 मार्च 2017 को, नबीन ने बिहार कांग्रेस के नेता अब्दुल जलील मस्तान के खिलाफ देशद्रोह का मामला दर्ज किया और उनकी नागरिकता पर सवाल उठाया। मस्तान ने कथित तौर पर एक रैली में भीड़ से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तस्वीर को जूतों से मारने के लिए कहा था।

भारतीय जनता पार्टी केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि एक सशक्त संगठनात्मक आंदोलन है, जिसकी आत्मा उसका अनुशासित, समर्पित और वैचारिक रूप से सजग कार्यकर्ता है। पार्टी का संगठनात्मक ढाँचा बूथ स्तर से लेकर राष्ट्रीय स्तर तक सहभागिता, संवाद और सामूहिक निर्णय की परंपरा को मजबूत करता है। संगठन नेतृत्व के प्रति कार्यकर्ताओं का अटूट विश्वास, स्पष्ट दिशा और नेतृत्व की पारदर्शिता भाजपा की सबसे बड़ी ताकत है। यहाँ कार्यकर्ता स्वयं को सत्ता का साधन नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण का सहभागी मानता है। यही कारण है कि भाजपा में नेतृत्व और कार्यकर्ता के बीच विश्वास, प्रतिबद्धता और परस्पर सम्मान का संबंध दिखाई देता है, जो पार्टी को निरंतर सशक्त और गतिशील बनाए रखता है।

नितिन नबीन का कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में मनोनयन केवल एक व्यक्ति की नियुक्ति नहीं, बल्कि भाजपा के भविष्य की राजनीति का स्पष्ट संकेत है। यह युवा नेतृत्व, वैचारिक प्रतिबद्धता, संगठनात्मक अनुशासन और संघ-समन्वय का संगम है। यदि नितिन नबीन इस जिम्मेदारी को सफलतापूर्वक निभाते हैं-विशेषकर पश्चिम बंगाल जैसी कठिन राजनीतिक भूमि पर-तो वे न केवल भाजपा के इतिहास में एक नया अध्याय जोड़ेंगे, बल्कि भारतीय राजनीति में युवा नेतृत्व की नई परिभाषा भी गढ़ेंगे। यही वह क्षण है, जहां राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं, बल्कि दृष्टि, धैर्य और दूरदर्शिता का प्रमाण बन जाती है।

देश दुनिया से

सिडनी हमले से और बढ़ेंगी मुसीबतें

मुस्लिम आतंकियों के हमलों और कट्टरपंथ सोच के कारण विश्व के कई देशों में भारी विरोध का सामना कर रहे मुस्लिमों की मुसीबतें ऑस्ट्रेलिया के सिडनी में हुए आतंकी हमले के बाद और बढ़ेंगी। ऑस्ट्रेलिया में जिस तरह से हनुक्का का त्योहार मना रहे यहूदियों पर चरमपंथी आतंकवाद के नाम पर गोलियां चलाई गईं। ऐसे हमले पूर्व में यूरोपीय और दूसरे देशों में हो चुके हैं। न्यू ऑरलियन्स (यूएसए) में जनवरी 1, 2025 को एक व्यक्ति ने ट्रक को पैदल चल रहे लोगों पर चढ़ा दिया और फिर पुलिस से गोलीबारी की। अमरीकी संघीय जांच एजेंसी के मुताबिक यह हमला वैश्विक इस्लामिक आतंकी संगठन आईएसआईएस की प्रेरणा से हुआ था। इसी तरह फरवरी 22, 2025 को मुलहौज (फ्रांस) एक व्यक्ति ने बाजार में चाकू और पेचकस से हमला किया, जिसमें 1 व्यक्ति मारा गया और कई घायल हुए। फ्रांसीसी अधिकारियों ने इसे इस्लामिक चरमपंथ से प्रेरित बताया था। भारत के पहलगाम में हुआ हमला भी इस्लामिक चरमपंथी आतंकवाद का ही उदाहरण था। यहां 22 अप्रैल को आतंकवादियों ने लोगों से उनके धर्म पूछ-पूछकर उन्हें गोली मारी और सीधा प्रधानमंत्री का नाम लेकर चुनौती दे रहे थे। इस समय यूरोप और पश्चिमी देशों ने निंदा तो की थी लेकिन इस्लामिक आतंकवाद का नाम नहीं लिया था। हालांकि अब यूरोप और अन्य पश्चिमी देशों लोन वुल्फ हमले बढ़ रहे हैं, तो उन्हें ये दर्द समझ आ रहा है। यूरोप में (रूस को छोड़कर), 1979 से अब तक 209 हमले हुए हैं और 802 लोगों की मौत हुई है। इसी अवधि में सबसे बुरी तरह प्रभावित यूरोपीय देश फ्रांस में 85 इस्लामी आतंकवादी हमले हुए हैं, जिनमें 334 लोगों की मौत हुई है। फ्रांस के अलावा, ऑस्ट्रिया, बेल्जियम, बोस्निया-हर्जेगोविना, बुल्गारिया, क्रोएशिया, साइप्रस, डेनमार्क, फिनलैंड, जर्मनी, ग्रीस, इटली, नीदरलैंड, नॉर्वे, स्पेन, स्वीडन, स्विट्जरलैंड और यूनाइटेड किंगडम भी प्रभावित हुए हैं। ग्लोबल टेररिज्म इंडेक्स 2025 रिपोर्ट के मुताबिक पश्चिमी देशों में घातक हमलों की संख्या 2017 के बाद सबसे अधिक दर्ज की गई। इनमें ज्यादातर लोन वुल्फ (अकेले) हमलावर ही थे। 7 अक्तूबर, 2024 का हमला और बॉन्डी बीच का हमला विशुद्ध तौर पर यहूदियों को निशाना बनाकर किया गया। ऐसे में यूरोप को समझ में आ गया है कि ये किसी एक-दो देश की नहीं बल्कि एक विचारधारा से निपटने की लड़ाई है, जिसके लिए साथ आना ही होगा। फ्रांस, जर्मनी, बेल्जियम जैसे देशों में इस्लामिक तत्व हर दूसरे दिन किसी न किसी बात पर प्रतिकार या दंगे करने लगे हैं। फुटबॉल वर्ल्ड कप मोरक्को जीता तो दंगा हुआ पेरिस में, मोरक्को हारा तो पेरिस जला, जब फ्रांस फाइनल में हारा तब भी पेरिस में दंगे हुए। इंग्लैंड में भारत पाकिस्तान के क्रिकेट मैच के बाद प्रवासी भारतीयों पर स्थानीय मुस्लिमों ने हमले किए थे। जांच में यह भी सामने आया था कि अधिकांश हमलावर और दंगाई इस्लामिक शरणार्थी थे। ऐसे में मेलबर्न से लेकर लंदन और सिडनी से लेकर पेरिस तक में प्रवासियों के खिलाफ विरोध प्रदर्शन के कारण वहां की सरकारों को अब इन पर एक्शन लेने पर मजबूर होना पड़ रहा है। एक रिपोर्ट के अनुसार इन देशों हाई माइग्रेशन रेट के कारण स्थानीय लोगों का गुस्सा फूट पड़ा है। लंदन की सडक़ों पर लाखों की संख्या में प्रदर्शनकारियों ने एंटी-इमिग्रेशन मार्च निकाला और इस्लाम और ब्रिटेन में बढ़ती प्रवासन समस्या का मुद्दा उठाया। ब्रिटेन में पिछले साल 29 जुलाई को एक्सेल ने साउथपोर्ट में चल रही एक डांस क्लास में घुस कर कई बच्चियों को बेरहमी से चाकू मार दिया था। हमलावर ने तीन बच्चियों की हत्या कर दी थी और अन्य 10 को घायल कर दिया था। इनमें ज्यादातर बच्चे थे। हमलावर मुस्लिम था। आरोपी एक्सेल के मां-बाप रवांडा से आए थे। घटना के बाद ब्रिटेन में बहुत बड़े स्तर पर विरोध प्रदर्शन हुए थे। ब्रिटेन में बढ़ती मुस्लिम आबादी भी एक बड़ा मुद्दा है। अनुमान है कि साल 2035 तक ब्रिटेन की कुल आबादी में 25: मुस्लिम हो सकते हैं। ऐसे आतंकी हमलों और मुस्लिमों की बढ़ती आबादी के खिलाफ प्रदर्शनकारी ब्रिटेन में अवैध अप्रवासन के खिलाफ आवाज उठा रहे हैं। इनकी मांग है कि अवैध अप्रवासियों को देश से बाहर किया जाए। इस साल 28 हजार से ज्यादा प्रवासी इंग्लिश चैनल के रास्ते नावों से ब्रिटेन पहुंचे हैं। प्रदर्शन में शामिल लोग अवैध अप्रवासियों को शरण दिए जाने के खिलाफ हैं। हाल ही में एक इथियोपियाई अप्रवासी ने 14 साल की लडक़ी का यौन उत्पीडऩ किया था, जिसने लोगों के गुस्से को और बढ़ावा दिया है। सरकार और पुलिस पर आरोप कि वे अवैध आव्रजन पर नकेल कसने में असफल हैं। मुस्लिम शरणार्थी युरोपीय देशों के लिए सिरदर्द बन गए हैं। गिड़गिड़ाते हुए लाचार हालत में शरण लेने आए शरणार्थी अब इस्लाम और शरिया लागू करने के लिए धरने/प्रदर्शन कर रहे हैं। जर्मनी के हैम्बर्ग में 2000 से अधिक मुसलमानों ने रैली निकाली। इस दौरान उन्होंने इस्लामवादी खिलाफत और शरिया कानून लागू करने की मांग की। रैली में शामिल भीड़ ने अल्लाहू अकबर का नारा भी लगाया। जर्मनी में बहुसंख्यक आबादी ईसाई है, जबकि मुसलमान अल्पसंख्यक हैं। इन मुसलमानों में सबसे ज्यादा वो थे, जो अफ्रीकी और एशियाई देशों से शरण मांगने के लिए जर्मनी पहुंचे थे। हालांकि, नागरिकता मिलते ही उनके तेवर बदल गए और अब मूल आबादी को दबाने की कोशिश कर रहे हैं। इसी इस्लामिक आतंकवाद के दंश से व्यथित हो लगभग 13 लाख लोग यूरोप में शरण लेने को विवश हुए थे, यह दूसरे विश्व युद्ध के पश्चात सबसे बड़ी शरणार्थी समस्या थी। शुरुआत में शरण लेने वाले अधिकांश सीरियाई थे, लेकिन बाद में बड़ी संख्या में अफगान, नाइजीरियाई, पाकिस्तानी, इराकी और इरिट्रिया और बाल्कन के आर्थिक प्रवासी भी इस यूरोप में शरण लेने को विवश हुए थे। यूरोप में अब तक 78,000 शरणार्थी और आप्रवासी आए हैं। संयुक्त राष्ट्र के आंकड़ों के अनुसार उनमें से आधे से ज्यादा ग्रीस पहुंचे हैं। उनमें 40 प्रतिशत परिवार अफगानिस्तान से हैं जबकि 20 प्रतिशत सीरिया से हैं। यही वजह है कि इन देशों में चरमपंथी मुस्लिमों की हरकतों की वजह से पाबंदी लगाई जा रही हैं। दक्षिण-पूर्वी स्पेन के मर्सिया क्षेत्र के शहर जुमिला में लोकल काउंसिल ने ईद-उल-फितर और ईद-उल-अजहा जैसे मुस्लिम त्योहारों को सिविक सेंटर्स और स्पोर्ट्स हॉल जैसी सार्वजनिक जगहों में मनाए जाने पर प्रतिबंध लगाने का प्रस्ताव पारित किया। कट्टर इस्लामिक तत्वों ने बेल्जियम और स्वीडन जैसे शांतिप्रिय देशों में माहौल खराब कर दिया है। मुसलमानों ने इन देशों में अतिरिक्त अधिकारों की मांग की, सडक़ें जाम की, सडक़ों पर नमाज पढ़ कर शक्ति प्रदर्शन किया। वहीं दूसरी और ऐसी घटनाओं से स्थानीय यूरोपीय नागरिकों के मन में असुरक्षा की भावना घर कर गई। यह निश्चित है कि सिडनी में हुई आतंकी घटना के दूरगामी परिणाम भी बेकसूर मुसलमानों को भुगतने पड़ेंगे।

आप का नज़रिया

येलो लाइन पर ऊना बाजार

ऊना के व्यापारी येलो लाइन पर खड़े हैं। उनकी दिक्कतों का साझापन अब विद्रोही बना है, तो इसलिए कि प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाना चाहता है-अतिक्रमण हटाना चाहता है, लेकिन इस कवायद ने गाहे-बगाहे उनके व्यापार को ताले लगा दिए। प्रशासन को आधुनिक संचार में ऐसी जगह की तलाश है जहां व्यवस्था परिवर्तन के नतीजे शहरी व्यवस्था में चमकें। हम इसे जिलाधीश का साहसी कदम मानें, वरना अन्य कई जिलों में तो प्रशासन ने अपनी हस्ती ही गुम कर ली है। यहां मसला व्यापार और व्यापारी हित का भी है। शहर बड़े हो गए, बाजार सडक़ पर आ गए, खरीददार व दुकानदार अब वाहन पर बैठे सामान खरीदना और बेचना चाहते हैं, तो शोरूम व ट्रेड फेयर से पुरानी हट्टी का संघर्ष शुरू हो गया। मसले टीसीपी कानून से पूछ रहे हैं या शहरी विकास योजनाएं बताएं कि भविष्य की तरक्की, अपेक्षाओं और यातायात दबाव को गुजारें कहां से। ऊना में दरअसल टकराव ऊना की ही मानसिकता से है और यह ऊना का नहीं हर गांव, कस्बे और शहर में पैदा होगा। हिमाचल में विकास के मायने अंधाधुंध विस्तार है। नई इमारतें, पहाड़ की खुदाई, बेरोकटोक यातायात, ट्रैफिक के प्रति न गंभीरता-न चेतना और सडक़ों के किनारे व्यापार के मेले अब आम हो गए हैं। मसला वाहनों के प्रदर्शन, अवैध पार्किंग, ट्रैफिक नियमों की अवहेलना और संकरे बाजारों की व्यापारिक संकीर्णता का है। इसके प्रति सरकारी तौर पर आधी सदी गुजार चुका ग्राम एवं नगर योजना कानून की नालायकी देखी जा सकती है। पंजाब ने अर्बन डिवेलमेंट ट्रस्ट बनाए, हरियाणा ने कालोनियां बसाईं या कुछ राज्यों ने शहरीकरण की उम्मीदों को देखते हुए अपने नागरिकों, निवेशकों और रोजगार पाने वालों को नए शहर बसा कर अवसर दिया। हमारी कोशिश भिन्न है। सडक़ बनाते ही बाजार को उतरने की छूट दी जाती है। इसीलिए कई खूबसूरत घाटियों के नजारे, नव निर्माण में छुप गए। यह परवाणू से शुरू हुए बाजार को शिमला से मिला देता है। हम धुंतर के बाजार की पूंछ मनाली तक देख सकते हैं, मंडी के बाजार की मुलाकात नेरचौक-सुंदरनगर तक आ पहुंची है। शहर की वही पुरानी गलियां उपभोक्ता वस्तुएं बेच रही हैं, लेकिन अब वहीं कहीं कोई दोपहिया रिपेयर कर रहा है या लोहे का टांका लगा कर निर्माण की सामग्री में इजाफा कर रहा है। सीमेंट-सरिया छीलता हुआ यातायात की चुगली करता है, तो निर्माण से उठता गर्द हमारे पर्यावरण को खामोश कर देता। इन्हीं बाजारों में इतने अधिक पटाखे बेचे जाते हैं कि शहर का एक्यूआई उड़ कर दिल्ली से मुकाबला कर लेता है। शहर अपनी खामोशियों से बदनाम है, तूने सोचा बंद आंखों के कान नहीं सुनेंगे। न तो शहर को सिर्फ बाजार में गिना जा सकता और न ही बाजार के बिना शहर कमा सकता है। आज का ऊना अपने अतीत से भिन्न, नहीं बचे पुराने बस अड्डे के दिन। बदल गए दफ्तर, शहर का शुल्क, गंदगी का ढेर अब आंखें दिखाता है। एंबुलेंस को कौन सा अमन चैन दिखाता है। बदले हालात में बाजार के अनुशासन को बदलना होगा, बदलने होंगे प्रशासन को तरीके। केवल येलो लाइन बिछा देने से माहौल नहीं बदलेगा, बल्कि ऐसे विकल्प तलाशने होंगे ताकि शहरी आर्थिकी भी चलती रहे। प्रदेश के व्यापारी वर्ग को राज्य के निवेशक के रूप में मान्यता मिलनी चाहिए, जबकि दूसरी ओर व्यापारी वर्ग को भी स्थानीय निकायों और ट्रैफिक व्यवस्था में अपना सहयोग देना होगा। हर बाजार के साथ पार्किंग की अधोसंरचना में व्यापारिक संगठनों की भूमिका और निवेश की संभावनाएं जोडऩी होंगी ताकि व्यापार अपने तौर पर ग्राहक की सुविधाओं में इजाफा करे।

> प्रशासन ट्रैफिक व्यवस्था में सुधार लाना चाहता है-अतिक्रमण हटाना चाहता है, लेकिन इस कवायद ने गाहे-बगाहे उनके व्यापार को ताले लगा दिए। प्रशासन को आधुनिक संचार में ऐसी जगह की तलाश है जहां व्यवस्था परिवर्तन के नतीजे शहरी व्यवस्था में चमकें। हम इसे जिलाधीश का साहसी कदम मानें, वरना अन्य कई जिलों में तो प्रशासन ने अपनी हस्ती ही गुम कर ली है। यहां मसला व्यापार और व्यापारी हित का भी है। शहर बड़े हो गए, बाजार सडक़ पर आ गए, खरीददार व दुकानदार अब वाहन पर बैठे सामान खरीदना और बेचना चाहते हैं, तो शोरूम व ट्रेड फेयर से पुरानी हट्टी का संघर्ष शुरू हो गया। मसले टीसीपी कानून से पूछ रहे हैं या शहरी विकास योजनाएं बताएं कि भविष्य की तरक्की, अपेक्षाओं और यातायात दबाव को गुजारें कहां से। ऊना में दरअसल टकराव ऊना की ही मानसिकता से है और यह ऊना का नहीं हर गांव, कस्बे और शहर में पैदा होगा। हिमाचल में विकास के मायने अंधाधुंध विस्तार है। नई इमारतें, पहाड़ की खुदाई, बेरोकटोक यातायात, ट्रैफिक के प्रति न गंभीरता-न चेतना और सडक़ों के किनारे व्यापार के मेले अब आम हो गए हैं। मसला वाहनों के प्रदर्शन, अवैध पार्किंग, ट्रैफिक नियमों की अवहेलना और संकरे बाजारों की व्यापारिक संकीर्णता का है। इसके प्रति सरकारी तौर पर आधी सदी गुजार चुका ग्राम एवं नगर योजना कानून की नालायकी देखी जा सकती है।

कुछ अलग

शपथ के मायने

नेताजी शपथ दिला रहे थे। कार्यक्रम में दूर-दूर से पकड़ लाई गई पब्लिक शपथ ले रही थी। पब्लिक में से बहुत से लोग भूखे-प्यासे थे। बहुत से स्कूलों के बच्चे थे, जिन्हें शिक्षकगण इक_ा करके ले आए थे। लेकिन भोजन की कोई व्यवस्था नहीं थी। कार्यक्रम में बूढ़े भी थे, बुढिया भी थीं, महिलाएं भी थीं, नौजवान भी थे और बच्चे भी थे। नेताजी सबको शपथ दिला रहे थे कि भ

आज का राशिफल

मेष – चू,चे,चो,ला,लि,लू,ले,लो,अ

आज व्यापार मे व्यस्तता ज्यादा रहेगी साथ मे आमदनी मे बढोत्तरी होगी नौकरीपेशा जातकों को पदोन्नति के साथ स्थानांतरित किया जा सकता है. आप दोस्तों के साथ एक नया कारोबार शुरू कर सकते हैं और आपको उनका पूरा समर्थन मिलेगा. वित्तीय मामले आसानी से आगे बढ़ेंगे और शेयरों में कुछ निवेश भी किया जा सकता है. सामाजिक गतिविधियां बढ़ेंगी. आज आप यात्रा में किसी व्यक्ति विशेष से मिल सकते है अपने स्वास्थ्य को हल्के मे लेना हानिकारक हो सकता हैं

वृषभ – इ,उ,ए,ओ,वा,वि,वु,वे,वो

आप को आज के दिन अपने व्यवहार मे कुछ बदलाव करना पडेगा जिससे काम पूरे होते हुए दिखेंगें आपका कोई सोचा हुआ काम पूरा हो जायेगा. छात्रों के करियर में आज के दिन नया बदलाव आयेगा. जो उनके भविष्य के लिए फायद-मंद होगा. आपकी सेहत बेहतर बनी रहेगी. आज आप की जानपहचान किसी स्त्री विशेष होगी, जो आप को लाभ पहुंचाएगी. कारोबार में कुछ लोग मददगार साबित होंगे. दोस्तों के साथ बेहतर दिन बीतेगा. भगवान शिव का पंचाक्षर मंत्र जप करें आप आसपास सकारात्मक वातावरण रहेगा।

मिथुन – क,कि,कृ,घ,ड़,छ,के,को,ह

आज महामृत्युंजय मंत्र का जप करें शिवजी का अभिषेक करें स्वास्थ्य अनुकूल रहेगा आप को भोजन भी अपनी शारीरिक क्षमता से ही करना चाहिए। काम के मामले में आप भाग्यशाली रहेंगे. आपकी योजनाएं फलीभूत हो कर आप के हक में फैसला सुनाएंगी. गृहस्थ जीवन में जीवन साथी धार्मिक रवैया अपनाएगा. घर में कोई पूजा पाठ बड़े स्तर पर हो सकती है. प्रेम विवाह करने की योजना हैं तो अपनी कार्यवाही जारी रखें नये मुकाम पर पहुंचेंगे और भविष्य मे रिश्ते में गहराई आएगी।

कर्क – ही,हु,हे,हो,डा,डी,डू,डे,डो

आज परिवार के साथ जरूरी यात्रा पर जा सकते हैं यात्रा का उद्देश्य पूरा होगा आप अपने कार्य स्थल पर वाहवाही लूटेंगे जो आपकी संतुष्टि को बढ़ाएगा. आर्थिक सन्दर्भ में त्वरित पैसा बनाने की योजनाओं या आकर्षक प्रस्तावों से दूर रहना बेहतर है. इससे आने वाले महीनों में समस्या हो सकती है. परिवार के सदस्यों के साथ कुछ गलत-तफहमी घरेलू माहौल को कड़वा बना सकती हैं बच्चों को मौसमी बिमारी से बचाना होगा बच्चों के शरीर का तापमान बड़ सकता हैं।

सिंह – म,मी,मू,मे,मो,टा,टी,टू,टे

आज के दिन को सफलताओं से भरना हैं तो शिवजी का कच्चे दूध से अभिषेक करें आपका दिन करवट लेगा आपको कुछ काम में किसी अनुभवी व्यक्ति से मदद मिल सकती है. परिवार के साथ डीनर का प्लान बना सकते हैं. पैसों के लेन- देन करने से आपको बचना चाहिए. अगर आप समय का सद-पयोग करेंगे, तो आपको फायदा जरूर मिलेगा. किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए. कामकाज की स्थिति मजबूत रहेगी. आप को अपने व्यवसाय के प्रति जिम्मेदार होना होगा।

कन्या – टो,प,पी,पू,ष,ण,ठ,पे,पो

दाम्पत्यजीवन की खुशहाली के लिए आप को दैनिक शिवपार्वती का पूजन करना चाहिए जिससे गृहस्थ जीवन खुशनुमा रहेगा। साझेदारी का कारोबारी सफलता देगा, बुजुर्गों का आशीर्वाद मिलेगा प्रेम जीवन बिता रहे लोग अपने रिश्ते के भविष्य को लेकर बहुत सोचेंगे और आज का दिन ज्यादातर सोचने में ही बिताएंगे.शरीर की तंदरुस्ती के लिए पौष्टिक आहार लेते रहें। हड्डियों का दर्द तकलीफ दे सकता हैं। गाय की सेवा करनी चाहिए।

तुला – र,री,रू,रे,रो,ता,ति,तू,ते

व्यापारियों के लिए कुछ तकलीफ़े बन सकती हैं. सरकारी कर्मचारियों के साथ मेलझोल बना कर रखें लाभदायक रहेगा आपके दुश्मन आपके लिए मुसीबतें खड़ी कर सकते हैं. आपकी आय कम हो सकती है और आपके निवेश ठहराव के चरण में जा सकते हैं. इस अवधि के दौरान व्यवसाय के संबंध में यात्रा उचित फल नहीं देगी. आपको शीघ्र पैसा कमाने की योजनाओं में निवेश करने से से बचना चाहिए. दोस्त मददगार नहीं रहेंगे. इसलिए आपको कमिटमेंट करने से पहले दो बार सोचना श्रेयकर रहेगा। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा।

वृश्चिक – तो,न,नी,नू,ने,नो,या,यी,यू

आज सुबह उठते ही हथेलियों के दर्शन करें आपका दिन बेहतरीन रहेगा. पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे. थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर सकते हैं. आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है. व्यावसायिक कार्यों के लिहाज़ से आज का दिन बेहतर है. आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश कर सकते हैं. वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा. ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको खुश कर सकता है.व्यायाम करते रहे तंदुरस्ती बरकरार रहेगी।

धनु – ये,यो,भ,भी,भू,धा,फा,ढा,भे

आपके लिए समय अनुकूल नही हैं। नक्षत्र थोड़ा सा कमजोर है, इसलिए शांति और समझदारी से ही दिन गुजारना सही रहेगा. खर्चों में थोड़ी तेजी आने से मानसिक चिंताएं बढ़ेंगी लेकिन यह अल्पकालीन है, इसलिए ज्यादा परेशान मत हों. काम के मामले में आपकी सोच आपके काम आएगी. व्यापार भी तेजी से बढ़ेगा. सेहत उतार-चढ़ाव के बीच स्थिर रहेगी. प्रेम जीवन बिता रहे लोग आज के दिन को शांति से बिताएंगे और अपने प्रिय से खूब बातचीत करेंगे. गृहस्थ जीवन शांतिपूर्ण रहेगा.चींटियों को शक्कर डालें कर्ज मुक्त हो जाएंगे।

मकर – भो,ज,जी,खि,खू,खे,खो,ग,गि

रोज सुबह उठते ही धरती माता को छूकर प्रणाम करें और फिर पश्चात धार्मिक कार्यों में संलग्न हो सकतें है, जिसके कारण आपकी सामाजिक लोकप्रियता में बढ़ोत्तरी संभव है. आपका पारिवारिक-जीवन आनंदित रहेगा और आप मानसिक रूप से शांत रहेंगे. आप दूसरों के लिए मददगार सिद्ध होंगे और लोग इसके लिए आपका बहुत सम्मान करेंगे.कर्म को महत्व देंना चाहिए आप का भाग्य आप को खुदबखुद मालामाल बन देगा।

कुम्भ – गु,गे,गो,सा,सी,सू,से,सो,द

आज दिन सफल रहेगा व्यवसायिक रुप से आप सफल भी होंगे. घर का माहौल खुशनुमा बना रहेगा. आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे. आपको किस्मत का पूरा-पूरा साथ मिलेगा. साथ ही दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित भी होंगे. आपकी तरक्की के नये रास्ते खुलेंगे. परिवार में मधुरता के साथ विश्वास भी बढ़ेगा. किसी खास व्यक्ति से आपकी मुलाकात होगी. परिवार की जरुरत पूरी होने के बाद धन को दान के रुप मे व्यय करना चाहिए धन की शुद्धि होगी संतति भी बढ़ेगी।

मीन – दी,दू,थ,झ,ञ,दे,दो,चा,ची

अपने स्वभाव को सरल बनाए आप को मृदुभाषी होने की जरूरत हैं जिससे आप का समय और दिन हर्षित रहेगा. कामों में सफलता मिलेगी जिससे आपका आत्मबल बढ़ेगा. थोड़ा गुस्सा तो दिखाएंगे लेकिन जिद पकड़ना अच्छा नहीं. गृहस्थ जीवन सामान्य रहेगा और प्रेम जीवन बिता रहे लोग परिजनों के विरोध का सामना कर सकते हैं, इसलिए थोड़ी सी सावधानी रखें और मर्यादा ना लांघें.रोज सुबह चहलकदमी करते रहें शरीर निरोगी रहेगा।

आज का पंचांग

दिनांक : 22 दिसंबर 2025 , सोमवार
विक्रम संवत : 2082
मास : पोष , शुक्ल पक्ष
तिथि : द्वितीया प्रात: 10:54 तक
नक्षत्र : उत्तराषाढा रात्रि 05:33 तक
योग : ध्रुव सायं 04:40 तक
करण : कौलव प्रात: 10:54 तक
चन्द्रराशि : धनु प्रात: 10:07 तक
सूर्योदय : 06:41, सूर्यास्त 05:47 (हैदराबाद)
सूर्योदय : 06:37, सूर्यास्त 05:59 (बैंगलोर)
सूर्योदय : 06:31 , सूर्यास्त 05:50 (तिरुपति)
सूर्योदय : 06:31 , सूर्यास्त 05:40 (विजयवाडा)

शुभ चौघड़िया

अमृत : 06:00 से 07:30
शुभ : 09:00 से 10:30
चल : 01:30 से 03:00
लाभ : 03:00 से 04:30
अमृत : 04:30 से 06:00
राहुकाल : प्रात: 07:30 से 09:00
दिशाशूल : पूर्व दिशा
उपाय : दही धनिया खाकर यात्रा का आरंभ करें
दिन विशेष : उत्तरायण पुण्यकाल सूर्योदय से सूर्यास्त तक , सोम श्रवण अमृत सिद्धि योग रात्रि 05:33 से 06:40 तक

* पाण्डित्य विषय में सम्पर्क करें *
पं.चिदम्बर मिश्र (टिल्लू महाराज)
हमारे यहाँ पाण्डित्य पूर्ण यज्ञ अनुष्ठान, भागवत कथा एवं मूल पारायण, वास्तुशान्ति, गृहप्रवेश,शतचंडी, विवाह, कुंडली मिलान, नवग्रह शान्ति, ज्योतिष सम्बन्धी शंका समाधान किए जाते हैं
फक्कड़ का मन्दिर, रिकाबगंज, हैदराबाद, (तेलंगाना)
9246159232, 9866165126
chidamber011@gmail.com

दो वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक उपलब्धियां हुई हासिल : भजनलाल

जयपुर, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल की हैं। राज्य सरकार ने हर क्षेत्र और हर वर्ग के उत्थान के लिए निर्णय लिए हैं। विशेषकर युवाओं के सशक्तीकरण के लिए ठोस कदम उठाए गए हैं। उन्होंने युवाओं से स्वस्थ दिनचर्या का पालन करते हुए फिट रहने तथा प्रदेश के विकास में सक्रिय योगदान देने की अपील की जिससे प्रदेश नई ऊंचाइयों को छू सके। उन्होंने कहा कि अगर प्रदेशवासी एक कदम आगे बढ़ेंगे तो राजस्थान कई गुना आगे बढ़ेगा। शर्मा राज्य सरकार के दो वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य पर आयोजित हो रहे कार्यक्रमों की श्रृंखला में रविवार को 'रन फॉर विकसित राजस्थान' कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर उन्होंने अमर जवान ज्योति से 'रन फॉर विकसित राजस्थान' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। उन्होंने कहा कि गत सरकार के समय युवाओं के सपनों को रौंदते हुए पेपरलीक के अनेक प्रकरण हुए थे जबकि हमारी सरकार के कार्यकाल में 296 भर्ती परीक्षाएं आयोजित की गई, उनमें से एक भी पेप-रलीक नहीं हुआ है। हमारा लक्ष्य है कि युवाओं को पांच साल में चार लाख सरकारी नौकरियां दी जाएं। इसी क्रम में राज्य सरकार ने दो वर्ष के कार्यकाल में अब तक 92 हजार से अधिक नियुक्तियां प्रदान की हैं तथा 1.53 लाख पदों पर भर्ती प्रक्रियाधीन है। साथ ही, इस माह भी लगभग 20 हजार पदों पर युवाओं को नियुक्ति पत्र दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट के तहत हुए 35 लाख करोड़ रुपये के एमओयू में से 8 लाख करोड़ रुपये की ग्राउंड ब्रेकिंग की जा चुकी है।

राजस्थान भाजपा प्रदेशमंत्री एकता अग्रवाल का सम्मान

जयपुर, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

भारतीय जनता पार्टी की राजस्थान प्रदेशमंत्री श्रीमती एकता अग्रवाल के प्रदेशमंत्री बनने पर जयपुर स्थित उनके मालवीयनगर निवास पर शिष्टाचार भेंट एवं सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर झुंझुनू जिले के पचेरीकलां निवासी एवं वर्तमान में हैदराबाद प्रवासी, राष्ट्रीय हिन्दू वाहिनी संघ के प्रदेश अध्यक्ष अशोक कुमार सेन ने उन्हें गुलदस्ता भेंट कर शुभकामनाएं दीं।

भेंट के दौरान अशोक कुमार सेन और प्रदेशमंत्री एकता अग्रवाल के बीच पार्टी संगठन, आगामी कार्यक्रमों और राजनीतिक गतिविधियों को लेकर विचार-विमर्श किया गया। सेन ने प्रदेशमंत्री एकता अग्रवाल को हैदराबाद आगमन का औपचारिक निमंत्रण भी दिया।

इस अवसर पर अशोक कुमार सेन ने कहा कि आपके नेतृत्व में पार्टी को नई दिशा और नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि एकता अग्रवाल के प्रदेशमंत्री बनने से संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में उत्साह का संचार होगा।प्रदेशमंत्री एकता अग्रवाल ने भी शिष्टाचार भेंट के लिए आभार व्यक्त करते हुए संगठन को मजबूत करने की प्रतिबद्धता दोहराई।

कुचामन-डीडवाना में एसीबी की कार्रवाई

उपनिरीक्षक सहित पुलिस स्टाफ 6 लाख की रिश्वत लेते गिरफ्तार

जयपुर, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) मुख्यालय के निर्देश पर एसीबी अजमेर इकाई ने 20 दिसंबर 2025 की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए पुलिस थाना साइबर क्राइम सिरसा, हरियाणा के उप निरीक्षक सुरेन्द्र कुमार एवं अन्य पुलिस कर्मियों को 6,00,000 रुपये की अवैध व संदिग्ध रिश्वत राशि के साथ पकड़ा। एसीबी के अनुसार ब्यूरो को गोपनीय सूचना मिली थी कि हरियाणा पुलिस का स्टाफ हरियाणा में दर्ज एक साइबर क्राइम प्रकरण की जांच और आरोपियों की तलाश के नाम पर राजस्थान आया हुआ है तथा प्रकरण से जुड़े संदिग्ध व्यक्तियों को डराकर-धमकाकर अवैध रूप से रिश्वत वसूल कर वाहन संख्या एचआर-24-जीवी-2222 से हरियाणा लौट रहा है। सूचना पर एसीबी अजमेर रेंज के पुलिस अधीक्षक के सुपरवीजन में एसीबी चौकी अजमेर की अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में तत्काल कार्रवाई की गई। निरीक्षक पुलिस नरेन्द्र सिंह व टीम ने जिला डीडवाना-कुचामन के कुचामन सिटी थाना क्षेत्र के त्रिशिंगिया इलाके में आकस्मिक चैकिंग की।

चैकिंग के दौरान पुलिस थाना साइबर क्राइम सिरसा, हरियाणा के उप निरीक्षक एवं अन्य पुलिस कर्मियों को वाहन संख्या एचआर-24-जीवी-2222 में 6,00,000 रुपये की अवैध व संदिग्ध रिश्वत राशि का परिवहन करते हुए पकड़ा गया।

गौ सेवा को भावनात्मक नहीं, नीतिगत और जनआंदोलन का विषय बनाया जाए : महापात्र

जयपुर, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अखिल भारतीय गौ सेवा प्रमुख अजीत महापात्र ने कहा कि वर्तमान समय में गौ सेवा को भावनात्मक नहीं, बल्कि नीतिगत, सामाजिक और व्यवहारिक आधार पर आगे बढ़ाने की आवश्यकता है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि गौ संरक्षण केवल गोशालाओं तक सीमित न रहकर घर, मंदिर, कृषि और सरकारी नीतियों से जुड़ा विषय बनना चाहिए।

महापात्र रविवार को पाथेय कण संस्थान के नारद सभागार में आयोजित हस्तीमल जी स्मृति ईश्वर सृष्टि सम्मान एवं अमृतमयी गौ भारती ग्रंथ के विमोचन समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि देश में बड़ी संख्या में गोभक्त, संत, मठ-मंदिर और गोशालाएं मौजूद हैं, इसके बावजूद देशी गोवंश की स्थिति चिंताजनक बनी हुई है। उन्होंने सरकार से आग्रह किया कि गोशालाओं में देशी गोवंश और विदेशी नस्लों के पशुओं की स्पष्ट पहचान की जाए तथा उनके लिए अलग-अलग व्यवस्थाएं हों। देशी गोवंश के संरक्षण और संवर्धन को प्राथमिकता देना सरकार का दायित्व है।

उन्होंने कहा कि कृषि, दुग्ध उत्पादन और धार्मिक अनुष्ठानों में गौ आधारित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा दिया जाना चाहिए। रासायनिक उर्वरकों और कृत्रिम संसाधनों के स्थान पर प्राकृतिक एवं जैविक खेती को अपनाने से न केवल स्वास्थ्य बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी मदद मिलेगी।

आजीवन सीखना ही विद्यार्थी का कर्तव्य : हरिभाऊ बागडे

उदयपुर, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

मोहनलाल सुखाड़िया विश्वविद्यालय, उदयपुर के 33वें दीक्षांत समारोह में राज्यपाल एवं कुलाधिपति हरिभाऊ बागडे ने कहा कि दीक्षांत शिक्षा की समाप्ति नहीं, बल्कि जीवन की नई शुरुआत है। यहां से विद्यार्थी अपने अर्जित ज्ञान को समाज और राष्ट्र के हित में लगाने की दिशा में आगे बढ़ते हैं। रविवार को आरएनटी मेडिकल कॉलेज सभागार में आयोजित समारोह में शैक्षणिक सत्र 2024 के अंतर्गत विभिन्न संकायों के 91 मेधावी विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक एवं प्रायोजित स्मृति पुरस्कार प्रदान किए गए, जबकि 255 शोधार्थियों को पीएचडी (विद्या-वाचस्पति) की उपाधि दी गई। इस अवसर पर नवनिर्मित फार्मेसी भवन का डिजिटल उद्घाटन भी किया गया। राज्यपाल बागडे ने तैत्तिरीय उपनिषद् का उल्लेख करते हुए कहा कि धर्म का अर्थ कर्तव्य का पालन है। उन्होंने कहा कि आजीवन कुछ नया सीखते रहना और मानवता के कल्याण के लिए कार्य करना ही विद्यार्थी का सच्चा कर्तव्य है। उन्होंने प्राचीन गुरु-शिष्य परंपरा को याद करते हुए कहा कि पहले शिक्षा केवल पाठ्यक्रम तक सीमित नहीं थी, बल्कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास पर केंद्रित रहती थी।

चौ. ओमप्रकाश चौटाला सफल राजनेता थे वे मेरे सदैव मार्गदर्शक रहेंगे : डॉ. अजय सिंह

चंडीगढ़, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

हरियाणा के पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय चौधरी ओमप्रकाश चौटाला की प्रथम पुण्यतिथि पर जननायक जनता पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं ने उन्हें नमन किया हैं। शनिवार को जेजेपी द्वारा श्रद्धांजलि सभा और सामाजिक कार्यों का आयोजन करके ओमप्रकाश चौटाला को याद किया गया। सिरसा स्थित चौटाला हाउस में जेजेपी राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ अजय सिंह चौटाला, पूर्व कैबिनेट मंत्री रणजीत सिंह, जेजेपी युवा प्रदेश अध्यक्ष दिग्विजय सिंह चौटाला, पूर्व विधायक नैना सिंह ने ओपी चौटाला को श्रद्धांजलि अर्पित की। वहीं स्व. ओमप्रकाश चौटाला की कर्मभूमि जींद में आयोजित ब्लड डोनेशन कैंप में पूर्व उपमुख्यमंत्री दुष्यंत चौटाला और जेजेपी प्रदेश अध्यक्ष बृज शर्मा ने शिरकत की और इस दौरान दुष्यंत ने खुद रक्तदान किया।

जनता की समस्याओं का समयबद्ध तरीके से प्राथमिकता के साथ करें समाधान: विपुल गोयल

पंचकूला, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

जिला लोक संपर्क एवं कष्ट निवारण समिति की बैठक शनिवार को पंचकुला में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने की। बैठक में आमजन से जुड़ी शिकायतों और समस्याओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित, पारदर्शी और प्रभावी निवारण के स्पष्ट निर्देश दिए गए। बैठक में सांसद कार्तिकेय शर्मा एवं कालका से भाजपा विधायक शक्ति रानी शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। बैठक के पश्चात मीडिया से बातचीत करते हुए सांसद कार्तिकेय शर्मा ने कहा कि यह बैठक पूरी तरह जनसमस्याओं के समाधान को केंद्र में रखकर आयोजित की गई। उन्होंने बताया कि जनता द्वारा रखी गई सभी शिकायतों पर गंभीरता से विचार हुआ है और कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल की ओर से संबंधित विभागों को समयबद्ध एवं ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि प्रशासन जनता के प्रति जवाबदेह बने और समस्याओं का समाधान धरातल पर स्पष्ट रूप से दिखाई दे।

इस अवसर पर सांसद कार्तिकेय शर्मा ने गृहमंत्री अमित शाह के पंचकूला दौरे को लेकर कहा कि जब देश का शीर्ष नेतृत्व किसी जिले में आता है, तो वह केवल एक औपचारिक कार्यक्रम नहीं होता। ऐसे दौरों से प्रेरणा भी मिलती है और यह उस जिले के लोगों के लिए सौभाग्य का विषय भी होता है। शीर्ष नेतृत्व की उपस्थिति से विकास के संकल्प को मजबूती मिलती है और जनमानस में विश्वास का संचार होता है।

स्कूल चेयरमैन से फिरौती मामला

यूपी पुलिस ने सोनीपत से आरोपी को किया गिरफ्तार

पानीपत/सोनीपत, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

पानीपत में स्कूल चेयरमैन से ई-मेल के जरिए फिरौती मांगने के मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। यूपी पुलिस ने हरियाणा के सोनीपत जिले से आरोपी सन्नी उर्फ सनी को गिरफ्तार किया है। आरोपी ने पानीपत और मेरठ में अलग-अलग स्कूल संचालकों को धमकी भरे ई-मेल भेजकर लाखों रुपये की रंगदारी मांगी थी। पुलिस ने खझ एड्रेस ट्रैक कर आरोपी तक पहुंच बनाई। पानीपत के सेक्टर 13/17 क्षेत्र में चार स्कूलों के चेयरमैन विजेंद्र मान ने पुलिस को शिकायत दी थी कि 24 अगस्त को स्कूल की ई-मेल आईडी पर उन्हें धमकी भरा संदेश मिला, जिसमें 25 लाख रुपये की फिरौती मांगी गई थी। रकम न देने पर उन्हें और उनके परिवार को जान से मारने की धमकी दी गई थी। इस संबंध में 16 दिसंबर को संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया। इसी तरह मेरठ के नौचंदी थाना क्षेत्र स्थित द गुरुकुलम इंटरनेशनल स्कूल के संचालक कमलजीत सिंह को भी 10 दिसंबर को ई-मेल के जरिए 10 लाख रुपये की रंगदारी मांगी गई। ई-मेल में हथियारों की तस्वीरें और एक ऑडियो क्लिप भी शामिल थी।

मेरठ पुलिस ने मामले की जांच के दौरान Gmail के माध्यम से भेजे गए ई-मेल का खझ एड्रेस निकलवाया और Google से तकनीकी जानकारी प्राप्त की। खझ लोकेशन ट्रेस होने पर पुलिस टीम सोनीपत के गन्नौर क्षेत्र स्थित खेड़ी रोड, गांधी नगर पहुंची, जहां से आरोपी सन्नी उर्फ सनी को हिरासत में लिया गया।

पूछताछ में आरोपी ने दोनों मामलों में ई-मेल भेजने की बात स्वीकार कर ली। उसके सिस्टम से डिजिटल साक्ष्य भी बरामद किए गए हैं। जांच में यह भी सामने आया कि सन्नी के खिलाफ पहले से ही पानीपत के सेक्टर 13/17 थाने में इसी तरह का एक मामला दर्ज है। फिलहाल आरोपी मेरठ पुलिस की हिरासत में है, जबकि पानीपत पुलिस उसे प्रोडक्शन वारंट पर लाने की तैयारी कर रही है। पुलिस का कहना है कि मामले की आगे की जांच जारी है।

मनरेगा खत्म करने की साजिश: ग्रामीण भारत के लिए झटका, गरीबों से छीना रोजगार हक : राव नरेंद्र सिंह

नूंह/चंडीगढ़, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

हरियाणा कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष राव नरेंद्र सिंह ने मनरेगा को समाप्त कर उसकी जगह लाए गए तइ-ऋ ठच् ऋ कानून पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए इसे ग्रामीण भारत के खिलाफ सुनियोजित हमला करार दिया है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने एक ही दिन में मनरेगा के बीस वर्षों की उपलब्धियों को मिटा दिया है। राव नरेंद्र सिंह ने कहा कि मनरेगा का 'पुनर्गठन' बताना जनता के साथ धोखा है। यह अधिकार-आधारित और मांग पर मिलने वाली रोजगार गारंटी को खत्म कर दिल्ली से नियंत्रित, सीमित और मनमानी योजना में बदल देता है। यह कानून न केवल राज्यों के अधिकारों पर हमला है, बल्कि गांवों की आत्मनिर्भरता को भी कमजोर करता है, उन्होंने कहा। उन्होंने बताया कि मनरेगा ने ग्रामीण मजदूरों को मोलभाव की ताकत दी, जिससे मजदूरी बढ़ी, शोषण कम हुआ और मजबूरी में होने वाला पलायन रुका। ग्रामीण बुनियादी ढांचे के निर्माण के साथ-साथ इस योजना ने करोड़ों परिवारों को सम्मानजनक आजीविका दी। यही ताकत भाजपा सरकार को रास नहीं आ रही, उन्होंने ने विशेष रूप से महिलाओं पर पड़ने वाले दुष्प्रभाव को रेखांकित करते हुए कहा कि मनरेगा में हर साल महिलाओं की भागीदारी 50 प्रतिशत से अधिक रही है। जब रोजगार योजनाओं को सीमित किया जाता है, तो सबसे पहले महिलाएं, दलित, आदिवासी, भूमिहीन मजदूर और गरीब ओबीसी समुदाय बाहर कर दिए जाते हैं। यह सामाजिक न्याय के खिलाफ सीधा हमला है,

उन्होंने ने कोविड काल का हवाला देते हुए कहा कि जब देश की अर्थव्यवस्था ठप थी, तब मनरेगा ने करोड़ों लोगों को भूख, कर्ज और भुखमरी से बचाया। आज उसी सुरक्षा कवच को छीनने की कोशिश की जा रही है, उन्होंने कहा।

उन्होंने इस कानून को बिना स्थायी समिति की समीक्षा के संसद में जबरन पारित किए जाने पर भी कड़ी आपत्ति जताई। जो कानून करोड़ों ग्रामीण मजदूरों की जिंदगी को प्रभावित करता हो, उसे बिना विशेषज्ञ सलाह और सार्वजनिक चर्चा के पारित करना लोकतंत्र का अपमान है।

राव नरेंद्र सिंह ने स्पष्ट शब्दों में कहा, मनरेगा दुनिया की सबसे सफल गरीबी उन्मूलन योजनाओं में से एक है। कांग्रेस पार्टी, इस सरकार को ग्रामीण गरीबों, महिलाओं और वंचित वर्गों की आखिरी ढाल को खत्म नहीं करने देगी। हम मजदूरों, पंचायतों और राज्यों के साथ मिलकर इस कानून की वापसी तक संघर्ष

योगी का लघु व सीमांत किसानों को बड़ा तोहफा

विश्वास, सामाजिक समता, आत्मनिर्भरता की गारंटी है सहकारिता : योगी

लखनऊ,21 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो-2025 का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने इस क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वालों को सम्मानित भी किया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लघु व सीमांत किसानों को बड़ी सौगात दी। प्रदेश के अंदर यूपी सहकारी ग्राम विकास बैंक का रेट ऑफ इंटरेस्ट लगभग साढ़े 11 फीसदी है। किसानों को इसका काफी ब्याज देना होता है। सरकार इसे कम करने की दिशा में बढ़ रही है। लघु व सीमांत किसान को यह लोन अब महज 6 फीसदी पर मिले। मुख्यमंत्री कृषक समृद्धि योजना के अंतर्गत छह प्रतिशत पर लोन एलडीबी के माध्यम से उपलब्ध कराएंगे। शेष योगदान राज्य सरकार की ओर से किया जाएगा। पीएम मोदी के नेतृत्व की केंद्र सरकार ने पहली बार सहकारिता का नया मंत्रालय गठित किया। पहले यह कृषि मंत्रालय के अधीन छोटा आयाम हुआ करता था। पहले सहकारिता मंत्री के रूप में अमित शाह जी सहकारिता आंदोलन को नई ऊंचाई प्रदान कर रहे हैं। संयुक्त राष्ट्र संघ ने वर्ष 2025 को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष घोषित किया है। पीएम मोदी की प्रेरणा से हम लोगों ने सहकारिता के सुदृढ़ीकरण की दिशा में अनेक कदम उठाए हैं। सहकारिता आपसी विश्वास, सामाजिक समता और आत्मनिर्भरता की गारंटी भी है। दुनिया की एक चौथाई सहकारी समितियां भारत में हैं। इनमें 8.44 लाख से अधिक समितियां, 30 करोड़ से अधिक सदस्य पूरे अभियान में सामूहिक शक्ति के रूप में योगदान देने के लिए तत्पर हैं। 11 वर्ष में हमने बदलते भारत में देखा है कि तकनीक का उपयोग कर जीवन को सरल बनाते हुए भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था दी जा रही है। डिजिटलीकरण, ई-गवर्नेंस और पारदर्शी नीतियों के माध्यम से सहकारिता क्षेत्र में भी सुशासन व जवाबदेही सुनिश्चित होने की कार्रवाई बढ़ी है। एम पैक्स के माध्यम से बहुद्देश्यीय प्राथमिक ग्रामीण सहकारी समितियों के सदस्यता का विस्तार, वित्तीय समावेशन को जोड़ते हुए इसे बढ़ाने, कृषि व ग्रामीण विकास को बढ़ाने व सहकारिता आंदोलन को मजबूती प्रदान किया गया है।

सहकारिता वर्ष 2025 पर यूपी में पहली बार बड़े पैमाने पर कार्य हुए। 26 जनवरी को अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष का शुभारंभ किया गया। रन फॉर कॉरपोरेशन में हजारों लोगों ने सहभागिता की। 21 मार्च 2025 को यूपी स्टेट को-ऑपरेटिव लिमिटेड द्वारा एजीएम का आयोजन किया गया, इसमें स्टेक होल्डर्स को 76 करोड़ रुपये का ऑनलाइन लाभांश वितरित किया गया। छह जुलाई को केंद्रीय सहकारिता मंत्रालय के चौथे स्थापना दिवस पर 266 ड्रोन दीदियों को भी प्रमाण पत्र वितरित किए गए। 12 सितंबर से 30 नवंबर तक एम पैक्स सदस्यता का महाभियान प्रारंभ हुआ। इसमें 24 लाख नए सदस्यों के माध्यम से 43 करोड़ का शेयर कैपिटल भी प्राप्त हुआ। प्रदेश में पहली बार सितंबर 2023 में एमपैक्स सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। 30 लाख नए सदस्य बने और 70 करोड़ का शेयर कैपिटल प्राप्त हुआ था। आज जिला सहकारी बैंकों में दो लाख से अधिक बैंक अकाउंट और 550 करोड़ का डिपॉजिट है।

सीएम योगी ने 2017 से पहले डिस्ट्रिक्ट को-ऑपरेटिव बैंक की दुर्दशा का जिक्र करते हुए बताया कि 16 बैंक डिफॉल्टर घोषित हो गए थे। रिजर्व बैंक ने उनके लाइसेंस जब्त कर लिए थे, लेकिन अब यूपी के को-ऑपरेटिव बैंक डिफॉल्टर और बीमार नहीं हैं, बल्कि स्वयं स्वस्थ हैं और को-ऑपरेटिव से जुड़े सदस्यों के साथ ही किसान की समृद्धि में भी योगदान दे रहे हैं। शासन की अनेक योजनाओं को बढ़ाने का कार्य भी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूपी सरकार ने एम पैक्स को 10 लाख रुपये तक ब्याज मुक्त ऋण की सीमा दी है। इसे बढ़ाकर 15 लाख रुपये करने की दिशा में कदम बढ़ाएंगे, लेकिन उससे पहले मैनपॉवर की कमी पूरा करेंगे। 6760 एमपैक्स को उर्वरक व्यवसाय के लिए 10 लाख रुपये ब्याज मुक्त ऋण स्वीकृत किया गया है। इससे निरंतर उर्वरक आपूर्ति सुनिश्चित हुई है। हम लोगों ने प्रयास किया है कि प्रदेश में जितना भी फर्टिलाइजर, पेस्टिसाइड, केमिकल का वितरण होता है, उसका आधा को-ऑपरेटिव से जुड़े एम पैक्स, साधन सहकारी समितियों के माध्यम से वितरित हो, लेकिन इसके लिए मैनपॉवर को पूरा करना पड़ेगा। प्रत्येक में यह व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे तो किसान जुड़ेगा और सदस्य संख्या बढ़ेगी। एम पैक्स द्वारा 6400 करोड़ का व्यवसाय किया गया और 191 करोड़ रुपये का मुनाफा कमाया गया। 161 एम पैक्स ने जनऔषधि केंद्र के रूप में जेनरिक दवा उपलब्ध कराने की व्यवस्था की है। इसके माध्यम से उन्होंने अब तक 1 करोड़ 86 लाख रुपये से अधिक का व्यवसाय किया है। यूपी स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक अब नाबार्ड से ए श्रेणी बैंक के रूप में खुद को स्थापित किया है। आज प्रदेश में इसके द्वारा 40 शाखाएं संचालित हो रही हैं। सभी 50 जिला को-ऑपेरिटिव बैंक अब लाभांश कमा रहे हैं। पहले कई बीमार थे और बाकी भी बीमार होने की तरफ बढ़ रहे थे। समय रहते उस बीमारी का उपचार किया गया तो सभी स्वस्थ हो गए। 2024-25 में को-ऑपरेटिव बैंक ने 162 करोड़ दो लाख से अधिक का लाभ कमाया है।अच्छी सरकार आती है तो यही होता है। हमारा युवा सहकारिता आंदोलन के भविष्य का शिल्पी है। युवा सहकार सम्मेलन प्रदेश की समृद्धि में मील का पत्थर साबित होगा। पीएम ने भारत सरकार के माध्यम से 'सहकार से समृद्धि' व 'सहकार से आत्मनिर्भरता' का विजन दिया है कि 2047 में विकसित भारत की परिकल्पना को साकार करने की दिशा में सहकारिता आंदोलन को उतनी ही मजबूती से आगे बढ़ाना पड़ेगा पूर्व केंद्रीय मंत्री सुरेश प्रभु कैबिनेट मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, समाज कल्याण राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार असीम अरुण, सांसद बृजलाल, विधायक डॉ. नीरज बोरा, योगेश शुक्ल, राजेश्वर सिंह, अमरीश कुमार, जय देवी, विधान परिषद सदस्य मुकेश शर्मा, पवन सिंह चौहान, उमेश द्विवेदी, इंजी. अवनीश सिंह, रामचंद्र प्रधान, उप्र स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष जितेंद्र बहादुर सिंह आदि मौजूद रहे।

बुलंदशहर: पुलिस मुठभेड़ में 50 हजार का इनामी बदमाश जुबैर उर्फ पीटर ढेर, एक सिपाही घायल

बुलंदशहर,21 दिसंबर (एजेंसियां)। उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में पुलिस और बदमाशों के बीच हुई मुठभेड़ में 50 हजार रुपए का इनामी बदमाश जुबैर उर्फ पीटर मारा गया। मुठभेड़ के दौरान बदमाशों की ओर से की गई फायरिंग में एक पुलिसकर्मी भी घायल हो गया, जिसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान बदमाश जुबैर का एक साथी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया, जिसकी तलाश में पुलिस की कॉम्बिंग जारी है। मेरठ निवासी जुबैर उर्फ पीटर बुलंदशहर देहात थाना क्षेत्र में हुई लूट में वांछित था। उस पर लूट, डकैती, चोरी और गैंगस्टर एक्ट सहित कुल 47 गंभीर आपराधिक मुकदमे दर्ज बताए जा रहे हैं। पुलिस के मुताबिक, जुबैर अपने एक साथी के साथ देहात थाना क्षेत्र में किसी वारदात को अंजाम देने के इरादे से आया था।

पुलिस ने सयाना रोड पर चेकिंग के दौरान एक बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल पर सवार दो संदिग्धों को रोकने की कोशिश की। खुद को घिरता देख बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी और मेरठ की ओर भागने लगे। पुलिस ने तुरंत पीछा किया और आसपास के थानों को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गुलावठी थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई।

देहात और गुलावठी थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई के दौरान बदमाशों ने पुलिस पर कई राउंड फायर किए। आत्मरक्षा में की गई जवाबी फायरिंग में जुबैर उर्फ पीटर गोली लगने से घायल हो गया। वहीं, एक पुलिसकर्मी भी गोली लगने से घायल हुआ। दोनों को तुरंत अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने जुबैर को मृत घोषित कर दिया। घायल सिपाही का इलाज जारी है और उसकी हालत स्थिर बताई जा रही है।घटनास्थल से पुलिस ने एक पिस्टल, कारतूस और बिना नंबर प्लेट की मोटरसाइकिल बरामद की है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि जुबैर उर्फ पीटर पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित था और उसके खिलाफ 40 से अधिक मुकदमे दर्ज थे। फरार साथी की गिरफ्तारी के लिए इलाके में सघन कॉम्बिंग अभियान चलाया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने वाराणसी व महराजगंज के डीएम को किया सम्मानित

लखनऊ,21 दिसंबर (एजेंसियां)। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष 2025 के अंतर्गत रविवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान के जूपिटर हॉल में युवा सहकार सम्मेलन एवं यूपी को-ऑपरेटिव एक्सपो2025 का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में सहकारिता विभाग की उपलब्धियों व नवाचारों पर आधारित लघु फिल्म भी दिखाई गई। साथ ही मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व पूर्व केंद्रीय मंत्री ने वाराणसी व महराजगंज के वर्तमान जिलाधिकारी समेत उत्कृष्ट कार्य करने वालों को भी सम्मानित किया। सीएम ने विभिन्न योजनाओं के लिए ऋण का चेक भी प्रदान किया। डीएम वाराणसी सत्येंद्र कुमार को महराजगंज, बाराबंकी व वाराणसी में सहकारिता में सर्वांगीण विकास व मार्गदर्शन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए सम्मान मिला।डीएम महाराज गंज संतोष कुमार शर्मा एम पैक्स सदस्यता महाभियान-2025 में प्रदेश में सर्वाधिक 1.22 लाख सदस्य बनाने और सर्वाधिक 28 हजार ऑनलाइन सदस्य जोड़ने के लिए सम्मानित हुए।

एसजीआरवाई घोटाला: सीबीआई कोर्ट ने डीआरडीए बलिया के तत्कालीन सीएफएओ समेत तीन को सुनाई 5 साल की सजा

लखनऊ,21 दिसंबर (एजेंसियां)। संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (एसजीआरवाई) में हुए बड़े घोटाले के मामले में लखनऊ की सीबीआई कोर्ट ने कड़ा फैसला सुनाया है। कोर्ट ने जिला ग्रामीण विकास अभिकरण (डीआरडीए) बलिया के तत्कालीन मुख्य वित्त एवं लेखा अधिकारी (सीएफएओ) सत्येंद्र सिंह गंगवार समेत तीन लोगों को दोषी ठहराते हुए पांच साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। साथ ही तीनों पर कुल 77 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया। यह फैसला शनिवार को सुनाया गया। सजा पाने वालों में तत्कालीन कनिष्ठ लेखा लिपिक अशोक कुमार उपाध्याय और एक अन्य व्यक्ति रघुनाथ यादव शामिल हैं। अदालत ने माना कि इन तीनों ने मिलकर सरकारी खजाने को एक करोड़ रुपए से अधिक का नुकसान पहुंचाया। सीबीआई के अनुसार, 31 अक्टूबर 2008 को एफआईआर दर्ज की गई थी। सीबीआई ने थाना गड़वार, जिला बलिया में दर्ज केस को अपने हाथ में लिया था। इस मामले में कुल 135 आरोपियों के खिलाफ जांच शुरू की गई थी।आरोप था कि आरोपियों ने संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना के तहत सरकारी धन और खाद्यान्न का बड़े पैमाने पर दुरुपयोग किया। जांच में सामने आया कि 75,12190 रुपए की राशि और लगभग 31.10 लाख रुपए मूल्य के खाद्यान्न का गबन किया गया। इसके लिए धोखाधड़ी, जालसाजी, फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल और सरकारी रिकॉर्ड को गायब करने जैसे गंभीर अपराध किए गए।जांच पूरी होने के बाद सीबीआई ने 30 जून 2010 को तीनों आरोपियों के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल किया। लंबी सुनवाई और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने सभी आरोपों को सही पाया और तीनों को दोषी करार दिया।सीबीआई कोर्ट के इस फैसले को सरकारी योजनाओं में भ्रष्टाचार के खिलाफ एक सख्त संदेश माना जा रहा है। यह निर्णय बताता है कि जनकल्याणकारी योजनाओं में गड़बड़ी करने वालों को कानून के तहत सजा से बचाया नहीं जाएगा।

हम सब मिलकर अरावली बचाएं और भाजपा को जनता-जनमत की ताकत से हराएं : अखिलेश

लखनऊ,21 दिसंबर (एजेंसियां)। समाजवादी पार्टी (सपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधा और कहा कि आइए हम सब मिलकर अरावली बचाएं और भाजपा की राजनीति को जनता और जनमत की ताक़त से हराएं। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने रविवार को सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा कि बची रहे जो 'अरावली' तो दिल्ली रहे हरीभरी। अरावली को बचाना कोई विकल्प नहीं है बल्कि ये तो संकल्प होना चाहिए। मत भूलिए कि अरावली बचेगी तो ही एनसीआर बचेगा। उन्होंने कहा कि अरावली को बचाना अपरिहार्य है क्योंकि यह दिल्ली और एनसीआर के लिए एक प्राकृतिक सुरक्षा कवच है या कहें कुदरती ढाल है। अरावली ही दिल्ली के ओझल हो चुके तारों को फिर से दिखा सकती है, पर्यावरण को बचा सकती है। सपा प्रमुख ने कहा कि अरावली पर्वतमाला ही दिल्ली के वायु प्रदूषण को कम करती है और बारिश-पानी में अहम भूमिका निभाती है। अरावली से ही एनसीआर की जैव विविधता बची हुई है। जो वेटलैंड गायब होते चले जा रहे हैं, उन्हें यही बचा सकती है। गुम हो रहे परिंदों को वापस बुला सकती है। अरावली से ही एन-सीआर का तापमान नियंत्रित होता है। इसके अलावा, अरावली से एक भावात्मक लगाव भी है जो दिल्ली की सांस्कृतिक-ऐतिहासिक धरोहर का हिस्सा है।

सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा कि अरावली

को बचाना दिल्ली के भविष्य को बचाना है, नहीं तो एक-एक सांस लेने के लिए संघर्ष कर रहे दिल्लीवासी स्मॉग जैसे जानलेवा हालात से कभी बाहर नहीं आ पाएंगे। आज एनसीआर के बुजुर्ग, बीमार और बच्चों पर प्रदूषण का सबसे खराब और खतरनाक असर पड़ रहा है। यहां के विश्व प्रसिद्ध हॉस्पिटल और मेडिकल सर्विस सेक्टर तक बुरी तरह प्रभावित हुआ है, जो लोग बीमारी ठीक करने दिल्ली आते थे, वो अब और बीमार होने नहीं आ रहे हैं।उन्होंने कहा कि यही हाल रहा तो उत्तर भारत के सबसे बड़े बाजार और आर्थिक केंद्र के रूप में भी दिल्ली अपनी अहमियत खो देगी। ऋविदेशी तो छोड़िए, देश के पर्यटक भी यहाँ नहीं आएंगे। ऋन ही दिल्ली में कोई बड़ा इवेंट आयोजित होगा। ऋन ही कोई राजनीतिक, शैक्षिक, अकादमिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, साहित्यिक सम्मेलन आयोजित होगा। ऋन ही ओलंपिक, कॉमनवेल्थ या एशियाड जैसी कोई बड़ी खेल प्रतियोगिता आयोजित होगी। ऋयहाँ के होटल, रेस्टोरेंट, टैक्सी-कैब, गाइड, हैंडीक्राफ्ट बिज़नेस, हर काम-कारोबार व अन्य सभी आर्थिक-सामाजिक गतिविधियां ठप्प हो जाने के कगार पर पहुंच जाएंगी।

उन्होंने कहा कि जब प्रदूषण की वजह से हवाई जहाज नहीं चलेंगे, ट्रेनें घंटों लेट होंगी, सड़क परिवहन असुरक्षित हो जाएगा, तो दिल्ली कौन आएगा? यहां तक कि इसका असर ये भी पड़ेगा कि लोग अपने बेटी-बेटे की शादी तय करने से पहले दिल्ली के हवा-पानी के बारे में सोचने लगेंगे।

अखिलेश ने कहा कि ऋइसीलिए हर नागरिक के साथ हर स्कूल-कोचिंग, हर व्यापारी, हर कारोबारी, हर दुकानदार, हर रेहड़ी-पटरीवाले, हर घर-परिवार तक को 'अरावली बचाओ' अभियान का हिस्सा बनना चाहिए। उन्होंने कहा कि हर चैनल, हर अखबार को ये अभियान चलाना चाहिए। जो लोग सरकार की चाटुकारिता कर रहे हैं, वो भी समझ लें कि उनका स्वयं का जीवन भी खतरे में है। अरावली को बचाना मतलब ख़ुद को बचाना है। पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि अगर अरावली का विनाश नहीं रोका गया तो भाजपा की अवैध खनन को वैध बनाने की साज़िश और जमीन की बेइंतहा भूख देश की राजधानी को दुनिया की 'प्रदूषण राजधानी' बना देगी और लोग दिल्ली छोड़ने को बाध्य हो जाएंगे।

अटल आवासीय विद्यालय बनेंगे फ्यूचर रेडी लर्निंग हब

लखनऊ,21 दिसंबर (एजेंसियां)। यूपी में अटल आवासीय विद्यालय अब केवल आवासीय शिक्षा संस्थान नहीं रहेंगे बल्कि आधुनिक तकनीकी शिक्षा और नवाचार के केंद्र के रूप में विकसित किए जाएंगे। राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी विजन के अनुरूप प्रदेश सरकार अटल आवासीय विद्यालय में कम्पोजिट स्किल इनोवेशन लैब स्थापित करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इस पहल का उद्देश्य ग्रामीण, श्रमिक और वंचित पृष्ठभूमि से आने वाले छात्रों को ड्रोन टेक्नोलॉजी, रोबोटिक्स, ऑटोमेशन, स्पेस साइंस, 3डी प्रिंटिंग और एआई जैसी आधुनिक तकनीकों का व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना है। यह पहली बार होगा जब इन वर्गों के छात्र स्कूली स्तर पर अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे। परियोजना को मिशन मोड में लागू किया जाएगा। दो महीने में पायलट प्रोजेक्ट के तहत चयनित विद्यालयों में इनोवेशन लैब की स्थापना की जाएगी। छह महीने के भीतर सभी अटल आवासीय विद्यालयों में लैब पूरी तरह क्रियाशील हो जाएगी। उत्तर प्रदेश भवन एवं सन्निर्माण कर्मकार कल्याण बोर्ड की सचिव एवं अटल आवासीय विद्यालयों की महानिदेशक पूजा यादव ने बताया कि परियोजना के लिए आवश्यक वित्तीय संसाधन सुनिश्चित कर लिए गए हैं, जिससे कार्य में किसी प्रकार की बाधा नहीं आएगी।लैब संचालन और प्रशिक्षण के लिए देश की प्रमुख तकनीकी संस्थाओं और विशेषज्ञ एजेंसियों का सहयोग लिया जाएगा। सरकार का विश्वास है कि यह पहल उत्तर प्रदेश को टेक्नोलॉजी ड्रिवन एजुकेशन हब के रूप में स्थापित करेगी।

पर्यटन विभाग निकालेगा गणतंत्र दिवस पर बुन्देलखण्ड पर आधारित शोभा यात्रा एवं झांकी

बुन्देलखण्ड की सांस्कृतिक विरासत एवं शौर्य गाथा का होगा प्रदर्शन : जयवीर

लखनऊ 21 दिसम्बर। यूपी सरकार गणतंत्र दिवस समारोह का आयोजन करने जा रही है। राष्ट्रीय उत्सव को और गरिमामय स्वरूप प्रदान करने के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश पर्यटन विभाग द्वारा भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया जा रहा है, जो 'बुंदेलखंड' की थीम पर आधारित होगी। शोभायात्रा के माध्यम से बुंदेलखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत, शौर्य, लोक परंपराओं और विविधता को प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत किया जाएगा। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने ने बताया कि यह थीम बुंदेलखंड की वास्तुकला, वीरतापूर्ण विरासत तथा सांस्कृतिक पहचान को उसके प्रतिष्ठित किलों-कालिंजर, झांसी, ओरछा, चरखारी और महोबा के माध्यम से प्रस्तुत करेगी, जो साहस, धरोहर और क्षेत्रीय कला-कौशल के प्रतीक हैं। शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए पर्यटन विभाग ने एजेंसी चयन की प्रक्रिया शुरू कर दी है।शोभायात्रा में कथानक के माध्यम से बुंदेलखंड की गौरवशाली विरासत को सशक्त और प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया जाएगा। इसमें क्षेत्र के प्राचीन स्थापत्य, सांस्कृतिक परंपराओं, लोककला और जीवनशैली को रेखांकित करते हुए उसकी अलग पहचान को उभारा जाएगा। कथानक में वीरता एवं शौर्य के उन ऐतिहासिक प्रतीकों को भी प्रस्तुत किया जाएगा, जिन्होंने इस भाग को साहस और स्वाभिमान की भूमि के रूप में स्थापित किया है। इसके अतिरिक्त, बुंदेलखंड के किलों और महलों की पर्यटन संभावनाओं को दर्शाते हुए यह संदेश दिया जाएगा कि यह क्षेत्र विरासत, संस्कृति और पर्यटन के दृष्टिकोण से देश-विदेश के पर्यटकों के लिए आकर्षक गंतव्य बनने की क्षमता रखता है।बुंदेलखंड की लोक संस्कृति की झलक प्रस्तुत करती शोभायात्रा दर्शकों को प्रदेश की विरासत, परंपरा और उत्सव के रंगों में सराबोर कर देगी। बुंदेली सांस्कृतिक नृत्य कलाकार शोभायात्रा के दौरान रंगारंग प्रस्तुति देते हुए पारंपरिक वेशभूषा में सजे-धजे नजर आएंगे। ढ़ोल-नगाड़ों की थाप के साथ उनकी ऊर्जावान प्रस्तुति वातावरण को उत्साह से भर देगी। शोभायात्रा महज सांस्कृतिक प्रस्तुति नहीं, बल्कि बुंदेलखंड के शौर्य, स्वाभिमान और समृद्ध विरासत का उत्सव होगा। बुंदेलखंड थीम के माध्यम से हम अपनी ऐतिहासिक धरोहर, लोक परंपराओं और स्थापत्य को राष्ट्रीय मंच पर प्रभावशाली रूप में प्रस्तुत करेंगे। यह आयोजन न केवल क्षेत्र की विशिष्ट पहचान को सुदृढ़ करेगा, बल्कि बुंदेलखंड को पर्यटन के एक प्रमुख आकर्षण के रूप में स्थापित करने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति अमृत अभिजात ने बताया कि गणतंत्र दिवस 2026 के अवसर पर बुंदेलखंड थीम आधारित शोभायात्रा राज्य की सांस्कृतिक विरासत को नवाचार और गरिमा के साथ प्रस्तुत करने का सशक्त माध्यम होगी। विभागीय प्रयास है कि शोभायात्रा के माध्यम से बुंदेलखंड की विशिष्ट पहचान और पर्यटन संभावनाओं को नई गति मिले।

ग्रामीणों की जीविका का जरिया माघ मेला

लखनऊ/प्रयागराज ,21 दिसंबर (एजेंसियां)। प्रयागराज में त्रिवेणी के तट पर 3 जनवरी से होने जा रहे माघ मेला की शुरूआत के लिए अब दो हफ्ते का समय है । आस्था और अध्यात्म के यह महा समागम लाखों लोगों की जीविका का जरिया भी बन रहा है। महाकुंभ नगर के अंतर्गत आने वाले गांवों में की ग्रामीण महिलाओं की जीविका के महाकुंभ ने नए अवसर दे दिए हैं। संगम किनारे 3 जनवरी से आयोजित होने जा रहा माघ मेला होटल, ट्रैवल और टेंटेज , फूड जैसे औद्योगिक सेक्टर के साथ छोटे मोटे काम करने वाले लोगों के लिए भी जीविका के अवसर प्रदान कर रहा है। गंगा किनारे आकार ले रही तंबुओं के इस नगर के अंतर्गत आने वाले 27 गांवों में पशुपालन से जुड़े कार्य में लगे परिवारों की 15 हजार से अधिक आबादी के लिए इस आयोजन ने जीविका का जरिया दे दिया है। नदी किनारे बसे कई गाँवों में इन दिनों ईंधन के परम्परागत रूप उपलों का नया बाजार विकसित होने लगा है। इन गाँवों में नदी किनारे बड़ी तादाद में उपलों की मंडी बन गई है । गाँवों में इन दिनों गोबर से बने उपलों को बनाने में स्थानीय महिलाएं पूरे दिन लगी रहती हैं । मेला क्षेत्र के गंगा किनारे बसे बदरा सोनौटी गांव की विमला यादव का कहना है कि घर में चार भैंस और गाय हैं जिनसे साल भर हम उपले बनाते हैं और इन्हें इकट्ठा करते रहते हैं। माघ के महीने में कल्पवास करने आने वाले कल्पवासियों के यहां इनको भेजते हैं। मलावा खुर्द गांव की आरती सुबह से ही अपने घर की आम तौर पर खाली रहने वाली महिलाओं के साथ मिट्टी के चूल्हे तैयार करने में जुट जाती हैं। आरती बताती हैं कि माघ मेले में कल्पवास करने आने वाले श्रद्धालुओं का खाना इन्ही चूल्हों पर तैयार होता है । प्रयागराज सर्वाधिक कमाई करने वाले नाविक समाज में इस बार माघ मेले को लेकर सबसे अधिक उम्मीदें हैं। लगभग कर निषाद परिवार इस समय नई नाव संगम में उतारने की तैयारी में लगा है जिसके पीछे महाकुम्भ 2025 का उसका सुखद अनुभव है। दारागंज के दशाश्वमेध घाट की निषाद बस्ती में रहने वाले बबलू निषाद बताते हैं कि उन्होंने अपने रिश्तेदारों तक को माघ मेले के एक महीने के लिए बुला लिया है। माघ मेले में सरकार की तरफ से जिस तरह 12 से 15 करोड़ लोगों के आने का अनुमान है उसमें अगर 5 करोड़ भी नावों से त्रिवेणी आए तो एक बार नाविक समाज की तकदीर बन जाएगी। कल्पवास करने की शुरुआत करने वालों की संख्या में हर बार इजाफा होता है। एडीएम मेला दयानंद प्रसाद के मुताबिक इस बार माघ मेले में 6 हजार से अधिक संस्थाएं बसाई जा रही हैं । इसमें 4 लाख से अधिक कल्पवासियों को भी जगह मिलेगी ।धर्माचार्य, साधु संतऔर कल्पवासी पुरानी व्यवस्था के अंदर ही खाना बनाते हैं। कुछ स्थानों पर आग लगने की घटनाओं में हीटर और छोटे गैस सिलेंडर का इस्तेमाल बड़ी वजह पाई जाने के मेला प्रशासन ने शिविरों में हीटर और छोटे गैस सिलेंडर के इस्तेमाल पर रोक लगा दी । नई व्यवस्था की वजह से भी अब गांव की इन महिलाओं के हाथ से बने उपलों और मिट्टी के चूल्हों की मांग बढ़ गई है।

श्रीलंका ने असलंका की जगह शनाका को नया कप्तान बनाया

कोलंबे, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

श्रीलंकाई क्रिकेट बोर्ड ने आगामी टी20 विश्व कप से पहले कप्तानी से चरित असलंका को हटा दिया है। वहीं दासुन शनाका को नया कप्तान बनाया गया है। चयन समिति के प्रमुख प्रमोदया विक्रमसिंघा ने कहा कि शनाका को लंबा अनुभव है। उन्होंने तीन विश्वकप खेले हैं। वहीं असलंका का फार्म पिछले काफी समय से अच्छा नहीं रहा है। वहीं दूसरी ओर कहा जा रहा है कि असलंका पिछले महीने सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान दौरे पर जाने से इंकार कर दिया था, इसी कारण उन्हें कप्तानी से हटाया गया है। विक्रमसिंघे के अनुसार, असलंका की खराब बल्लेबाजी फार्म और कप्तानी के बढ़ते बोझ को देखते हुए उनकी जगह शनाका को कप्तानी दी गयी है। असलंका टीम में एक विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में बने रहेंगे। बोर्ड चाहता है कि असलंका बिना किसी दबाव के बल्लेबाजी करें। विक्रमसिंघा ने कहा ,नये कप्तान शनाका आलराउंडर की भूमिका निभाएंगे। हमें उम्मीद है कि असलंका बल्लेबाजी में अपनी लय हासिल कर लेंगे। मुख्य कोच सनत जयसूर्या से सलाह के बाद हमने तय किया कि बहुत सारे बदलाव करने की जरूरत नहीं है इसलिए टीम में अधिक बदलाव नहीं किये हैं। वहीं विकेटकीपर बल्लेबाज निरोशन डिकवेला की चार साल बाद टीम में वापसी हुई है।

श्रीलंका प्रारंभिक टीम : दासुन शनाका (कप्तान), पाथुम निसांका, कुसल मेंडिस, कामिल मिशारा, कुसल परेरा, धनंजय डिसिल्वा, निरोशन डिकवेला, जनिथ लियानागे, चरित असलंका, कामिंदु मेंडिस, पवन रत्नायके, सहन अराचिगे, वानिंदु हसरंगा, दुनिथ वेलालागे, मिलन रत्नायके, नुवान तुषारा, एशान मलिंगा, दुष्मंता चामीरा, प्रमोद मदुशान, मथीशा पथिराना, दिलशान मदुशंका, महीष तीक्षणा, दुशान हेमंता, विजयकांत वियासकांत, ट्रावीन मैथ्यू।

ईपीएल : हालैंड के गोली से मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को 3-0 से हराया

लंदन। एर्लिंग हालैंड के अच्छे प्रदर्शन से मैनचेस्टर सिटी ने वेस्ट हैम को 3-0 से हराकर इंग्लिश प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबाल में अपना पांचवां मुकाबला जीता। इस मैच में किये दो गोल से हालैंड अब ईपीएल में सबसे अधिक गोल करने वाले खिलाड़ी बन गये हैं। इससे हालैंड ने अब ईपीएल में सबसे अधिक गोल करने वाले पुर्तगाल के क्रिस्टियानो रोनाल्डो का रिकार्ड तोड़ दिा है। हालैंड के प्रीमियर लीग में 104 गोल हो गए जबकि रोनाल्डो 103 हैं। मैनचेस्टर सिटी को इस जीत से तीन अंक मिले हालांकि आर्सनल अब भी लीग में शीर्ष पर बनी हुई है। आर्सेनल ने विक्टर ग्योकेरेस के पहले हाफ में पेनल्टी पर किए गोल से एवर्टन को 1-0 से हराया। इससे अब तय है कि आर्सेनल अब लीग में पांचवीं बार शीर्ष पर बना रहेगा।

न्यूज ब्रीफ

ईशान किशन की वापसी पर गावस्कर ने खुशी जतायी

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान किशन को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल किये जाने पर खुशी जतायी है। गावस्कर ने कहा कि जिस प्रकार का अच्छा प्रदर्शन हाल के दिनों मे ईशान ने किया था उससे उनकी वापसी तय थी। गावस्कर ने कहा, मैं ईशान के लिए बहुत खुश हूं. वह कुछ समय टीम से बाहर रहे पर झारखंड को ट्राफी दिलाकर उसने शानदार वापसी की। वहीं गावस्कर ने बल्लेबाज शुभमन गिल को बाहर किए जाने पर हैरानी जतायी पर कहा कि फार्म में नहीं होने से उन्हें आराम दिया गया है। उन्होंने कहा, वह अच्छे बल्लेबाज हैं और उनका प्रदर्शन 2024 टी20 विश्व कप के बाद से ही सराहनीय रहा ह। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हालांकि वह रन नहीं बना पाये कुछ मैचों में उन्हें परेशानी हुई पर फार्म आती-जाती है। टी20 में शुरुआत से ही तेज खेलना होता है, अगर लय न हो तो मुश्किल हो जाती है। इसी कारण शायद उन्हें बाहर किया गया है। गावस्कर ने कहा, उनका स्वाभाविक खेल टेस्ट क्रिकेट के लिए ज्यादा सही है। वह टी20 में तेज रन बनाने के लिए संघर्ष करते हैं पर वह बहुत अच्छे खिलाड़ी है। हमने यह आईपीएल में भी देखा है, इसलिए टी20 उनके लिए नया प्रारुप नहीं है। गावस्कर ने जितेश को बाहर किये जाने पर दुख जताते हुए कहा, जितेश ने कुछ भी गलत नहीं किया। उन्हें जितने मौके मिले, वह अच्छे विकेटकीपर साबित हुए। उनके लिए परेशान है पर युवा होने के कारण वह वापसी करेंगे।

जितेश को टी20 विश्वकप के लिए शामिल नहीं किये जाने पर आरसीबी हैरान

नई दिल्ली। आईपीएल फ्रैंचाइजी रायल चैलेंजर्स बेंगुलरु (आरसीबी) ने युवा विकेटकीपर बल्लेबाज

जितेश शर्मा को टी20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम में शामिल नहीं किये जाने पर हैरानी जतायी है। इसके बाद से ही जितेश को टीम से बाहर किये जाने पर सवाल उठ रहे हैं। जितेश की जगह पर इशान किशन को अवसर मिला है। ईशान को बैकअप विकेटकीपर-बल्लेबाज के शामिल किया गया गहै। ईशान ने सैयद मुश्ताक अली ट्राफी 2025 में सबसे अधिक रन बनाने के साथ ही अपनी कप्तानी में झारखंड को खिताबी जीत भी दिलायी। माना जा रहा है कि इसी कारण दो साल बाद इशान की टीम मे वापसी हुई है। वहीं जितेश का चयन तय माना जा रहा था पर अंतिम समय पर उन्हें बाहर कर दिया गया। मुख्य चयनकर्ता अजीत अगरकर का कहना है कि जितेश ने कुछ गलत नहीं किया पर टीम संयोजन को देखते हुए उन्हें जगह नहीं मिल पायी। इशान किशान को विकेटकीपिंग के साथ ही बेहतर बल्लेबाज होने के कारण जगह दी गयी। अगरकर के अनुसार हमें ऐसा विकेटकीपर चाहिये था जो जारी की शुरुआत भी कर सके। जितेश को टीम में जगह न मिलने के बाद उनकी आईपीएल टीम ने एक पोस्ट भी साझा कर उनका हौंसला बढ़ाया है। साथ ही कहा कि हम आईपीएल में उनसे अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद करते हैं। आरसीबी ने निलामी में जितेश को 11 करोड़ रुपये में खरीदा था और इस सत्र में भी उन्हें बरकार रखा है। जितेश ने टीम के पहले आईपीएल खिताब जीतने में अहम भूमिका निभाई थी। इस बल्लेबाज ने 15 मैचों की 11 पारियों में 261 रन बनाए, जिसमें उनका स्ट्राइक रेट 176.35 रहा था।

न्यूजीलैंड के कान्वे ने बनाये रिकार्ड, एक ही टेस्ट में दोहरा शतक और शतक लगाने वाले पहले कीवी खिलाड़ी बनें

आकलैंड। न्यूजीलैंड के अनुभवी खिलाड़ी डेवोन कान्वे ने वेस्टइंडीज के खिलाफ चौथे टेस्ट मैच में एक अहम

उपलब्धि अपने नाम की है। कान्वे ने पहली पारी में दोहरा शतक लगाने के बाद दूसरी पारी में भी शतक लगाया है। इस प्रकार वह न्यूजीलैंड की ओर से एक टेस्ट में पहली पारी में दोहरा शतक और दूसरे पारी में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बन गये हैं। कान्वे ने टीम के लिए पहली पारी में 227 रन जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 100 रन बनाए। इस प्रकार मैच में उन्होंने कुल 327 रन बनाये हैं। वोन कान्वे ने इस टेस्ट मैच में कुल मिलाकर 327 रन बनाये। यह एक टेस्ट में न्यूजीलैंड के किसी बल्लेबाज का तीसरा सबसे ज्यादा स्कोर है। इससे पहले स्टीफन फ्लेमिंग ने साल 2003 में श्रीलंका के खिलाफ 343 रन (274 और 69) रन बनाए थे। वहीं मार्टिन क्रो ने साल 1991 में श्रीलंका के खिलाफ 329 रन (299 और 30) बनाए थे।

ऑस्ट्रेलिया ने तीसरे एशेज टेस्ट में इंग्लैंड को 82 रन से हराया, सीरीज में 3-0 से बनाई अजेय बढ़त

एडिलेड, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

आस्ट्रेलिया ने इंग्लैंड को तीसरे एशेज टेस्ट में 82 रनों से हरा दिया है। एडिलेड में खेले गए इस टेस्ट मैच में आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी के शतक (106) और उस्मान ख्वाजा के अर्धशतक (82) की मदद से 371 रन बनाए। इसके जवाब में इंग्लैंड टीम ने कप्तान बेन स्टोक्स के 83 रन की बदौलत अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए। इससे आस्ट्रेलिया को 85 रन की बढ़त मिली।

इसके बाद दूसरी पारी में मेजबान टीम आस्ट्रेलिया ने सलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड की 170 रनों की शानदार पारी के दम पर 349 रन बनाए और कुल 434 रनों की बढ़त हासिल की। इससे इंग्लैंड को जीत के लिए 435 रनों का लक्ष्य मिला। जवाब में रविवार को मैच के अंतिम दिन दूसरी पारी में इंग्लैंड की टीम 352 रनों पर आलआउट हो गई और लगातार तीसरा मुकाबला हार गई। इस मैच में जीत के साथ मेजबान आस्ट्रेलिया ने पांच मैचों की एशेज सीरीज में 3-0 से अजेय बढ़त बना ली है। आस्ट्रेलियाई टीम ने पहले टेस्ट मैच को 8 विकेट से जीता था। इसके बाद दूसरे टेस्ट मैच में भी 8 विकेट से जीत दर्ज की थी। सीरीज का अगला मुकाबला 26 दिसंबर से मेलबर्न में खेला जाएगा।

इंग्लैंड की दूसरी पारी 352 रन पर ढेरचौथे दिन के स्कोर 6 विकेट पर 207 रन के आगे खेलते हुए इंग्लैंड ने रविवार को पांचवें दिन कुछ देर तक संघर्ष जरूर दिखाया। टीम ने अच्छी शुरुआत की। जैमी स्मिथ और विल जैक्स ने 50 रनों से अधिक की साझेदारी कर टीम के लिए थोड़ी उम्मीद जगाई, लेकिन 285 के स्कोर पर जेमी पवेलियन लौट गए। उन्होंने 83 गेंदों में 60 रन बनाए। उन्हें मिचेल स्ट्राक ने कमिंस के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद विल जैक्स भी 47 रन बनाकर आउट हो गए। जोफ्रा आर्चर 3 रन और जोश टंग एक रन बनाकर सस्ते में आउट हुए। ब्रैंडन कार्स 39 रन बनाकर नाबाद रहे। वहीं इससे पहले जैक क्राउली ने 85 रन, जो रूट ने 39 रन और हैरी ब्रुक ने 30 रन बनाए। इंग्लैंड की दूसरी पारी 352 रनों पर खत्म हुई और एशेज सीरीज भी उनके हाथ से फिसल गई।

आस्ट्रेलिया के लिए कप्तान पैट कमिंस, तेज गेंदबाज मिचेल स्टार्क और स्पिनर नाथन लियोन ने 3-3 विकेट लिए, जबकि एक विकेट स्काट बोलेंड को मिला।

आस्ट्रेलिया ने पहली पारी में बनाए 371 रनमुकाबले में टास जीतकर पहले बल्लेबाजी के लिए उतरी आस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 371 रन बनाए। टीम के लिए विकेटकीपर बल्लेबाज एलेक्स कैरी ने शानदार शतक जड़ते हुए 143 गेंदों में 8 चौके और एक छक्के की मदद से 106 रन की पारी खेली। उनके अलावा बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा ने 126 गेंदों पर 10 चौकों की मदद से 82 रन और मिचेल स्टार्क ने 75 गेंदों में 54 रन बनाए। अन्य कोई बल्लेबाज बड़ी पारी नहीं खेल पाया।

इंग्लैंड की ओर से तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 5 विकेट लिए। ब्रैंडन कार्स और विल जैक्स ने 2-2 विकेट और जोश टंग ने एक विकेट हासिल किया।

इंग्लैंड की पहली पारी

इंग्लिश टीम ने अपनी पहली पारी में 286 रन बनाए। टीम के कप्तान बेन स्टोक्स ने 198 गेंदों का सामना करते हुए 83 रन की अर्धशतकीय पारी खेली। कप्तान के अलावा तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर ने 51 रन और हैरी ब्रूक ने 45 रन और बेन डकेट ने 29 रन की अहम पारियां खेली।

आस्ट्रेलिया की ओर से पैट कमिंस ने 3 और स्काट बोलैंड ने तीन-तीन विकेट लिए, नाथन लियोन ने 2, मिचेल स्टार्क और कैमरुन ग्रीन ने एक-एक विकेट लिया।

आस्ट्रेलिया की दूसरी पारीसलामी बल्लेबाज ट्रेविस हेड के शतक और एलेक्स कैरी के अर्धशतक की मदद से आस्ट्रेलिया ने मैच की दूसरी पारी में 349 रन बनाए। हेड ने 219 गेंदों में 170 रन की शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी पारी में 16 चौके और 2 छक्के लगाए। वहीं एलेक्स कैरी ने 128 गेंदों में छह चौकों की मदद से 72 रन बनाए। इन दो खिलाड़ियों के अलावा उस्मान ख्वाजा ने 40 रन का योगदान दिया।

दूसरी पारी में इंग्लैंड की ओर से जोश टंग सबसे सफल गेंदबाज रहे, जिन्होंने चार विकेट चटकाए। उनके अलावा ब्रैंडन कार्स ने 3 विकए लिए। जोफ्रा आर्चर, बेन स्टोक्स और विल जैक्स ने एक-एक विकेट हासिल किया।

डेल स्टेन ने हार्दिक पांड्या को सुपरहीरो व सेलिब्रिटी खिलाड़ी बताया

अहमदाबाद, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

दक्षिण अफ्रीका के पूर्व तेज गेंदबाज डेल स्टेन ने आक्रामक पारी खेलने वाले भारतीय टीम के आलराउडर हार्दिक पांड्या की जमकर प्रशंसा करते हुए उन्हें सुपरहीरो कहा है।। स्टेन ने कहा कि पांड्या मानसिक रूप से काफी मजबूत खिलाड़ी हैं और उनकी चमक खेल में नजर आती है। पांड्या ने पांचवे टी20 में तेजी से अर्धशतक लगाते हुए भारतीय टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई है।

स्टेन ने कहा, हार्दिक ने शानदार प्रदर्शन किया। वह एक खिलाड़ी से आगे निकलकर से सेलिब्रिटी बन गये हैं। वह किसी एक फिल्म के सुपरहीरो जैसे हो गये हैं जहां कोई भी उनकी रणनीति नहीं बदल सकता। उन्होंने कहा, इसमें कोई गलती जैसे बात नहीं है, ये अपनी धाक जमाने जैसी बात है। यह एक ऐसा प्रभाव है जिसकी बराबरी कोई नहीं कर सकता। आप इसे उनकी भाव भंगिमा में देख सकते हैं। वह मानसिक रूप से एक अलग ही स्तर पर हैं। इस प्रकार वह अन्य खिलाड़ियों से आगे है।

मानसिक रुप से मजबूत होने के कारण अन्य खिलाड़ियों पर रहते हैं हावी

स्टेन ने कहा कि उनके तेज गेंदबाजों का रुख सतर्क नहीं रहा। जिससे उनकी टीम को नुकसान हुआ है। उन्होंने कहा, भारतीय टीम के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह का प्रभाव अलग ही है। अगर आप उन्हें हावी होने का अवसर देते हैं तो ये नुकसानदेह रहेगा। वहीं दक्षिण अफ्रीकी बल्लेबाजों ने उनके सामने सतर्क रुख अपना नुकसान उठाया।

चीन में एफआईएस स्की विश्वकप

चीन में एफआईएस स्की विश्वकप में भाग लेते हुए चीन के ली टियानामा।

अब विजय हजारे ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

पिछले काफी समय से भारतीय टीम के बाहर चल रहे अनुभवी तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी अब बंगाल की ओर से विजय हजारे ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन के इरादे से उतरेंगे। शमी ने इस बार घरेलू सत्र में शानदार गेंदबाजी करते हुए 36 विकेट लेकर अपने फार्म को और फिटनेस को दिखाया है। साबित करने का काम किया शमी को इसके बाद भी दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ एक भी प्रारुप में जगह नहीं मिली थी। ऐसे में वह अपना गुस्सा विजय हजारे ट्राफी में बेहतर प्रदर्शन कर निकालेंगे।

चैम्पयंस ट्राफी के बाद से ही से ही शमी राष्ट्रीय टीम से बाहर है। इसके पीछे उनके फिट नहीं होने का कारण बताया गया है। वहीं शमी ने घरेलू मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन कर दिखाया है कि अभी उनमें काफी क्रिकेट शेष है। लाल गेंद से शमी ने सत्र में चार रणजी मैचों में 20 विकेट लिए, जिसमें उनका औसत 18.60 रहा। इसके बाद सैयद मुश्ताक अली ट्राफी में भी शमी का बेहतरीन फार्म जारी रखी और सात मैचों में उन्होंने 16 विकेट लिए। इस दौरान उनका औसत 14.93 का रहा।

विजय हजारे ट्राफी में शमी बंगाल के गेंदबाजी की कमान संभालेंगे। उनका सहयोग आकाश दीप और मुकेश कुमार करेंगे। बंगाल की कप्तानी अभिमन्यु ईश्वरन के पास है। टीम को एलीट ग्रुप बी में रखा गया है जिसमें उसे अपना पहला मैच 24 दिसंबर को राजकोट में विदर्भ के खिलाफ खेलना है। इस ग्रुप में असम, बड़ौदा, जम्मू-कश्मीर, हैदराबाद, चंडीगढ़ और उत्तर प्रदेश की टीमें भी शामिल हैं। टूर्नामेंट अहमदाबाद (ग्रुप ए), राजकोट (ग्रुप बी), जयपुर (ग्रुप सी) और अलूर (ग्रुप डी) में खेला जाएगा, जबकि नाकआउट मैच 12 से 18 जनवरी तक बेंगलुरु के सेंटर आफ एक्सीलेंस में होंगे।

बंगाल टीम: अभिमन्यु ईश्वरन (कप्तान), अनुस्तुप मजूमदार, अभिषेक पोरेल (विकेटकीपर), सुदीप कुमार घरामी, सुमंत गुप्ता, सुमित नाग (विकेटकीपर), चंद्रहास दाश, शाहबाज अहमद, करण लाल, मोहम्मद शमी, आकाश दीप, मुकेश कुमार, सयान घोष, रवि कुमार, आमिर गनी, विशाल भाटी, अंकित मिश्रा।

भारतीय टीम अब नये साल में ही मैदान में उतरेगी, रोहित और विराट भी खेलते दिखेंगे

मुम्बई, 21 दिसंबर (एजेंसियां)।

भारतीय टीम ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 सीरीज में जीत के साथ ही साल की अपनी अंतिम सीरीज का सफल समापन किया है। अब भारतीय टीम को आगामी टी20 विश्वकप से पहले न्यूजीलैंड से एकदिवसीय और टी20 सीरीज खेलनी है। न्यूजीलैंड के भारत दौरे की शुरुआत 11 जनवरी से तीन मैच की एकदिवसीयसीरीज के साथ होग। इस सीरीज में एक बार फिर रोहित शर्मा और विराट जैसे दिग्गजों को प्रशंसक बल्लेबाजी करते देख सकेंगे। इन दोनो ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ सीरीज में अच्छा प्रदर्शन किया था। इसके बाद भारतीय टीम को न्यूजीलैंड के खिलाफ 5 मैच की टी20 सीरीज खेलनी है। फरवरी में होने वाले टी20 विश्वकप को देखते हुए ये सीरीज बेहद अहम रहेगी। इसके बाद टीम टी20 विश्वकप मे उतरेगी। जिस प्रकार का प्रदर्शन भारतीय टीम को इस साल रहा है वैसा ही वह नये साल में भी करना चाहेगी।

इस साल भारतीय टीम एक भी सीरीज नहीं हारी है। अब कीवी टीम के खिलाफ सिरीज में भारतीय टीम प्रबंधन का लक्ष्य विश्वकप से पहले खिलाड़ियों को आजमान रहेगा।

रोहित ने साहा को सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक बताया

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान रोहित शर्मा ने विकेटकीपर बल्लेबाज विद्धिमान साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उसे वह स्थान नहीं मिला जो मिलना चाहिये था। रोहित का मानना है कि साहा देश के सर्वश्रेष्ठ विकेटकीपरों में से एक हैं। साथ ही कहा कि उनका तकनीकी कौशल अच्छा है। वह तेज और विविधता भरी गेंदबाजी के खिलाफ एक बेहतरीन विकेटकीपर रहे हैं। उनकी विकेट के पीछे कैच पकड़ने और स्टंपिंग की क्षमता जबरदस्त रही है। साहा ने रविन्द्र जडेजा और आर अश्विन की गेंदबाजी के सामने भी काफी कठिन कैच लिए हैं। इससे वह भारत का सबसे कुशल विकेटकीपर बनाता है। रोहित न साहा की प्रशंसा करते हुए कहा है कि उन्हें भारत में ऐसा विकेटकीपर कभी नहीं देखा। टेस्ट मैच में गेंद अक्सर घूमती और नीची रहती है पर साहा कभी गलती नहीं करते थे। जडेजा और अश्विन जैसी स्पिनरों के सामने सभी वह आसानी से विकेटकीपिंग करते थे। को सहजता से इससे बाद भी उनकी काफी कम तारीफ हुई है। उन्होंने कहा कि टेस्ट क्रिकेट में साहा ने महेन्द्र सिंह धोनी और ऋषभ पंत की तरह से काम किया है हालांकि साहा की शैली और तकनीक पारंपरिक रही है। साहा ने 40 टेस्ट मैचों में 104 शिकार किये हैं। जिनमें 92 कैच और 12 स्टंपिंग्स शामिल हैं। वहीं बल्लेबाजी में उन्होंने 1,353 रन बनाए, जिनमें 3 शतक और 6 अर्धशतक शामिल हैं। उन्होंने 9 एकदिवसीय ही खेले हैं। जहां धोनी तेज से कीपिंग करते थे वहीं साहा शैली में धीमे से अपना कौशल दिखाते हैं।

इंडिगो दिसंबर फ्लाइट रद्दीकरण: प्रभावित यात्रियों को मिलेगा 10,000 का मुआवजा

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

इंडिगो अगले हफ्ते से उन यात्रियों को मुआवजा देना शुरू करेगा, जो दिसंबर की शुरुआत में हुई बड़े पैमाने पर फ्लाइट रद्दीकरण से प्रभावित हुए थे। एयरलाइन सीधे इंडिगो की वेबसाइट से टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पहले भुगतान करेगी, क्योंकि उनकी जानकारी एयरलाइन के पास पहले से मौजूद है।

वेबसाइट से टिकट बुक करने वाले यात्रियों को पहले भुगतान करेगी

ट्रैवल एजेंट और ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों (ओटीए) के माध्यम से बुक किए गए यात्रियों का डेटा एयरलाइन अब एकत्र करेगी। प्रभावित यात्रियों को 10,000 रुपए के यात्रा वाउचर दिए जाएंगे। यह राशि सरकार के नियमों के तहत 5,000 से 10,000 रुपए तक के अतिरिक्त मुआवजे के अलावा होगी। पात्र तिथियाँ 3, 4 और 5 दिसंबर हैं, जब यात्री कई घंटे एयरपोर्ट पर फंसे थे। डीजीसीए यह सुनिश्चित करेगा कि हर पात्र यात्री को मुआवजा मिले। मंत्रालय एयर सेवा पोर्टल के जरिए प्रक्रिया की निगरानी करेगा और लंबित शिकायतों को तुरंत निपटाएगा। हालांकि इंडिगो ने रद्द की गई फ्लाइट्स के लिए रिफंड शुरू कर दिया है, ओटीए के माध्यम से बुकिंग करने वाले कई यात्रियों को अभी तक पूरी राशि नहीं मिली है। डीजीसीए ने ओटीए को निर्देश दिए हैं कि यात्री को बिना किसी कटौती के पूरी राशि लौटाई जाए। गौरतलब है कि 1-9 दिसंबर के बीच इंडिगो ने कुल 4,354 फ्लाइट्स रद्द की थीं। इनमें से 3, 4 और 5 दिसंबर को 2,507 फ्लाइट्स रद्द हुईं, जिनमें 2,456 घरेलू और 51 अंतरराष्ट्रीय सेवाएं शामिल हैं। प्रत्येक फ्लाइट में औसतन 150 यात्री मानते हुए लगभग 3.8 लाख यात्रियों को वाउचर मिल सकता है। कुल मुआवजा 376 करोड़ रुपए से अधिक होने का अनुमान है, जिसमें देरी के कारण अतिरिक्त मुआवजे शामिल हैं।

न्यूज ब्रीफ

सहारा इंडिया पर बकाया वेतन का आरोप, लखनऊ में एफआईआर दर्ज, काम किया पर नहीं मिली सैलरी, परेशान कर्मचारी

लखनऊ। सहारा इंडिया की मुश्किलें बढ़ती जा रही हैं। कंपनी के डिप्टी चीफ मैनेजर ओपी श्रीवास्तव और सहारा परिवार के खिलाफ अरिंदम बनर्जी और उनकी पत्नी शिवानी ने बकाया वेतन न मिलने को लेकर एफआईआर दर्ज कराई है। मामला पहले कोलकाता के टेक्नोसिटी थाने में दर्ज हुआ था, लेकिन बाद में इसे लखनऊ ट्रांसफर कर दिया गया। अब इसकी जांच गोमती नगर पुलिस करेगी। एफआईआर के अनुसार, अरिंदम और शिवानी 1 सितंबर 2016 से कंपनी के चेयरमैन ऑफिस में तैनात थे। अरिंदम का वेतन शुरू में 4.40 लाख रुपए मासिक था, जिसे 5.46 लाख रुपए किया गया। शिवानी का वेतन 81 हजार रुपए था। चार साल नौकरी के बाद दोनों ने छह महीने का वैतनिक अवकाश लिया, लेकिन इस दौरान भी ऑनलाइन कंपनी से जुड़े रहे। जुलाई 2022 में बकाया वेतन की मांग की गई और जून 2023 में कुछ राशि मिली। हालांकि, कुल बकाया वेतन और ब्याज मिलाकर 2.03 करोड़ रुपए होने के बावजूद सहारा इंडिया ने इसे अब तक पूरा भुगतान नहीं किया। कंपनी पहले से कई विवादों और कानूनी झंझटों में घिरी हुई है। यह मामला सहारा इंडिया के लिए नई कानूनी परेशानियों का कारण बन सकता है। अब लखनऊ पुलिस मामले की विवेचना करेगी और यह देखना होगा कि पीड़ितों को उनका बकाया वेतन कब मिलेगा।

सर्ट-इन ने एप्पल उपकरणों में सुरक्षा कमजोरियों की चेतावनी दी

नई दिल्ली। भारतीय कंप्यूटर इमरजेंसी रिस्पॉन्स टीम (सर्ट-इन) ने आईफोन, आईपेड, मेक और अन्य एप्पल उपकरणों में कई सुरक्षा कमजोरियों के बारे में चेतावनी दी है। इन कमजोरियों के कारण किसी हमलावर को मनमाना कोड चलाने, अधिक अधिकार हासिल करने, संवेदनशील डेटा चुराने और सिस्टम में बाधा डालने का खतरा हो सकता है। आईफोन के आईओएस 26.2 और पुराने वर्जन, आईपेड के आईपेडियोस 18.7.3 से पहले के संस्करण, मेक के मेकओए टेहो और सोनोमा के कुछ संस्करण प्रभावित हो सकते हैं। इन कमजोरियों से डेटा हेरफेर, स्पूफिंग, मेमोरी खराबी और सुरक्षा प्रतिबंधों को बायपास करने जैसी समस्याएं हो सकती हैं। सटइन ने एप्पल से स्पष्टीकरण मांगा, लेकिन जवाब नहीं मिला। एप्पल ने अप्रैल और दिसंबर में वैश्विक स्तर पर नोटिस जारी किए, जिसमें स्पाइवेयर और रिमोट एक्सेस हमलों से सावधान रहने की चेतावनी दी गई। उपयोगकर्ताओं को तुरंत अपने उपकरणों को नवीनतम अपडेट में अपडेट करने की सलाह दी गई है।

ट्रंप प्रशासन की जांच के बीच गूगल कर्मचारियों को मिली यात्रा की चेतावनी

नई दिल्ली। गूगल की पैरेंट कंपनी अल्फाबेट ने अमेरिका में काम कर रहे अपने कुछ कर्मचारियों को फिलहाल अंतरराष्ट्रीय यात्रा न करने की सलाह दी है। यह चेतावनी विशेष रूप से उन कर्मचारियों के लिए जारी की गई है जो अमेरिकी वीजा, खासकर एच-1बी पर काम कर रहे हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार कंपनी की ओर से भेजे गए एक आंतरिक ईमेल में कहा गया है कि अमेरिका के कई दूतावासों और काउंसलेट में वीजा अपॉइंटमेंट मिलने में भारी देरी हो रही है। ईमेल में बताया गया है कि यदि कोई कर्मचारी विदेश यात्रा करता है और उसे अमेरिका लौटने के लिए वीजा स्टैंप की आवश्यकता पड़ती है, तो वह लंबे समय तक अमेरिका के बाहर फँस सकता है। कुछ देशों में वीजा प्रक्रिया पूरी होने में 12 महीने तक का समय लग रहा है, जिससे कर्मचारियों और कंपनी दोनों को परेशानी हो सकती है। इस बीच अमेरिका में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने एच-1बी वीजा आवेदकों की जांच प्रक्रिया को और सख्त कर दिया है। नई प्रक्रिया में सोशल मीडिया अकाउंट्स की जांच भी शामिल की गई है। एच-1बी वीजा का उपयोग बड़ी टेक कंपनियां, विशेष रूप से भारत और चीन से कुशल पेशेवरों की नियुक्ति के लिए करती हैं। गौरतलब है कि इससे पहले सितंबर महीने में भी अल्फाबेट ने अपने कर्मचारियों, खासकर एच-1बी वीजा धारकों, को अमेरिका से बाहर यात्रा न करने की सलाह दी थी ।

नवंबर में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री 19 फीसदी बढ़ी

वित्त वर्ष 26 के लिए 6-9 प्रतिशत वॉल्यूम ग्रोथ का अनुमान

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

नवंबर महीने में देश में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री में मजबूत वृद्धि दर्ज की गई है। एक रेटिंग एजेंसी की एक रिपोर्ट के अनुसार, नवंबर में दोपहिया वाहनों की थोक बिक्री सालाना आधार पर 19 प्रतिशत बढ़कर लगभग 18 लाख यूनिट्स तक पहुंच गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह बढ़ोतरी मुख्य रूप से वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) में कटौती और वाहन कंपनियों द्वारा डीलरों को दिए गए आकर्षक ऑफर्स के कारण संभव हो पाई है। रिपोर्ट के मुताबिक जीएसटी में कटौती से कीमतों में राहत मिली, जिससे त्योहारी सीजन के बाद भी शोरूम में ग्राहकों की आवाजाही बनी रही। इसका सीधा फायदा डीलरों को मिला, जिन्होंने मांग को देखते हुए अपनी इन्वेंट्री को दोबारा भरना शुरू किया। रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि शादी के मौजूदा सीजन से भी मांग को समर्थन मिल रहा है। रेटिंग एजेंसी ने अनुमान जताया है कि वित्त वर्ष 2026 में दोपहिया वाहनों की वॉल्यूम ग्रोथ 6 से 9 प्रतिशत के बीच रह सकती है। इसके पीछे प्रमुख कारण शहरी खपत में सुधार, सामान्य मानसून से ग्रामीण मांग में रिकवरी और जीएसटी कटौती का सकारात्मक असर बताया गया है। हालांकि, नवंबर में दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री में सालाना आधार पर 9.1 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। रिपोर्ट के अनुसार, इसकी वजह अक्टूबर में दशहरा और दीपावली जैसे त्योहारों के दौरान रिकॉर्ड बिक्री होना है, जिससे नवंबर में मांग कुछ कमजोर दिखी। रिपोर्ट में बताया गया कि नवंबर में इलेक्ट्रिक दोपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 1.4 प्रतिशत घटकर 1,17,335 यूनिट रही। वित्त वर्ष 2026 के पहले आठ महीनों में कुल दोपहिया सेगमेंट में इलेक्ट्रिक वाहनों की हिस्सेदारी 6-7 प्रतिशत पर स्थिर बनी हुई है। एक ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के अनुसार इन्वेंट्री का स्तर सितंबर के अंत में 60 दिनों से घटकर नवंबर तक 44-46 दिनों पर आ गया है। वहीं नवंबर में यात्री वाहनों की कुल बिक्री में यूटिलिटी वाहनों की हिस्सेदारी 67 प्रतिशत रही।

एलोन मस्क को बड़ी राहत, 55 अरब डॉलर का पे पैकेज फिर बहाल

न्यूयार्क। टेस्ला के सीईओ और दुनिया के सबसे अमीर व्यक्ति एलोन मस्क को एक बड़ी कानूनी और आर्थिक राहत मिली है। डेलावेयर सुप्रीम कोर्ट ने वर्ष 2018 में मस्क को दिए गए लगभग 55 अरब डॉलर के पे पैकेज को बहाल कर दिया है। यह फैसला जनवरी 2024 के उस आदेश को पलटता है, जिसमें डेलावेयर की चांसलर जज कैथलीन सेंट जूड मैकॉर्मिक ने एक शेयरहोल्डर मुकदमे के बाद इस पैकेज को रद्द कर दिया था। सुप्रीम कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि निचली अदालत के आदेश में कई कानूनी त्रुटियां थीं। इसी आधार पर मस्क के पे पैकेज को दोबारा मान्यता दी गई, हालांकि टेस्ला को नाममात्र का 1 डॉलर हर्जाना देने का निर्देश भी दिया गया। मस्क ने पहले इस फैसले को कानूनी अतिक्रमण बताया था, जिसके बाद टेस्ला ने खुद को डेलावेयर से टेक्सास में रजिस्टर कराने का निर्णय लिया। कंपनी के बोर्ड ने शेयरहोल्डरों को मनाकर पैकेज को दोबारा मंजूरी दिलाई थी, जिसकी कीमत उस समय करीब 44.9 अरब डॉलर थी। 2018 में यह पैकेज तब तैयार किया गया था, जब टेस्ला उत्पादन और नकदी संकट से जूझ रही थी। बाद में कंपनी ने प्रदर्शन में सुधार किया और मस्क ने तय लक्ष्य पूरे किए। इसी बीच टेस्ला ने मस्क के लिए एक नया दीर्घकालिक पे पैकेज भी प्रस्तावित किया है, जो भविष्य में 1 ट्रिलियन डॉलर तक का हो सकता है।

आरबीआई ने कोटक महिंद्रा बैंक पर 61.95 लाख रुपए का जुर्माना लगाया

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने कोटक महिंद्रा बैंक पर बैंकिंग सेवाओं तक पहुंच, बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट्स, बिजनेस कोरसपोंडेंट्स (बीसी) द्वारा की जाने वाली गतिविधियों के दायरे और क्रेडिट सूचना कंपनी नियम, 2006 (सीआईसी नियम) के प्रावधानों के उल्लंघन के संबंध में 61.95 लाख रुपए का जुर्माना लगाया।

केंद्रीय बैंक ने कहा, आरबीआई के निर्देशों, सीआईसी नियमों और संबंधित पत्राचार के प्रावधानों का अनुपालन न करने के पर्यवेक्षी निष्कर्षों के आधार पर, बैंक को नोटिस जारी किया गया था जिसमें उसे यह कारण बताने को कहा गया था कि आरबीआई के निर्देशों और सीआईसी नियमों के उक्त प्रावधानों का अनुपालन न करने के लिए उस पर जुर्माना क्यों न लगाया जाए।

बैंक द्वारा नोटिस के जवाब और अतिरिक्त प्रस्तुतियां पर विचार करने के बाद, आरबीआई ने पाया कि बैंक ने कुछ इसतरह के ग्राहकों के लिए एक और बीएसबीडी खाता खोला था जिनके पास पहले से ही बैंक में बेसिक सेविंग्स बैंक डिपॉजिट अकाउंट (बीएसबीडी) था। इसके अतिरिक्त, बैंक ने बीसी के साथ ऐसी गतिविधियों को करने के लिए एक समझौता किया है, जो बीसी द्वारा की जा सकने वाली गतिविधियों के दायरे में नहीं आती हैं। इसके अलावा, आरबीआई के कहा कि बैंक ने कुछ उधारकर्ताओं के संबंध में क्रेडिट सूचना कंपनियों (सीआईसी) को गलत जानकारी दी। आरबीआई ने स्पष्ट किया कि यह कार्रवाई वैधानिक और नियामक अनुपालन में कमियों पर आधारित है और इसका उद्देश्य बैंक द्वारा अपने ग्राहकों के साथ किए गए किसी भी लेनदेन या समझौते की वैधता पर कोई टिप्पणी करना नहीं है। आरबीआई ने आगे कहा, इसके अलावा, मौद्रिक जुर्माना लगाने का निर्णय आरबीआई द्वारा बैंक के खिलाफ शुरू की जाने वाली किसी भी अन्य कार्रवाई पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं डालेगा।

अमेरिका-ईयू और भारत के बीच व्यापार वार्ताएं अटकीं

नई दिल्ली। अमेरिका के शीर्ष व्यापार अधिकारी ने संकेत दिए हैं कि भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के साथ चल रही व्यापार वार्ताएं लंबा समय ले सकती हैं और इनके 2026 तक भी पूरे होने की संभावना कम है। अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जेमीसन ग्रीर ने कहा कि ईयू और भारत दोनों के साथ बातचीत अपेक्षा से अधिक कठिन साबित हो रही है। एक इंटरव्यू में ग्रीर ने ईयू की डिजिटल नीतियों को लेकर चिंता जताई। उन्होंने कहा कि ईयू द्वारा अमेरिकी टेक कंपनियों पर लगाए जा रहे नियम भेदभावपूर्ण हैं। ग्रीर के अनुसार, ये नीतियां अमेरिकी कंपनियों के खिलाफ हैं और नवाचार की गति को धीमा करती हैं। विवाद का मुख्य कारण ईयू की वे डिजिटल नीतियां हैं, जिनके तहत गूगल, मेटा और अमेजन जैसी बड़ी अमेरिकी टेक कंपनियों को नियंत्रित किया जा रहा है। अमेरिकी व्यापार कार्यालय ने हाल ही में सोशल मीडिया के माध्यम से संकेत दिया है कि यदि ईयू अमेरिकी टेक कंपनियों पर टैक्स या अतिरिक्त प्रतिबंध लगाने की कोशिश करता है, तो अमेरिका भी जवाबी कदम उठा सकता है। इसके तहत कुछ यूरोपीय कंपनियों पर नए शुल्क या प्रतिबंध लगाए जा सकते हैं।

नई एमआईएनआई कूपर एस कनवर्टिबल का लॉन्च

नई दिल्ली,21 दिसंबर (एजेंसियां)।

भारतीय बाजार में एमआईएनआई इंडिया ने नई एमआईएनआई कूपर एस कनवर्टिबल को लॉन्च कर दिया है। कंपनी ने इसे भारत की सबसे किफायती कन्वर्टिबल कार बताया है, जिसकी एक्स-शोरूम कीमत 58.50 लाख रुपये तय की गई है। यह कार भारत में सीबीयू यूनिट के रूप में बेची जाएगी। इस कार की सबसे खास पहचान इसका इलेक्ट्रिक फैब्रिक रूफ है, जो 30 किमी प्रति घंटे की रफ्तार पर भी केवल 18 सेकंड में खुल जाता है और 15 सेकंड में बंद हो जाता है। इसके अलावा सनरूफ मोड में रूफ थोड़ा पीछे खिसकता है, जिससे ओपन-एयर ड्राइविंग का अनुभव मिलता है। कंपनी के अनुसार, यह कार 0 से 100 किमी प्रति घंटे की रफ्तार महज 6.9 सेकंड में पकड़ लेती है।

डिजाइन के मामले में एमआईएनआई का आइकॉनिक लुक बरकरार रखा गया है। फ्रंट में सर्कुलर एलईडी हेडलैंप्स, ऑक्टागोनल ग्रिल और साइड में 18-इंच अलॉय व्हील्स दिए गए हैं। पीछे की ओर यूनियन जैक डिजाइन वाली एलईडी टेललाइट्स कार को अलग पहचान देती हैं। टेलगेट नीचे की ओर खुलता है और 80 किलोग्राम तक वजन सहने में सक्षम है। कार में 2.0-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन दिया गया है, जो 204एचपी की पावर और 300एनएम टॉर्क जनरेट करता है। सेफ्टी के लिहाज से इसमें मल्टीपल एयरबैग्स, एबीएस, ईएससी और रियर कैमरा जैसे फीचर्स दिए गए हैं। कुल मिलाकर, एमआईएनआई कूपर एस कनवर्टिबल लग्जरी, परफॉर्मेंस और ओपन-टॉप ड्राइविंग का अनोखा कॉम्बिनेशन पेश करती है। केबिन में प्रीमियम फील के लिए ब्लैक और बेज थीम दी गई है। इसमें 9.4-इंच ओलेड टचस्क्रीन, वायरलेस एंड्राएड ऑटो और एप्पल कारप्ले, पावर्ड सीट्स और ड्राइवर सीट में मसाज फंक्शन मिलता है।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

काला...

चालू खाता

जब घरेलू सोना सामने आएगा, तो RBI अपने भंडार से सोना बेचकर स्थानीय मांग को पूरा कर सकेगा। इससे चालू खाता घाटा कम हो सकता है, जिससे डॉलर की मजबूती और विदेशी पोर्टफोलियो के बहिर्वाह से हम ज्यादा प्रभावित नहीं होंगे। इस योजना को सफलतापूर्वक लागू करने के लिए तीन शर्तें हैं: पहला, सोने पर आयात शुल्क को लगभग शून्य तक कम कर देना चाहिए। यह बहुत पहले ही कर देना चाहिए ताकि सोने की तस्करी या कीमतों में हेरफेर न हो सके। दूसरा, ज्वैलर्स को आकर्षक कमीशन देकर कलेक्शन एजेंट के तौर पर जोड़ा जाना चाहिए। तीसरा, यह योजना समय-सीमा वाली होनी चाहिए (जैसे, 3-4 महीने)। यह पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर होनी चाहिए। अगर तय लक्ष्य राशि मिल जाती है, तो इसे जल्दी बंद करने का विकल्प भी होना चाहिए। साथ ही, सरकार को अगले 10 सालों तक ऐसी योजनाएं न लॉन्च करने का वादा करना चाहिए, ताकि लोगों में 'FOMO' (Fear Of Missing Out) पैदा हो। तुरंत तरलता, पूरे बाजार मूल्य का लालच और बिना हिसाब-किताब वाले सोने पर भारी जुर्माने का डर, परंपरा और निहित स्वार्थों की बाधाओं को दूर कर सकता है। अगर इसे सही तरीके से लागू किया गया, तो भारत एक झटके में बेकार पड़े सोने को उत्पादक पूंजी में बदल सकता है, सरकार के खजाने को मजबूत कर सकता है, उद्यमियों और उपभोक्ताओं के हाथों में पैसा डाल सकता है और अपनी सॉवरेन रेटिंग में सुधार करा सकता है।

राष्ट्रविरोधी गतिविधियों...

पर्यावरण संरक्षण पर भी जोर दिया।

पीएम ने कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए कहा कि उन्होंने खाद फैक्ट्रियां बंद होने दीं और किसानों पर लाठियां चलवाईं। उन्होंने कांग्रेस पर 'वोट बैंक' की राजनीति के लिए अवैध घुसपैठियों को बढ़ावा देने का आरोप भी लगाया।मोदी ने गारंटी दी कि बीजेपी असम की जमीन, जंगल और सम्मान की रक्षा के लिए फौलाद की तरह खड़ी है और किसी भी घुसपैठ को बर्दाश्त नहीं करेगी।

तेलंगाना जल्द...

विशाल एसआईआर प्रक्रिया बिना किसी खामी के पूरी हुई। उन्होंने बताया कि हाल ही में हुए विधानसभा चुनावों में लगभग 75 लाख मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया और यह उल्लेखनीय है कि पूरी प्रक्रिया के दौरान एक भी शिकायत दर्ज नहीं हुई और पुनर्मतदान या मतगणना की कोई आवश्यकता नहीं पड़ी। उन्होंने इस सफलता के लिए बिहार के बीएलओ को बधाई दी।उन्होंने तेलंगाना का क्षेत्रफल कनाडा से भी बड़ा बताते हुए कहा कि व्यापक मतदाता सूची शुद्धिकरण के पूरा होने के बाद राज्य का चुनाव प्रशासन एक नए युग में प्रवेश करेगा। बीएलओ के साथ बातचीत में उन्होंने कहा कि शहरी क्षेत्रों में कम मतदान का मुख्य कारण शहरी मतदाताओं की उदासीनता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाता उत्साहपूर्वक कतारों में खड़े होकर अपने मताधिकार का प्रयोग कर रहे हैं, जिससे देश के लिए एक मिसाल कायम हो रही है।

मुख्य चुनाव आयुक्त ने स्पष्ट किया कि भारत में चुनाव पूरी तरह से देश के कानूनों के अनुसार आयोजित किए जाते हैं और सभी को चुनाव कानूनों का सख्ती से पालन करना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत 1995 में अंतर्राष्ट्रीय लोकतंत्र और चुनावी सहायता संस्थान (आईडीईए) का सदस्य बना और तीन दशकों के बाद इस संस्था का अध्यक्ष बन गया। उन्होंने कहा कि यह इस बात का प्रमाण है कि भारत के चुनाव आयोग ने विश्व में सबसे विश्वसनीय चुनाव प्रबंधन निकाय के रूप में मान्यता प्राप्त कर ली है।

BOOK YOUR DISPLAY CLASSIFIED ADVERTISEMENTS AT
Timings : 9 am to 7 pm
Head office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
Plot No. A-23/5 & 6 2nd Floor,
APIE, Balanagar, Hyderabad - 500 037
City office
SHREE SIDDIVINAYAK PUBLICATIONS
4th Floor, 19 Towers (T19),
Near Bus Stand, Ranigunj,
Secunderabad - 500 003
8688868345

शुभ लाभ
म्हारो भाग्यनगर
दैनिक हिन्दी शुभ लाभ, हैदराबाद, सोमवार, 22 दिसंबर, 2025

शुभ लाभ
आपकी सेवा में
शुभ लाभ से जुड़ी किसी भी समस्या या सुझाव के लिए मो. 86888 68345 पर संपर्क करें।

पावरग्रिड दक्षिणी क्षेत्र–1 द्वारा हैदराबाद में 'काव्य संध्या' का भव्य आयोजन

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।
निगम के कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा उनकी मनोवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन लाने के उद्देश्य से दिनांक 19 दिसंबर 2025 को पावरग्रिड दक्षिणी क्षेत्र–1 द्वारा वर्ष 2025–26 के अंतर्गत काव्य संध्या कार्यक्रम का आयोजन हैदराबाद में किया गया।उक्त कार्यक्रम का उद्घाटन दोमन यादव, कार्यपालक निदेशक (दक्षिणी क्षेत्र–1) द्वारा एस. वी. वेंकट, मुख्य महाप्रबंधक (वित्त), अरुण कुमार, मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन), बिपिन बिहारी रथ, मुख्य महाप्रबंधक (परियोजनाएँ) तथा अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में किया गया।काव्य संध्या कार्यक्रम में आमंत्रित कविगणों में श्री दिनेश बावरा, रमेश मुस्कान, श्री एकाग्र शर्मा एवं सुश्री पल्लवी मिश्रा शामिल रहे। कवियों ने अपनी ओजपूर्ण, हास्यप्रधान, शृंगारात्मक एवं व्यंग्यात्मक कविताओं के माध्यम से उपस्थित श्रोताओं को पूर्णतः अभिभूत कर दिया। कविताओं के माध्यम से न केवल मनोरंजन हुआ, बल्कि हिंदी भाषा की भावनात्मक और सृजनात्मक शक्ति का भी प्रभावी प्रदर्शन हुआ।इस कार्यक्रम में मुख्यालय सिकंदराबाद के सभी कार्मिकों, दीप शिखा महिला समिति के सदस्यगणों के अतिरिक्त अधीनस्थ उपकेंद्रों के प्रभारी एवं नोडल अधिकारीगण, नराकास हैदराबाद तथा उससे जुड़े विभिन्न कार्यालयों के राजभाषा प्रेमियों की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति जागरूकता बढ़ाने की पहल

प्रख्यात कवियों की ओजस्वी, हास्य एवं व्यंग्य रचनाओं से श्रोता हुए मंत्रमुग्ध

वरिष्ठ अधिकारियों की गरिमामय उपस्थिति में कार्यक्रम सम्पन्न

क्या कहूँ, राधे–राधे परिवार ने मेरे जन्मदिन को सेवा और संस्कार का पर्व बना दिया : मायाराम अग्रवाल

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।
राधे–राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम के दौरान अपने जन्मदिन के अवसर पर मायाराम अग्रवाल ने भावुक होकर कहा, क्या कहूँ, राधे–राधे परिवार ने मेरे जन्मदिन को सेवा और संस्कार का पर्व बना दिया। आज का दिन मेरे लिए केवल जन्मदिन नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और आत्मिक आनंद का उत्सव बन गया है।उन्होंने कहा कि राधे–राधे ग्रुप द्वारा निरंतर किया जा रहा अन्नदान समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। भूखे को भोजन कराना सबसे श्रेष्ठ सेवा है और ऐसे पुण्य कार्यों से जुड़कर जीवन को सार्थकता मिलती है। राधे–राधे परिवार ने इसे जिस श्रद्धा और समर्पण से मनाया, उसे शब्दों में व्यक्त करना कठिन है।मायाराम अग्रवाल ने राधे–राधे परिवार के सभी सदस्यों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए कहा कि यह समूह केवल एक संस्था नहीं, बल्कि संस्कारों से जुड़ा हुआ परिवार है, जो समाज में सेवा और मानवीय मूल्यों को मजबूत कर रहा है।इस अवसर पर सतीश गुप्ता, जगत नारायण अग्रवाल, राजकुमारी अग्रवाल, महेश गुप्ता, विमल किशोर संघी, जयप्रकाश सारडा, रोहित अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, उमाकांत गुप्ता, भगत राम गोयल, मनीष अग्रवाल, गोपाल अग्रवाल, कमला देवी, अशोक गुप्ता, गौरव गोयल, बरखा गोयल आदि उपस्थित थे।

राधे राधे परिवार है हम सबका : राजकुमारी अग्रवाल

हैदराबाद, 21 दिसंबर
(शुभ लाभ ब्यूरो)।
राधे–राधे ग्रुप हैदराबाद के तत्वावधान में आयोजित नियमित अन्नदान कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए राजकुमारी अग्रवाल ने कहा कि राधे–राधे ग्रुप केवल एक सेवा संस्था नहीं, बल्कि हम सभी का साझा परिवार है। यह समूह सबका है और सभी के सहयोग, समर्पण व सेवा–भाव से निरंतर आगे बढ़ रहा है।

बेगम बाजार स्थित भूदेवी माता मंदिर के सामने गौशाला के पास जारी नियमित अन्नदान कार्यक्रम में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अन्नदान जैसी पावन सेवा से न केवल भूखे को भोजन मिलता है, बल्कि सेवा करने वाले के मन को भी आत्मिक शांति प्राप्त होती है। राधे–राधे ग्रुप के माध्यम से समाज के प्रति सेवा का यह भाव निरंतर मजबूत हो रहा है।

इस अवसर पर जगतनारायण अग्रवाल,राजकुमारी अग्रवाल, अनिल अग्रवाल,पन्नालाल, शिव भगवान, गोविंद राम,अरुण विजयवर्गीय, लता गोयल एवं नीलम विजयलर्गी आदि उपस्थित थे।

इंडियन पीनट ब्रोकर्स एसोसिएशन का भव्य व्यापारिक मिलन समारोह सम्पन्न

व्यापारिक समस्याओं के समाधान और एएमसी मुद्दे पर हुई गंभीर चर्चा

हैदराबाद, 21 दिसंबर
(शुभ लाभ ब्यूरो)।
इंडियन पीनट ब्रोकर्स एसोसिएशन (आईपीबीए) द्वारा 20 दिसंबर 2025 को हैदराबाद में एक भव्य व्यापारिक मिलन समारोह का आयोजन किया गया। आज जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार, इस आयोजन का उद्देश्य देश के विभिन्न राज्यों के मूंगफली व्यापारियों को एक मंच पर लाना तथा उनकी व्यापारिक समस्याओं पर विचार–विमर्श कर समाधान निकालना था।इस समारोह में तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, तमिलनाडु, कर्नाटक, ओडिशा और पश्चिम बंगाल से लगभग 350–400 मूंगफली दाना निर्माता, साथ ही पूरे भारत से करीब 100 मूंगफली दलालों ने भाग लिया। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना एवं जन गण मन के साथ की गई।

आईपीबीए के अध्यक्ष शैलेश नाथवानी ने अपने ओजस्वी एवं जानकारीपूर्ण संबोधन में मूंगफली के तेल के सेवन से होने वाले स्वास्थ्य लाभों पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि मूंगफली का तेल एक प्रमुख वनस्पति तेल है, जो मूंगफली से प्राप्त किया जाता है और आमतौर पर भोजन पकाने में उपयोग होता है। मूंगफली के तेल की कई किस्में होती हैं, जैसे रिफाइंड, अन–रिफाइंड, रोस्टेड और कोल्ड प्रेस्ड।

उन्होंने कहा कि रोस्टेड मूंगफली तेल खाना पकाने के लिए अत्यंत उपयुक्त और अन्य तेलों की तुलना में अधिक स्वास्थ्यवर्धक होता है। इसकी एक विशेषता यह है कि इसमें बने खाद्य पदार्थ अपने मूल स्वाद को बनाए रखते हैं और तेल का फ्लेवर अवशोषित नहीं करते। यह उच्च तापमान पर भी भोजन को बाहर से करारा और अंदर से मुलायम बनाए रखता है। मूंगफली का तेल विशेष रूप से एशियाई व्यंजनों में व्यापक रूप से उपयोग किया जाता है।

शैलेश नाथवानी ने बताया कि मूंगफली का तेल हृदय स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है, खराब कोलेस्ट्रॉल को कम करता है, ब्लड शुगर नियंत्रण में सहायक है, कैंसर से बचाव में मदद करता है तथा त्वचा, बाल, हड्डियों और मांसपेशियों के लिए लाभकारी है। इसमें प्रचुर मात्रा में विटामिन ई, मोनोअनसैचुरेटेड (चणक्ऋअ) और पॉलीअनसैचुरेटेड फैटी एसिड (झणक्ऋअ) पाए जाते हैं। हालांकि, ओमेगा–6 की अधिकता के कारण इसके सेवन में संतुलन आवश्यक बताया गया।

उन्होंने यह भी बताया कि मूंगफली के तेल में मौजूद ओलिक एसिड, स्टीयरिक एसिड, पामिटिक एसिड और लिनोलिक एसिड का संतुलन इसे स्वास्थ्य के लिए सुरक्षित और लाभकारी बनाता है। इसके साथ ही इसमें पाए जाने वाले अन्य विटामिन, खनिज और ऑर्गेनिक यौगिक भी स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं।

अध्यक्ष ने कहा कि मूंगफली तेल की गुणवत्ता और उसके बढ़ते स्वास्थ्य महत्व को देखते हुए इस व्यापार को और अधिक बढ़ाने के लिए सभी व्यापारियों को मिलकर कार्य करने की आवश्यकता है। उन्होंने आश्वासन दिया कि व्यापार के दौरान यदि किसी भी प्रकार की समस्या आती है, तो उसका समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने बताया कि आईपीबीए अब तक 100 से अधिक व्यापारिक समस्याओं का सफलतापूर्वक समाधान कर चुका है।

इस अवसर पर आंध्र प्रदेश के उपाध्यक्ष श्री बालकिशन लोया ने सभी उपस्थित अतिथियों का स्वागत करते हुए मूंगफली व्यापार को और अधिक सुचारू रूप से संचालित करने पर जोर दिया। उन्होंने व्यापार में समय के साथ बदलाव की आवश्यकता बताते हुए एएमसी (एग्रीकल्चरल मार्केट कमेटी) से संबंधित नियमों की विस्तृत जानकारी दी।

उन्होंने बताया कि आंध्र प्रदेश चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से राज्य के विपणन मंत्री श्री किंजरापु अच्चन्नायडू को ज्ञापन सौंपा गया है, जिसमें स्पष्ट रूप से मांग की गई है कि देश के अन्य राज्यों से आने वाले माल पर एएमसी शुल्क न लगाया जाए। मंत्री ने व्यापारियों की समस्या को गंभीरता से सुना और शीघ्र कार्रवाई का आश्वासन दिया।

समारोह में आईपीबीए के सभी कमेटी सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का समापन आपसी संवाद और स्वरुचि भोजन के साथ सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

रीढ़ की हड्डी की सर्जरी में एक नए युग की शुरुआत

तेलुगु राज्यों में पहली बार स्पाइन रोबोट लॉन्च

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। किम्स हॉस्पिटल्स के सीएमडी डॉ. बोलिनेनी भास्कर राव ने कहा कि उनका अस्पताल दुनिया में कहीं भी होने वाले नवीनतम चिकित्सा नवाचारों को अपनाने में हमेशा अग्रणी रहा है। वे तेलुगु राज्यों में पहली बार पेश किए गए स्पाइन रोबोट के लॉन्च के अवसर पर शहर के नोवोटेल होटल में आयोजित एक कार्यक्रम में बोल रहे थे।

डॉ. भास्कर राव ने कहा कि रीढ़ से संबंधित सर्जरी में उच्चतम स्तर की सटीकता की आवश्यकता होती है और अब तक, तेलुगु राज्यों के किसी भी अस्पताल ने ऐसी प्रक्रियाओं के लिए रोबोटिक तकनीक का उपयोग नहीं किया था। उन्होंने आगे कहा कि पहली बार इस स्पाइन रोबोट को पेश करके, किम्स हॉस्पिटल्स ने रीढ़ की सर्जरी में एक नए युग की शुरुआत की है। इससे पहले, मुख्य रोबोटिक ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. एने साई लक्ष्मण ने कार्यक्रम में आए अतिथियों का स्वागत किया।

बाद में, किम्स अस्पताल में सीनियर कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन और न्यूरोसर्जरी विभाग के प्रमुख डॉ. मानस कुमार पाणिग्रही ने बताया कि अमेरिका स्थित मेडट्रोनिक द्वारा निर्मित यह स्पाइन रोबोट किम्स कोंडापुर अस्पताल में स्थापित किया जाएगा। सर्जरी के दौरान, एक सीटी स्कैन लिया जाता है और रोबोट में फीड किया जाता है, जो सर्जनों को स्क्रू लगाने और आवश्यक हड्डी काटने की सीमा की पूर्व–योजना बनाने की अनुमति देता है। रोबोट 99.9% सटीकता के साथ स्क्रू को फिक्स करता है। उन्होंने कहा कि इसके परिणामस्वरूप, सर्जरी के दौरान स्क्रू के बगल की नसों को छूने या तंत्रिका क्षति (पशअँश वरारसश) होने का कोई जोखिम नहीं रहता है, जिससे मरीजों की पूर्ण रिकवरी सुनिश्चित होती है।

किम्स सनशाइन हॉस्पिटल के एमडी और मुख्य ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जन डॉ. ए.वी. गुरुवा रेड्डी ने कहा कि रोबोटिक सिस्टम ने पहले घुटने के रिप्लेसमेंट और अन्य सर्जरी में पूर्ण सटीकता हासिल करने में मदद की थी। उन्होंने टिप्पणी की कि अब रीढ़ की सर्जरी में भी रोबोटिक तकनीक पेश करके, किम्स हॉस्पिटल्स ने चिकित्सा इतिहास में एक नया अध्याय रचा है।

किम्स कोंडापुर में कंसल्टेंट मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जन डॉ. के. श्रीकृष्ण चैतन्य ने कहा कि रोबोटिक सर्जरी बच्चों में रीढ़ से संबंधित समस्याओं के इलाज के लिए विशेष रूप से फायदेमंद है, जिसमें कूबड़ जैसी रीढ़ की विकृतियां शामिल हैं। उन्होंने उल्लेख किया कि बच्चों में ऐसी सर्जरी के लिए पूर्ण सटीकता की आवश्यकता होती है, जो रोबोटिक सहायता से विश्वसनीय रूप से प्राप्त की जा सकती है।

किम्स अस्पताल में कंसल्टेंट न्यूरोसर्जन और मिनिमली इनवेसिव स्पाइन सर्जन डॉ. बी.वी. सावित्र शास्त्री ने कहा कि रोबोटिक स्पाइन सर्जरी वर्तमान में भारत भर में केवल चार या पांच केंद्रों में उपलब्ध है, और तेलंगाना या आंध्र प्रदेश में कहीं भी नहीं है। उन्होंने कहा कि मरीजों के लाभ के लिए किम्स कोंडापुर अस्पताल में इस सर्जिकल रोबोट को लाना बड़े गर्व की बात है, क्योंकि यह चिकित्सा देखभाल के उच्चतम मानकों को प्रदान करने में सक्षम बनाता है।कार्यक्रम के दौरान, कोठारी मेडिकल सेंटर, कोलकाता के स्पाइन सर्जरी विभाग के प्रमुख और स्पाइन फेलोशिप कार्यक्रम के निदेशक डॉ. सौम्यजीत बसु ने भी बात की और तेलुगु राज्यों में इतनी उन्नत तकनीक लाने के लिए किम्स अस्पताल प्रबंधन को बधाई दी।

अंत में, किम्स कोंडापुर अस्पताल के क्षेत्रीय चिकित्सा निदेशक डॉ. सुधीर विन्नमाला ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

अग्रवाल समाज तेलंगाना गौ सेवा समिति द्वारा गौशाला में सेवा कार्यक्रम आयोजित

हैदराबाद, 21 दिसंबर
(शुभ लाभ ब्यूरो)।
अग्रवाल समाज तेलंगाना गौ सेवा समिति द्वारा 21 दिसंबर को एक गौशाला में विशेष गौ सेवा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सभी गौ माताओं (गायों) के लिए ताजी सब्जियों की व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में उपस्थित सभी स्वयंसेवकों ने सब्जियां काटकर श्रद्धा भाव से गौ माताओं को खिलाईं।

इस अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना की संयुक्त सचिव डॉ. सीमा जैन ने गौ माताओं की चोटों एवं घावों के उपचार के विषय में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने गौ माताओं के इलाज हेतु होम्योपैथिक दवाएं उपलब्ध कराईं तथा गौ सेवा स्वयंसेवकों को उनके सही उपयोग की विधि भी समझाई।

अग्रवाल समाज तेलंगाना समिति की ओर से गौ माताओं के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए कैल्शियम, लीवर टॉनिक एवं खनिज (मिनरल) दवाएं भी उपलब्ध कराई गईं, जिससे उनकी सेहत को बेहतर बनाया जा सके।

यह सेवा कार्यक्रम मोती नगर शाखा की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में गौ सेवा समिति के अध्यक्ष मनीष अग्रवाल (अट्टापुर), डॉ. सीमा जैन, दीपा अग्रवाल, रवि जी, मोनिका अग्रवाल, मनीष अग्रवाल (सेंट्रल), आईपीपी उत्तरांचल शाखा, सुरेंद्र कुमार जिंदल, मुकुंद लाल अग्रवाल, सुमन गुप्ता तथा प्रियंका अग्रवाल का महत्वपूर्ण वित्तीय सहयोग प्राप्त हुआ।

गौशाला में सेवा कार्य के दौरान दीपा अग्रवाल, सुमन अग्रवाल, सीमा अग्रवाल, सीमा जैन, मोहिनी अग्रवाल और योगिनी अग्रवाल ने भी सक्रिय रूप से सहयोग किया।कार्यक्रम के समापन पर डॉ. सीमा जैन ने अग्रवाल समाज तेलंगाना की गौ माता समिति के सभी सदस्यों की ओर से सहयोग करने वाले सभी व्यक्तियों का आभार व्यक्त किया। उन्होंने भविष्य में भी सभी से अधिक सक्रिय रूप से भाग लेने का आग्रह किया, ताकि गौ माताओं को अधिकतम चिकित्सा एवं सेवा सुविधाएं प्रदान की जा सकें।

वीणावादिनी साहित्यिक समिति का अलविदा 2025 – स्वागत 2026 साहित्यिक-सांस्कृतिक समारोह सम्पन्न

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

वीणावादिनी साहित्यिक समिति द्वारा शनिवार, 20 दिसंबर 2025 को अलविदा 2025 और स्वागत 2026 शीर्षक से एक भव्य साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन आर्यकन्या विद्यालय, सुलतान बाजार, कंदास्वामी लेन में किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ. दयाकृष्ण गोयल रहे।

कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती पूजन एवं सरस्वती वंदना से हुआ। सरस्वती वंदना का सुमधुर गायन श्री पुरुषोत्तम कडेल, श्रीमती उमा तिवारी और श्रीमती शोभा ठाकुर द्वारा किया गया। समिति के परामर्शदाता श्री प्रदीप जाजू एवं उपाध्यक्ष श्री पुरुषोत्तम कडेल ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया, जबकि समिति के उपाध्यक्ष डॉ. प्रभास चंदर सिंह चंदर ने उनका परिचय प्रस्तुत किया।

मुख्य अतिथि डॉ. दयाकृष्ण गोयल ने अपने संबोधन में हिंदी भाषा की वर्तमान परिस्थितियों पर प्रकाश डालते हुए इसके संरक्षण, संवर्धन और युवा पीढ़ी में हिंदी के प्रति रुचि बढ़ाने की आवश्यकता पर जोर दिया।

कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायक अरजन सिंह की उपस्थिति विशेष आकर्षण रही। इस अवसर पर गीत गायन, नृत्य एवं काव्य पाठ की सुंदर प्रस्तुतियाँ दी गईं। उपस्थित सभी कलाकारों और साहित्यकारों ने अपने-अपने क्षेत्र की कुशलता का परिचय देते हुए कार्यक्रम को यादगार बना दिया।

इस कार्यक्रम में डॉ. पंकज मेहता, डॉ. प्रभास चंदर सिंह चंदर, डॉ. पुरुषोत्तम कडेल, डॉ. रेखा देवी वर्मा, श्रीमती पद्मा टकसाली, निर्मला दीक्षित, राजकुमार यादव, सत्यनारायण काकड़ा, अनिता वर्मा, विद्या दवे, शोभा ठाकुर, गीता सुधाकर, प्रदीप जाजू, उमा तिवारी, मीरा आर्य, नीलम शिवानी महेश्वरी, पूजा पवार, चित्रा, ममता जायसवाल, दामिनी जायसवाल, सुमन गुप्ता, रुबी मिश्रा, सुनीति मिश्रा, ममता शुक्ला, श्रीमती मधु, श्रीमती शीतला, विनोद गिरि, अनोखा सीताराम माने, श्री सत्यनारायण शर्मा, राजन शर्मा, अशोक जाजू और राजन्ना सहित अनेक गणमान्य व्यक्तियों ने अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

कार्यक्रम का संचालन श्री पुरुषोत्तम कडेल ने किया। सभी अतिथियों को आदरणीय पंडित गंगाराम वानप्रस्थी जी द्वारा रचित ङ्गऋषि चरित्रफ पुस्तक भेंट स्वरूप प्रदान की गई। उमा तिवारी एवं पुरुषोत्तम कडेल द्वारा भोजन की उत्तम व्यवस्था की गई।

इस संपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन एवं संयोजन श्रीमती सुधा ठाकुर द्वारा किया गया, जिसकी सभी उपस्थितजनों ने भूरि-भूरि प्रशंसा की।

पेंड्याल गाँव के नवनिर्वाचित सरपंच जय जगन मोहन रेड्डी का अत्तापुर लक्ष्मी रामा एसोसिएशन द्वारा सम्मान

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। अत्तापुर लक्ष्मी रामा एसोसिएशन ने रविवार को रंगारेड्डी जिले के महेश्वरम मंडल के पेंड्याल गाँव के नवनिर्वाचित सरपंच जय जगन मोहन रेड्डी के सम्मान में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया। सरपंच पद पर निर्वाचित होने के उपलक्ष्य में आयोजित इस अभिनंदन समारोह में एसोसिएशन के अध्यक्ष साई रेड्डी और निदेशक पवन कुमार अग्रवाल सहित अन्य प्रमुख सदस्यों ने जगन मोहन रेड्डी को सम्मानित किया। इस अवसर पर उन्हें शॉल ओढ़ाकर और स्मृति चिन्ह भेंट कर उनके भविष्य के कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं दी गईं। कार्यक्रम में एसोसिएशन के कई अन्य सदस्य और स्थानीय गणमान्य व्यक्ति भी उपस्थित रहे।

टीएनजीओ यूनियन शिक्षा विभाग ने हर्षोल्लास के साथ मनाया क्रिसमस

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

टीएनजीओ यूनियन हैदराबाद जिला एसोसिएट अध्यक्ष एवं टीए-नजीओ यूनियन स्कूल शिक्षा विभाग (हैदराबाद जिला) के अध्यक्ष श्री के.आर. राजकुमार और सचिव श्री एम. भास्कर के नेतृत्व में शनिवार, 20 दिसंबर 2025 को जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में भव्य क्रिसमस कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में टीएनजीओ केंद्रीय यूनियन के अध्यक्ष श्री एम. जगदीश्वर, महासचिव डॉ. एस.एम. हुसैनी मुजीब, एसोसिएट अध्यक्ष श्री के. वेंकटेश, और हैदराबाद ैएज कार्यालय के सहायक निदेशक श्री बी. श्रीनिवास रेड्डी शामिल हुए।सम्मानित अतिथियों में टीए-नजीओ यूनियन हैदराबाद जिला अध्यक्ष श्री विक्रम कुमार, सचिव श्री कुरादी श्रीनिवास, केंद्रीय यूनियन प्रचार सचिव श्रीमती शैलजा, हैदराबाद जिला प्रचार सचिव श्री वैदिक शास्त्र, ई.सी. सदस्य श्री मुकीद, सहायक आयुक्त (सरकारी परीक्षा) श्री मधुसूदन और पादरी श्री वाई. डैनी बाबू उपस्थित थे।कार्यक्रम का संयोजन श्रीमती ग्लैंडीना और उनकी क्वायर टीम (गायन समूह) द्वारा किया गया, जिन्होंने मधुर क्रिसमस गीतों की प्रस्तुति दी। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने मिलकर केक काटा और एक-दूसरे को क्रिसमस की बधाई दी।समारोह के सफल आयोजन में स्कूल शिक्षा विभाग के उपाध्यक्ष ए. रूगेश, संयुक्त सचिव एम.ए. मुक्तादर, जयंती रेड्डी, प्रचार सचिव फिरोज अहमद, ई.सी. सदस्य मुजाहिद अली, प्रियदेव ठाकुर और मोइनुद्दीन ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।इसके अलावा, फोरम के सदस्य रमेश, सुदर्शन, श्रीनिवास, शेखर, अरुणा ज्योति, अखिल, एम. योगेंद्र सहित बड़ी संख्या में प्राथमिक सदस्यों और कर्मचारियों ने भाग लिया, जिनमें जेम्स, रानी, जॉन, क्रिस्टोफर, डेविड रतन, राकेश, मिर्ज़ा, अरुणा, लावण्य, सुनील, विजयलक्ष्मी, अर्चना, सुगुणा रेड्डी, उमा देवी, हनीफ और अन्य शामिल थे।

अनाथ बच्चों को स्कूल ड्रेस, कंबल और भोजन वितरित

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट/देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान की महिला शाखा/उत्तराखंड महिला कीर्तन मंडली आर के पूरम, सर्वदलीय गौरक्षा मंच, शिव शक्ति अग्रवाल महिला शाखा मोतीनगर एवं आशा राम बापू हरिओम संस्था ओल्ड बोइनपल्ली द्वारा अनाथ बच्चों को स्कूल ड्रेस, कंबल, टिफनी बॉक्स, फल मिठाई, बिस्कुट नमकीन वितरण किया।

देवभूमि उत्तराखंड सेवा संस्थान की महिला अध्यक्षा श्रीमती दीप्ति रावत, श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट की ट्रस्टी प्रेमा नयाल, शिव शक्ति अग्रवाल महिला शाखा की सुमन अग्रवाल, सर्वदलीय गौरक्षा मंच के राष्ट्रीय अध्यक्ष ठाकुर जयपाल नयाल सनातनी, हरिओम संस्थान ऊषा अग्रवाल के नेतृत्व में 20 दिसंबर दोपहर 2.30 से अनाथ आश्रम (आदर्श फाउंडेशन मोतीनगर) के 35 बच्चों और 10 सेवादारों को श्री दक्षिणेश्वर केदारनाथ मंदिर ट्रस्ट के नेतृत्व में स्कूल यूनिफार्म, कंबल, टिफिन, फल-मिठाई आदि का वितरण किया गया।

इस अवसर पर अनाथ बच्चों के साथ विभिन्न प्रकार के खेल, डांस, धार्मिक भजन, नारे आदि खेलकर उनका मनोरंजन किया गया। बच्चे बहुत खुश और आनंदित हुए। बार-बार उत्तराखंड की माताओं-बहनों से जल्द फिर आने की गुहार लगाते रहे।

इस अवसर पर उपस्थित गणमान्य सदस्यों में सीमा जैन, महेश्वरी बिष्ट, दीपा अग्रवाल, विजेता, आशा, रीना अग्रवाल, कविता नेगी, हिमानी खंडवा, पुष्पा नेगी, सुकन्या नेगी, शांता देवी, कांता देवी, सरीता पंथ, संध्या, किरण, पायल, किरण, वंदना, मोहिनी, लता, रेखा, धन्नू, संतोष, लक्ष्मी, अनीता, सुलोचना, ललिता, सीमा, तन्मय पंथ, अथर्व अग्रवाल, आयरा अग्रवाल आदि उपस्थित रहे।

एसएसके समाज रहीमपुरा में निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन एवं एसएसके नवयुवक संघ कार्यालय का उद्घाटन सम्पन्न हुआ। शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में गोशामहल विधायक टी. राजा सिंह ने भाग लिया। इस अवसर पर समाज के पदाधिकारी एवं अन्य उपस्थित थे।

अग्रवाल शिक्षा समिति में एमबीए विभाग का फ्रेशर कार्यक्रम मस्ती महोत्सव सम्पन्न

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

अग्रवाल शिक्षा समिति द्वारा संचालित एस. डी. सिग्रोदिया कॉलेज में एम.बी.ए. विभाग की ओर से फ्रेशर कार्यक्रम मस्ती महोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। इस संबंध में जारी प्रेस विज्ञप्ति में विभाग के कोरेस्पोंडेंट श्री मुकुंद लाल अग्रवाल ने जानकारी दी कि हर वर्ष एम.बी.ए. विभाग में प्रथम वर्ष में प्रवेश लेने वाले नए विद्यार्थियों का द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी फ्रेशर कार्यक्रम के माध्यम से स्वागत करते हैं। इसी परंपरा के तहत यह आयोजन किया गया।

उन्होंने बताया कि जब द्वितीय वर्ष के विद्यार्थी परीक्षा के लिए प्रस्थान करते हैं, तब प्रथम वर्ष के विद्यार्थी विदाई समारोह के माध्यम से उन्हें सम्मानित करते हैं। कार्यक्रम का शुभारंभ सर्वप्रथम मां सरस्वती की पूजा एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इसके पश्चात मंचासीन अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं शॉल भेंट कर सम्मान किया गया।

इस अवसर पर अग्रवाल शिक्षा समिति के अकादमिक सह सलाहकार डॉ. राजेश अग्रवाल ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास पर भी ध्यान देना आवश्यक है, जिससे वे समाज में अपनी अलग पहचान बना सकें। एम.सी.ए. विभाग की निदेशिका प्रोफेसर माधुरी ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दीं।

एम.बी.ए. विभाग की निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी के. रंगनाथ ने विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने हेतु कोरेस्पोंडेंट श्री मुकुंद लाल अग्रवाल के प्रति आभार व्यक्त किया। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए श्री मुकुंद लाल अग्रवाल ने कहा कि यह जीवन का एक महत्वपूर्ण पड़ाव है, जिसमें लक्ष्य निर्धारित कर उसी दिशा में निरंतर प्रयास करने से सफलता प्राप्त की जा सकती है। उन्होंने विद्यार्थियों को अध्ययन के साथ-साथ सह-पाठ्यक्रम गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

विद्यार्थियों की सुविधा एवं गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु सहायक प्रोफेसर रश्मिता को कल्चरल एक्टिविटी, सत्यजीत सिंग को स्पोर्ट्स तथा वेंकटेश को हाउसकीपिंग का दायित्व सौंपा गया। कार्यक्रम के दौरान राहुल को मिस्टर एम.बी.ए. तथा निकिता को मिस एम.बी.ए. के खिताब से सम्मानित किया गया। विभिन्न प्रतियोगिताओं में स्नेहा, डॉली, शांति, संजना, विनयश्री, वैशाली, गायत्री और हेमंत अग्रवाल को पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर समिति के अकादमिक सह सलाहकार डॉ. राजेश अग्रवाल, एम.बी.ए. विभाग के कोरेस्पोंडेंट मुकुंद लाल अग्रवाल, निदेशिका प्रोफेसर पल्लवी के. रंगनाथ, सहायक प्रोफेसर रश्मिता, सत्यजीत सिंग, वेंकटेश, कंप्यूटर विभाग से किरण, लाइब्रेरियन सीनू तथा कर्मचारी सुनयना, मनोज सहित एम.सी.ए. विभाग की निदेशिका प्रोफेसर माधुरी उपस्थित रहीं।

सभी विद्यार्थियों ने कार्यक्रम का भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के पश्चात सभी के लिए भोजन की भी व्यवस्था की गई।

नरसिम्हा राव एक मजबूत स्तंभ थे : यूएस. शर्मा

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

हैदराबाद चैप्टर के पूर्व अध्यक्ष स्वर्गीय एन.एल. नरसिम्हा राव की स्मृति में ङ्गजनसंपर्क में विरासत और नेतृत्वफ व्याख्यान का आयोजन किया गया। स्वर्गीय एन.एल. नरसिम्हा राव जिनका जन्म 20 दिसंबर, 1938 को हुआ था और जिनका निधन 4 अगस्त, 2019 को हुआ। उन्होंने संयुक्त आंध्र प्रदेश सरकार के जनसंपर्क विभाग में कई पदों पर कार्य किया और इससे पहले वे हैदराबाद पीआरएसआई चैप्टर के अध्यक्ष के रूप में 5 कार्यकाल तक रहे और पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (दक्षिण) भी थे।स्मृति व्याख्यान शनिवार 20 दिसंबर को सुरावराम प्रताप रेड्डी तेलुगु विश्वविद्यालय, हैदराबाद के सम्मेलन कक्ष में आयोजित किया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि के रूप में यू.एस. शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (दक्षिण) ने इस कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते हुए कहा कि एन.एल. नरसिम्हा राव एक मजबूत स्तंभ थे।

उन्होंने चैप्टर के सदस्यों के लिए नेतृत्व के मूल्यों की नींव रखी। उन्होंने नरसिम्हा राव के जनसंपर्क संगठन (पीआरएसआई) के साथ जुड़ाव को याद करने के लिए इस पहल को अपनाने के लिए चैप्टर के सदस्यों की सराहना की।इस मौके पर यू.एस. शर्मा, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (दक्षिण), ने विशिष्ट अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई और स्वर्गीय एन.एल. नरसिम्हा राव के साथ अपने घनिष्ठ संबंधों को साझा किया।

कार्यक्रम में कृष्ण बाजी, पूर्व अध्यक्ष और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष (दक्षिण), ने स्मृति व्याख्यान में पब्लिक रिलेशंस सोसाइटी ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. अजीत पाठक का संदेश पढ़ा और एचयूडीए और पीआरएसआई में काम करने के दौरान उनके साथ अपने पांच दशकों के लंबे जुड़ाव को साझा किया। अध्याय के वरिष्ठ सदस्य वाई. बाबजी, लायन गोविंद राज, प्रमोद राव, मोहन राव, सुब्बाराओ, वी.वी. भुजंगा राव, अपर्णा राजहंस, डी. अरुणा, श्रीश्याम, इंदुमती और परिवार के सदस्यों ने भाग लिया और उनके साथ अपने लंबे जुड़ाव और पीआरएसआई, हैदराबाद अध्याय में उनके योगदान को साझा किया।इससे पहले, पीआरएसआई, हैदराबाद अध्याय के अध्यक्ष डॉ. यादगिरी कम्भमपति ने उपस्थित लोगों और श्री एन.एल. नरसिम्हा राव के परिवार के सदस्यों का स्वागत किया। बाद में, अध्याय के सचिव श्री राजेश कल्याणा ने धन्यवाद प्रस्ताव दिया।

DAILY शुभ लाभ
Classifieds

CHANGE OF NAME & DOB
I, Army No.JC 734932L Sub HARI RAM SINGH YADAV of Adm Bn, AOC Centre, Secunderabad, C/o.56 APO that my father name and DOB is changed from RAM KHELAVAN YADAV, DOB:02/08/1956 to RAMKHELAWAN, DOB:01/01/1951.

CHANGE OF NAME & DOB
I, Army No.JC 732997A Sub BHOOP SINGH of Adm Bn, AOC Centre, C/o.56 APO that my father name and DOB is changed from VJIYARE LAL, DOB:01/08/1943 to UJIYARELAL, DOB:01/01/1953.

CHANGE OF NAME
I, No.2609908F Hav DHILLESWARA RAO TALAGAPU, Resident of H.No.1-38, Vill:Amalakudiya, PO:Pedda Narayanapuram, Teh:Palasa, Dist:Srikakulam, Andhra Pradesh-532220 declare that my Daughter name is to be changed from TALAGAPU NISHITA to TALAGAPU NISITHA vide affidavit dt:21-12-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

CHANGE OF NAME & DOB
I, P.HANUMANTHU Father of Service No. 15795753N Hav POTTEPOGU KASAIAH, R/o.H.No.10-66, Mundlapadu, Venkatapuram, Kristam Setti Palle, Prakasam Dist, Andhra Pradesh-523357 have changed my name and DOB from P.HANUMANTHU, DOB:01-07-1961 to POTTEPOGU HANUMANTHU, DOB:01-01-1951 vide affidavit dt:20-12-2025 before CVN Ramakrishna, Advocate and Notary, Secunderabad.

CHANGE OF NAME & DOB
I, VIJAYA NIRMALA Spouse of Service No. 15322063N Hav GANGARAPU SUDHAKAR REDDY, Resident of 1-88, Main Bajar, Agnigundala, Guntur, Andhra Pradesh-522647 have changed my name and DOB from VIJAYA NIRMALA, DOB:24-5-1982 to GANGARAPU VIJAYA NIRMALA, DOB:17-6-1983 vide affidavit dt:21-12-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

CHANGE OF NAME & DOB
I, VARGHESE Father of Service No.JC 313665N Sub JINCE VARGHESE, Resident of Valiyaveettil (H), Marigiri, Therthalli PO, Thirmiri, Alakode, Kannur, Kerala-670571 have changed my name and DOB from VARGHESE, DOB:01-07-1963 to VARGHESE VALIYAVEETTIL, DOB:01-05-1959 vide affidavit dt:21-12-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

CHANGE OF NAME & DOB
I, KUNJUMOL Mother of Service No.JC 313665N Sub JINCE VARGHESE, Resident of Valiyaveettil (H), Marigiri, Therthalli PO, Thirmiri, Alakode, Kannur, Kerala-670571 have changed my name and DOB from KUNJUMOL, DOB:01-07-1968 to CLARAMMA VARGHESE, DOB:02-10-1964 vide affidavit dt:21-12-2025 before G.Shobha, Advocate and Notary, Brahmanwadi, Begumpet, Hyderabad.

CHANGE OF DOB
I, PRIYANKA KUMARI, legally wedded spouse of No- 4292860N, Rank- SEP, Name- VISHWANATH KUMAR, presently posted with 20 BIHAR C/o 56, APO, resident of Vill - Karnapur Bochhaha, Po-Bochhaha, Teh-Muzaffarpur, Dist-Muzaffarpur, State-Bihar, PIN-843103, do hereby declare that my Date of Birth has been wrongly entered/recorded as "01 Jan 1997" in my husband's service documents by mistake. My correct Date of Birth is "11 Jan 1997", for all future records purposes, vide Affidavit No. AC-891258 dt. 21 Dec 2025.

CHANGE OF NAME & DOB
I, BANKURU POLAMMA mother of JC-442475Y Rank SUB Name TAVITI NAIDU BANKURU, R/o. at 290, Block, Asifnagar, Mehdipatnam, Hyderabad, TS. I have changed my name from B POLAMMA to BANKURU POLAMMA and changed my DOB from 15-09-1965 to 03-05-1960 due to correct name and DOB as per Govt ID proofs for all future purposes. The same is declaration sworn before advocate notary by Mohd Muzibulla Baig dated 19 Dec 2025.

CHANGE OF NAME & DOB
I, BANKURU CHINNAMNAIDU father of JC-442475Y Rank SUB Name TAVITI NAIDU BANKURU, R/o at 290 Block, Asifnagar, Mehdipatnam, Hyderabad, TS. I have changed my Name from CHINNAM NAIDU to BANKURU CHINNAMNAIDU and changed my DOB from 25-07-1950 to 07-05-1955 due to correct name and DOB as per Govt ID proofs for all future purposes. The same is declaration sworn before advocate notary by Mohd Muzibulla Baig dated 19 Dec 2025.

जगन्नाथ मठ में माता गोदा तिरुनक्षत्र कार्यक्रम श्रद्धा से सम्पन्न

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। सितारामबाग स्थित श्री जगन्नाथ स्वामी मठ में माता गोदा (आंडाल) जन्मोत्सव के पावन अवसर पर विभिन्न धार्मिक एवं आध्यात्मिक कार्यक्रम अत्यंत भक्ति भाव के साथ सम्पन्न हुए।आज जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में मठ के महंत अच्युत रामानुजाचार्य अजय स्वामी ने जानकारी देते हुए बताया कि वैकुण्ठकाशी श्रीश्रीश्री त्रिदण्डी श्रीनिवास शरणधर नारायण रामानुज जीयर स्वामीजी के आशीर्वाद से, श्री जगन्नाथ मठ (माधवदास जीरा), सीताराम बाग में परंपरानुसार रविवार, 21 दिसंबर 2025 को प्रातः शुभ मुहूर्त में माता गोदा का अभिषेक, विशेष पूजा, आरती एवं 108 प्रकार के भोग अर्पित किए गए।इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने माता गोदा के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।कार्यक्रम में मठ के महंत अच्युत रामानुजाचार्य, लाव फॉर काऊ फाउंडेशन के चेयरमैन जसमत पटेल, ट्रस्टी रिद्धीश जागीरदार, अर्जुनलाल अग्रवाल, श्रीगोपाल सोनी, ओमप्रकाश मुंदड़ा, अशोक बंग, कृष्ण अग्रवाल, महावीर प्रसाद शर्मा, विनोद बजाज, प्रमोद लोया, शैलेश सोनी, चंपालाल जाजू, राहुल कस्थी, नीरज रमेश दाहिमा, पप्पु पाटील, दामोदर-दास मुंदड़ा, जगदीश लोया, सागर दाहिमा, रूपेश काकडा, गोपाल काकडा, मेघराज अग्रवाल, रामेश्वर बंग, राजू कर्मा सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।महिलाओं में देवी स्वीकृति रामानुजाचार्य, कांता अग्रवाल, मधुबाला उपाध्याय, निर्मल सोनी, सरोज गोयल, संपन्ना शर्मा, सुनीता चौधरी, पूनम, शोभा सारडा, हेमलता पाठक, मीना विश्वनाथ, रेखा लोया, मोनी दुबे, मंगला मुंदड़ा, कंदना दाहिमा, सुमन गोयल, उर्मिला रमेश मोदानी, सरला मुंदड़ा सहित मठ परिवार के सदस्य बड़ी संख्या में उपस्थित थे।महंत अच्युत रामानुजाचार्य ने अपने प्रवचन में कहा कि कलियुग के प्रारंभ में माता गोदा का अवतार तमिलनाडु के श्रीविल्लिपुत्तूर क्षेत्र में विष्णुचित स्वामीजी के घर हुआ। बाल्यकाल में ही माता गोदा ने भगवान श्री रंगनाथजी की माला धारण कर भक्ति का मार्ग प्रशस्त किया।उन्होंने बताया कि माता गोदा ने तमिल भाषा में 28 दिव्य पदों के माध्यम से भगवान श्री नारायण के स्वरूप और गुणों का गुणगान किया तथा भक्तों को भक्ति मार्ग की ओर अग्रसर किया।उन्होंने आगे कहा कि जब शेषशय्या पर विराजमान भगवान श्रीमन नारायण चिंतित दिखाई दिए, तब माता लक्ष्मी ने उनके कल्याण हेतु पृथ्वी पर अवतार लेकर मानव समाज को भक्ति और मोक्ष का मार्ग दिखाया। शास्त्रों में उल्लेख है कि कलियुग में द्रविड़ देश की पवित्र नदियों के तट पर महान भगवद्भक्तों का अवतार होगा, जो भक्ति का व्यापक प्रचार-प्रसार करेंगे।

श्री लक्ष्मी नृसिंह मंदिर सुल्तान बाजार में श्री गोदा रंगनाथजी का जन्मोत्सव मनाते हुए भक्त गण।

युथ एजुकेशन एम्प्लॉयमेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन अनंतपुरम ने एस. गैबुवली का किया भव्य सम्मान

अनंतपुरम (आंध्र प्रदेश), 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। युथ एजुकेशन एम्प्लॉयमेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन अनंतपुरम की ओर से एस. गैबुवली को एक भव्य सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें केंद्र सरकार के सहकारिता मंत्रालय में हिंदी सलाहकार के रूप में नियुक्त किए जाने के उपलक्ष्य में दिया गया।

गौरतलब है कि केंद्र गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के नेतृत्व में सहकारिता मंत्रालय द्वारा आयोजित किए जाने वाले कार्यक्रमों के लिए एस. गैबुवली को हिंदी सलाहकार नियुक्त किया गया है। वे हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के प्रधानमंत्री, हिंदी सेवासदन के संस्थापक सचिव तथा युथ एजुकेशन एम्प्लॉयमेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन के संस्थापक अध्यक्ष भी हैं।

इस अवसर पर एसोसिएशन के नेताओं ने कहा कि एस. गैबुवली ने हिंदी भाषा के प्रचार0प्रसार और विकास के लिए निरंतर अनेक कार्यक्रम आयोजित किए हैं। हिंदी भाषाभिवृद्धि के क्षेत्र में उनके लगभग 20 वर्षों के अथक प्रयासों को देखते हुए उन्हें यह प्रतिष्ठित दायित्व सौंपा गया है।

सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए एस. गैबुवली ने कहा कि वे पिछले दो दशकों से हिंदी प्रचार सभा, हैदराबाद के माध्यम से हिंदी भाषा के प्रचार और प्रसार के लिए निरंतर कार्य कर रहे हैं। इसी सेवा भावना के परिणामस्वरूप उन्हें केंद्र सहकारिता मंत्रालय में हिंदी सलाहकार के रूप में नियुक्त किया गया है। उन्होंने इस सम्मान के लिए केंद्र गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह, केंद्र सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

उन्होंने कहा कि यह पद केवल उनका व्यक्तिगत सम्मान नहीं, बल्कि समस्त हिंदी प्रेमियों, विशेषकर दक्षिण भारत और तेलुगु भाषी समाज के लिए गौरव का विषय है।

इस कार्यक्रम में युथ एजुकेशन एम्प्लॉयमेंट एंड वेलफेयर एसोसिएशन अनंतपुरम के गौरवाध्यक्ष शिवा रेड्डी, अध्यक्ष मनोज कुमार, संयुक्त सचिव सरदार वली सहित सोमशेखर, नजीर, जगदीश, इंतियाज, जाकिर हुसैन, अली, फखरुद्दीन एवं अन्य पदाधिकारी और सदस्य उपस्थित रहे।

सभी ने एस. गैबुवली को शुभकामनाएं देते हुए हिंदी भाषा के प्रचार0प्रसार के लिए उनके प्रयासों की सराहना की।

विकसित भारत पीपीटी चैलेंज प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

भारत सरकार के युवा कल्याण मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय युवा महोत्सव के अंतर्गत प्रतिवर्ष देश के सभी राज्यों के युवाओं के लिए ङ्गविकसित भारत पीपीटी चैलेंज प्रतियोगिताएंफ आयोजित की जाती हैं। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य युवाओं में राष्ट्र निर्माण, नवाचार और विकासशील भारत की सोच को प्रोत्साहित करना है।

यह प्रतियोगिता तीन चरणों में आयोजित की जाती है। पहले चरण में ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता आयोजित होती है। इसमें उच्च अंक प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों के लिए 10 चयनित विषयों पर निबंध प्रतियोगिता कराई जाती है। इसके पश्चात चयनित प्रतिभागियों को पीपीटी चैलेंज प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है।

इसी क्रम में 19 और 20 दिसंबर को विद्यानगर स्थित विवेकानंद डिग्री कॉलेज में तेलंगाना युवा सेवा विभाग के सहयोग से ङ्गविकसित भारत पीपीटी चैलेंज प्रतियोगिताएंफ आयोजित की गईं। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

पीपीटी प्रस्तुतियों के आधार पर 20 शिक्षकों ने निर्णायक मंडल के रूप में कार्य करते हुए कुल 529 प्रतिभागियों का चयन किया। चयनित प्रतिभागियों का अंतिम मूल्यांकन युवा कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के श्री बिसाती भारत द्वारा किया गया।

मूल्यांकन के दौरान असाधारण प्रतिभा का प्रदर्शन करने वाले प्रतिभागियों को आगामी वर्ष 10 से 12 जनवरी तक नई दिल्ली में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय युवा महोत्सव में भाग लेने के लिए चयनित किया गया।

यह कार्यक्रम तेलंगाना राज्य युवा सेवा विभाग की निदेशक डॉ. सोनिबाला देवी की देखरेख में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विवेकानंद डिग्री कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. के. प्रभु, युवा सेवा विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी भी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं ने विकसित भारत की संकल्पना पर अपने विचार प्रस्तुत कर राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। आयोजकों ने इस कार्यक्रम को युवाओं के लिए प्रेरणादायी और सशक्त मंच बताया।

डॉ. प्रभु कुमार चल्लागली लंदन के कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन के संयोजक नियुक्त

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

यह तेलंगाना और तेलुगु चिकित्सा बिरादरी के लिए अत्यधिक गर्व का क्षण है कि डॉ. प्रभु कुमार चल्लागली को कॉमनवेल्थ मेडिकल एसोसिएशन (सीएमए), लंदन के संयोजक के रूप में नियुक्त किया गया है। वह इस प्रतिष्ठित वैश्विक पद को प्राप्त करने वाले तेलंगाना के पहले तेलुगु व्यक्ति बन गए हैं।

डॉ. चल्लागली के उत्कृष्ट नेतृत्व और सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति समर्पित सेवा को देखते हुए, उन्हें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), तेलंगाना राज्य द्वारा सार्वजनिक स्वास्थ्य (पब्लिक हेल्थ), जनसंपर्क (पब्लिक रिलेशन्स) और मीडिया के अध्यक्ष के रूप में भी नियुक्त किया गया है।उनकी वैश्विक दृष्टि को रेखांकित करते हुए, डॉ. चल्लागली ने हाल ही में एक ग्लोबल एआई समिट का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें तेलंगाना, भारत के विभिन्न हिस्सों और दुनिया भर के 1,000 से अधिक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। स्वास्थ्य सेवा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के एकीकरण पर अभिनव दृष्टिकोण और सार्थक चर्चा के लिए इस शिखर सम्मेलन की व्यापक प्रशंसा हुई।अपने विशिष्ट करियर में एक और मील का पत्थर जोड़ते हुए, डॉ. प्रभु कुमार चल्लागली को इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के सार्वजनिक स्वास्थ्य और जनसंपर्क के अध्यक्ष के रूप में भी नियुक्त किया गया है। खचअ देश के सबसे सम्मानित चिकित्सा निकायों में से एक है, जिसकी चिकित्सा पेशे की सेवा की 100 साल की विरासत है।इन शानदार उपलब्धियों के सम्मान में, हैदराबाद में आयोजित एक विशेष समारोह में डॉ. चल्लागली को सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार उन्हें इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की ओर से प्रसिद्ध भारतीय अभिनेता, कॉमेडियन और टेलीविजन प्रस्तोता अली द्वारा प्रदान किया गया, जो मुख्य रूप से तेलुगु फिल्मों और टेलीविजन में काम करते हैं।ये उपलब्धियाँ सार्वजनिक स्वास्थ्य को आगे बढ़ाने, चिकित्सा संस्थानों को मजबूत करने और राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्मों पर तेलंगाना को वैश्विक पहचान दिलाने के प्रति डॉ. चल्लागली की अटूट प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।

श्याम के सेवादार परिवार भाग्यनगर के तत्वावधान में पहाड़ी श्याम मंदिर में आयोजित भजन संध्या में राहुल सारडा ने हृदयस्पर्शी भजन प्रस्तुत किए। कार्यक्रम के अंत में मंदिर के अध्यक्ष अरुण डाकोतिया ने भजन गायकों का सम्मान किया। उपस्थित भक्तजनों ने भक्ति भाव से भजनों का आनंद लिया।

इंकलाब सेना पार्टी का डोर-टू-डोर जनसंपर्क कार्यक्रम

जनता की समस्याओं को सुना और समाधान का दिया भरोसा

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

इंकलाब सेना पार्टी ने आम जनता की आवाज को सीधे सुनने और उनके दैनिक जीवन को प्रभावित करने वाले वास्तविक मुद्दों को समझने के लिए एक सफल मडोर-टू-डोरफ जनसंपर्क कार्यक्रम आयोजित किया।इस कार्यक्रम के दौरान, आबिड्स, पर्दा गेट, किंग कोठी और आसपास के क्षेत्रों के निवासियों ने पार्टी नेतृत्व के साथ अपनी चिंताओं को खुलकर साझा किया। स्थानीय लोगों ने बुनियादी सुविधाओं और अपनी समस्याओं के बारे में विस्तार से चर्चा की।

इंकलाब सेना पार्टी के नेतृत्व ने जनता को आश्वासन दिया कि सभी वास्तविक और जायज मुद्दों को संबंधित अधिकारियों के समक्ष उठाया जाएगा और उन्हें जल्द से जल्द हल करने के प्रयास किए जाएंगे।

किनवट नगर परिषद चुनाव 2025 : महाविकास आघाड़ी की ऐतिहासिक जीत, सत्ता परिवर्तन का स्पष्ट जनादेश

किनवट, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्युरो)।

किनवट नगर परिषद के आम चुनाव में मतदाताओं ने स्पष्ट रूप से सत्ता परिवर्तन का जनादेश देते हुए महाविकास आघाड़ी को निर्णायक बढ़त दिलाई है। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को करारा झटका लगा है और नगर परिषद पर वर्षों से चली आ रही उसकी सत्ता समाप्त हो गई है।

नगराध्यक्ष पद के लिए शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) की उम्मीदवार सौ. सुजाता विनोद येंड्रलवार ने 3,996 मतों के भारी अंतर से जीत दर्ज कर इतिहास रच दिया। उन्हें कुल 10,477 मत प्राप्त हुए, जबकि भाजपा की उम्मीदवार सौ. पुष्पा आनंद मच्छेवार को 6,481 मतों से संतोष करना पड़ा।

शहर के 10 प्रभागों से चुने गए 21 नगरसेवकों की इस चुनावी लड़ाई में महाविकास आघाड़ी ने अधिकांश प्रभागों में संगठित और प्रभावशाली प्रदर्शन किया। शिवसेना (उ.बा.ठा.), राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) और कांग्रेस के सामूहिक प्रयासों का सीधा लाभ चुनाव परिणामों में स्पष्ट रूप से दिखाई दिया।प्रभाग क्रमांक 3 (ब) में शिवसेना (उ.बा.ठा.) के श्रीराम नेम्मानिवार ने भाजपा के उम्मीदवार को मात्र 2 मतों से पराजित कर पूरे शहर का ध्यान आकर्षित किया। वहीं प्रभाग क्रमांक 8 (अ) में महाविकास आघाड़ी की गंगाबाई कोल्हे ने पूर्व नगरसेविका अनिता क्यातमवार को पराजित कर बड़ा राजनीतिक उलटफेर किया।राष्ट्रवादी कांग्रेस (शरद पवार गुट) ने भी कई प्रभागों में दमदार प्रदर्शन किया। प्रभाग क्रमांक 6 (अ) में प्रविण राठोड ने 591 मतों के भारी अंतर से विजय प्राप्त की। इसके अलावा प्रभाग क्रमांक 4 (अ) में अभय नगराळे और प्रभाग क्रमांक 10 (अ) में अभय महाजन की जीत ने महाविकास आघाड़ी की स्थिति को और मजबूत कर दिया।जहाँ एक ओर महाविकास आघाड़ी को व्यापक जनसमर्थन मिला, वहीं भाजपा को कई प्रतिष्ठित प्रभागों में हार का सामना करना पड़ा। प्रभाग क्रमांक 9 (ब) में पूर्व नगराध्यक्ष साजिद खान की हार को भाजपा एवं सहयोगी दलों के लिए बड़ा राजनीतिक झटका माना जा रहा है।इस चुनाव परिणाम ने यह स्पष्ट कर दिया है कि किनवट की जनता ने विकास, स्थिरता और सामूहिक नेतृत्व के पक्ष में मतदान किया है। महाविकास आघाड़ी के नेतृत्व में नगर परिषद से अब नई नीतियों, पारदर्शी प्रशासन और लोकाभिमुख विकास कार्यों की अपेक्षा की जा रही है।किनवट नगर परिषद चुनाव 2025 का यह फैसला न केवल स्थानीय राजनीति, बल्कि आगामी जिला और राज्यस्तरीय राजनीतिक समीकरणों पर भी गहरा प्रभाव डालने वाला माना जा रहा है।

शीत लहर के बीच पुलिस ने आदिवासियों को 500 कंबल बांटे

मंचेरियाल, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)।

जिले में व्याप्त कड़ाके की ठंड को देखते हुए पुलिस ने रविवार को एक सामुदायिक सहायता कार्यक्रम के तहत सिरिकोंडिया मंडल के सुदूर कन्नापुर, कुंटागुडा, जेंडागुडा और पांच अन्य गांवों में रहने वाले आदिवासियों को 500 कंबल वितरित किए। एसपी अखिल महाजन इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे।अखिल ने आदिवासियों को अपने बच्चों की शिक्षा को सर्वोपरि महत्व देने की सलाह दी। उन्होंने आदिवासी युवाओं से लक्ष्य निर्धारित करके और सरकारी नौकरी हासिल करके उच्च पदों तक पहुंचने का आग्रह किया। उन्होंने उनसे शहरों के निजी अस्पतालों में जाने और झोलाछाप डॉक्टरों पर निर्भर न रहने को कहा। उन्होंने आदिवासियों की सुविधा के लिए एक स्वास्थ्य शिविर आयोजित करने का वादा किया।

बावलिया बाबा की 113वीं पुण्यतिथि पर 28 दिसंबर को भव्य भजन संध्या

श्री खेमदास मठ, बेगम बाजार में सायं 7 बजे से होंगे भजन-कीर्तन
जनवरी में मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा व ज्योत यात्रा की भव्य तैयारियाँ

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। बावलिया बाबा, पंडित श्री गणेश नारायण जी की 113वीं पुण्यतिथि इस वर्ष 28 दिसंबर, रविवार को श्री खेमदास मठ, चूड़ी बाजार, बेगम बाजार में श्रद्धा एवं भव्यता के साथ मनाई जाएगी। कार्यक्रम की शुरुआत सायं 7:00 बजे से भजन-कीर्तन के साथ होगी।

संस्था के ट्रस्टी शशिकांत अग्रवाल ने जानकारी देते हुए बताया कि प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी बावलिया बाबा की पुण्यतिथि बड़े उत्साह के साथ मनाई जा रही है। इस अवसर पर सुप्रसिद्ध समाजसेवी, उद्योगपति एवं अग्रवाल समाज तेलंगाना के पूर्व अध्यक्ष श्री मनीष अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर खेमदास मठ में एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें निर्णय लिया गया कि बावलिया बाबा पर आधारित चलचित्र का प्रदर्शन 18 जनवरी 2026 को एशियन थिएटर, मंत्रा मॉल, अट्टापुर में किया जाएगा। इस आयोजन की जिम्मेदारी अमित मोदी एवं वेणुगोपाल भालोठिया को सौंपी गई है। साथ ही, मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा से पूर्व बावलिया बाबा की अखंड ज्योत चिड़ावा से लाकर, हैदराबाद प्रवेश पर भव्य ज्योत यात्रा निकालने पर भी सहमति बनी।

ट्रस्टी विकास मोदी ने बताया कि पुण्यतिथि के अवसर पर सुप्रसिद्ध भजन गायक संजय दाहिमा एवं स्वाति दाहिमा अपनी मधुर वाणी से भजनों की प्रस्तुति देंगे। कार्यक्रम में प्रसादी एवं रात्रि भोज की व्यवस्था भी सभी श्रद्धालुओं के लिए की गई है।

मठाधिपति महंत मनुदास स्वामी ने बताया कि श्री खेमदास मठ परिसर में महासर माता, पंडित गणेश नारायण जी, अग्रसेन जी महाराज, हरिपुरुष जी महाराज, खेमदास जी महाराज एवं बालकदास जी महाराज के मंदिरों की प्राण-प्रतिष्ठा की तैयारियाँ जोर-शोर से चल रही हैं। लगभग 5000 वर्ग फीट में मंदिर का निर्माण किया जा रहा है तथा इसके साथ 2500 वर्ग फीट में राम रसोई (प्रसाद भोजनालय) हॉल भी बनाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम 19 जनवरी से 23 जनवरी 2026 (बसंत पंचमी) तक पाँच दिवसीय आयोजन के रूप में संपन्न होगा। 19 जनवरी को प्रातः भव्य कलश, ध्वज, घोड़ा-बग्गी एवं भजन-कीर्तन के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। इसके पश्चात प्रतिदिन यज्ञ, पूजा, प्रसादी एवं भजन-कीर्तन कार्यक्रम आयोजित होंगे। यज्ञ एवं पूजा कार्यक्रम मठाधिपति डॉ. मनुदास जी महाराज एवं वेदाचार्य सुनील महाराज (सोनू महाराज) के सान्निध्य में संपन्न होंगे। देश के विभिन्न प्रांतों से अनेक संत-महात्मा इस अवसर पर पधारेंगे।

मंदिर निर्माण का कार्य श्री गणेश फाउंडेशन एवं श्री महासर माता भक्त मंडल के नेतृत्व में किया जा रहा है। सभी मंदिर मकराना पत्थरों से उत्कृष्ट शिल्प कला के साथ बनाए जा रहे हैं। इसी परिसर में स्थित 500 वर्ष प्राचीन चमत्कारी बालाजी मंदिर भी श्रद्धालुओं की आस्था का केंद्र है।

प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक मंडल का गठन किया गया है। सेवा देने के इच्छुक श्रद्धालु संस्था के किसी भी संयोजक से संपर्क कर सकते हैं।

इस अवसर पर शशिकांत अग्रवाल, विकास मोदी, शिशिर केडिया, आशीष निमाणी, विकास केडिया, अमित मोदी, गोपाल भालोठिया, कृष्ण केडिया, नरेंद्र, मनीष शर्मा, पवन भारती, बद्री प्रसाद अग्रवाल, रूपा केडिया, वनिता मोदी, आरती भालोठिया सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

एएसटी सुपर सिंगर का द्वितीय ऑडिशन आज

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। अग्रवाल समाज तेलंगाना द्वारा समाज बंधुओं की प्रतिभा को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आयोजित एएसटी सुपर सिंगर प्रतियोगिता का द्वितीय ऑडिशन आज सोमवार को हिमायतनगर स्थित एलीट आर्टिस्ट ऑडिटोरियम में आयोजित किया जाएगा।

यह ऑडिशन तीन सत्रों में सम्पन्न होगा, जिसमें कुल 35 प्रतियोगी भाग लेंगे। इनमें- 45 वर्ष तक की आयु वर्ग के 10 प्रतियोगी, तथा 45 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के 25 महिला एवं पुरुष प्रतियोगी शामिल हैं।द्वितीय ऑडिशन में चयनित प्रतियोगियों को एएसटी सुपर सिंगर के फाइनल राउंड में भाग लेने का अवसर मिलेगा। प्रतियोगिता का ग्रैंड फिनाले आगामी रविवार, 4 जनवरी 2026 को किंग कोठी स्थित भारतीय विद्या भवन में आयोजित किया जाएगा।द्वितीय ऑडिशन से पूर्व, इसमें भाग लेने वाले सभी 35 प्रतियोगियों की एक परिचर्चा सभा हैदरागुड़ा स्थित होटल बीकानेर में संपन्न हुई। इस अवसर पर अग्रवाल समाज तेलंगाना के उपाध्यक्ष रूपेश अग्रवाल एवं मानद मंत्री विकास केसान ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए फाइनल के लिए शुभकामनाएँ प्रदान कीं।कार्यक्रम की ऑर्गेनाइजेशन कमेटी के अध्यक्ष डॉ. दिलीप पंसारी ने द्वितीय ऑडिशन से संबंधित आवश्यक जानकारियाँ साझा कीं, जबकि वाइस चेयरमैन महेंद्र अग्रवाल ने धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।

महेश बैंक के चेयरमैन के रूप में निर्वाचित होने पर सीए मुरली मनोहर पल्लोड को बधाई देने और उन्हें सम्मानित करने के लिए एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह सम्मान समारोह श्री समर्थ कामधेनु गौशाला एवं गौ सेवा मित्र मंडल द्वारा जियागुड़ा स्थित श्री समर्थ कामधेनु गौशाला में आयोजित किया गया। सीए मुरली मनोहर पल्लोड जी का सम्मान प्रभुदत्त महाराज के कर-कमलों द्वारा किया गया। इस अवसर पर मनोज अग्रवाल, अनिल अग्रवाल, यश अग्रवाल एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे, जिन्होंने पल्लोड जी को उनके नए दायित्व के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

महेश बैंक के चुनाव में संस्थापक पैनल को मिली प्रचंड जीत पर रमेश कुमार बंग का सम्मान करते हुए मनोज बाहेती, लक्ष्मीनारायण लाहोटी, मुन्नालाल अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, भगवानदास हेडा, राजकुमार लोया, सुनील मालाणी, गिरीश जैन, रामकिशोर बजाज, पुरुषोत्तम बाहेती, योगेश बंसल, रंगनाथ काबरा, सतीश सरायवाला, अमृत जैन, सुनील मंगनानी, सुरेश अग्रवाल व अन्य।

माँ सरस्वती वंदना कार्यक्रम भव्यता के साथ सम्पन्न

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। श्री दिव्य श्रावक सामायिक मंडल द्वारा आयोजित तथा जिन शासन को समर्पित युवाओं द्वारा प्रस्तुत श्रावक सामायिक एवं माँ सरस्वती वंदना कार्यक्रम का आयोजन काचीगुड़ा स्थित श्री शांतिनाथ जिनेश्वरधाम, आराधना भवन में भव्यता एवं भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ।

यहां जारी एक प्रेस विज्ञप्ति में श्री दिव्य श्रावक सामायिक मंडल के प्रवक्ता प्रकीण काराणी एवं हरखचंद साकला ने बताया कि विगत एक दशक से अधिक समय से श्रावकों के लिए प्रति रविवार सामायिक का नियमित आयोजन किया जा रहा है। इस रविवार सामायिक के पश्चात माँ सरस्वती वंदना कार्यक्रम एवं उस पर आधारित विशेष व्याख्यान आयोजित किया गया।

गुरु चिराग छेड़ा ने माँ सरस्वती के स्वरूप, महत्व एवं विद्या-दायिनी शक्ति पर विस्तृत जानकारी प्रदान की। माँ सरस्वती की वंदना भक्ति गीतों एवं संगीतमय प्रस्तुति के माध्यम से की गई, जिसमें विद्या, विवेक एवं सद्बुद्धि का आशीर्वाद प्राप्त करने की प्रार्थना की गई।

हरखचंद साकला ने जानकारी दी कि सामायिक में नियमित भाग लेने वाले श्रावकों के लिए आगामी मार्च माह में राजस्थान स्थित श्री दंतानी तीर्थ की यात्रा आयोजित की जाएगी, जिसके लाभार्थी श्रीमती मीनाक्षीबेन मोनिक धरमशी होंगे।नकीन मारू ने बताया कि सामायिक में भाग लेने वाले श्रावकों के लिए प्रत्येक रविवार नककारशी की व्यवस्था की जाती है। इस अवसर पर सामायिक पश्चात नककारशी का आयोजन श्रीमती उर्मिलाबेन पोपटलाल छेड़ा परिवार द्वारा किया गया। श्रीसंघ की ओर से छेड़ा परिवार का बहुमान भी किया गया।नककारशी की व्यवस्था में सहयोग देने हेतु श्री दिव्य श्रावक सामायिक मंडल के सभी सदस्यों, महेंद्र मारू एवं उनकी टीम का आभार व्यक्त किया गया।कार्यक्रम का संचालन प्रकीण काराणी, रतिलाल छेड़ा, जितेंद्र गडा एवं नकीन मारू द्वारा किया गया।इस अवसर पर श्री अचलगच्छ जैन संघ के चेयरमैन रमणीक नागड़ा, ट्रस्टी पोपटलाल छेड़ा, लक फॉर काऊ फाउंडेशन के ट्रस्टी ऋषि जागीरदार, श्री गुजराती प्रगति समाज के कार्यकारिणी सदस्य दिनेश गोसर, दिलीप मोता, अनीश छेड़ा, विपुल गाला, बसंत मोता सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

नए साल के जश्न में नशीले पदार्थों और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने की मांग

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। आगामी नए साल के जश्न के मद्देनजर आज काचीगुडा स्थित बजरंग सेना तेलंगाना कार्यालय में एक प्रेस मीट का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, बजरंग सेना तेलंगाना के अध्यक्ष एन.आर. लक्ष्मण राव ने सभी पुलिस कमिश्नरेटों से आग्रह किया कि वे उत्सव के दौरान पब, हुक्का पार्लर और रिसॉर्ट्स में होने वाली अवैध गतिविधियों पर कड़ी निगरानी और जांच करें। उन्होंने विशेष रूप से ड्रग्स, गांजा और अन्य नशीले पदार्थों के प्रसार और सेवन पर रोक लगाने की मांग की।मीडिया को संबोधित करते हुए प्रवीण यादव ने चिंता व्यक्त की कि आज की युवा पीढ़ी तेजी से ऐसी अवैध गतिविधियों की आदी हो रही है। उन्होंने कहा कि युवा पश्चिमी संस्कृति से प्रभावित होकर सनातन संस्कृति और पारंपरिक मूल्यों से दूर होते जा रहे हैं।

सतीश राज ने माता-पिता और बुजुर्गों से अपील की कि वे युवाओं की गतिविधियों पर नजर रखने की अधिक जिम्मेदारी लें और उन्हें अच्छी आदतों, अनुशासन और सांस्कृतिक मूल्यों की ओर सक्रिय रूप से मार्गदर्शन करें।इस अवसर पर राघव, जगदीश, मनोज मोगल गिद्दी, साईनाथ, नरेश और बजरंग सेना तेलंगाना के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

सभी के लिए गुजराती स्पेशल नाश्ता

तारा स्वीट्स एंड चाट में गुजराती विशेष ब्रेकफास्ट का भव्य शुभारंभ

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। गुजराती संस्कृति को बढ़ावा देने एवं पारंपरिक स्वाद के प्रेमियों के लिए सुल्तान बाजार स्थित तारा स्वीट्स एंड चाट में गुजराती स्पेशल ब्रेकफास्ट का भव्य शुभारंभ किया गया। यह विशेष पहल हनुमान व्यायाम शाला स्कूल के समीप स्थित तारा स्वीट्स परिसर में शुरू की गई।इस अवसर पर होटल प्रबंधक लक्ष्मण शाह एवं पुरव शाह का स्वागत एवं अभिनंदन श्री कच्छी मित्र मंडल के ट्रस्टी प्रदीप संघवी तथा जैन माइनॉरिटी काउंसिल के मंत्री रिद्धिश जागीरदार द्वारा किया गया।कार्यक्रम में गुर्जर जैन परिवार के निदेशक समीर वोरा, अश्विन शाह, लोहाना समाज के नाट्य गनात्र, राजेश चोटाई, भूपेन शाह, पुरुषोत्तम शाह, मुकेश टेली सहित समाज के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।इस गुजराती स्पेशल ब्रेकफास्ट का उद्देश्य लोगों की सुबह की शुरुआत को पौष्टिक, स्वादिष्ट एवं पारंपरिक बनाना है। नाश्ते में पोहा, ढोकला, थेपला, खांडवी, फाफड़ा-जलेबी एवं उपमा जैसे प्रसिद्ध गुजराती व्यंजन परोसे जा रहे हैं।

ये सभी व्यंजन कम तेल और मसालों में तैयार किए जाते हैं, जो स्वास्थ्यवर्धक एवं ऊर्जादायक होने के साथ-साथ गुजराती खान-पान की समृद्ध सांस्कृतिक परंपरा को भी दर्शाते हैं।

अमीरपेट स्थित श्री बालाजी राजस्थानी भवन में श्री बालाजी भजन मंडली द्वारा आयोजित धनुर्मास महोत्सव के अंतर्गत प्रथम उत्सव श्री गोदारंगनाथ भगवान का जन्मोत्सव अत्यंत धूमधाम से मनाया गया। प्रातः काल श्रीजी विग्रह की पूजा अर्चना तत्पश्चात प्रभाती भजन पाशूरवाचन अर्चना के पश्चात श्री गोदाजी की भव्य झांकी सजाई गई। जन्मोत्सव के अंतर्गत जन्म के गीत एवं बधाई गीत गए गए। मंगलानुशासन श्री गोदाजी की तनया तत्पश्चात आरती गोष्टी प्रसाद का आयोजन किया गया। जिसमें श्री बालाजी भजन मंडली के सभी सदस्य एवं राजस्थानी समाज के बंधुगण उपस्थित रहे।

अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक सम्पन्न

हैदराबाद, 21 दिसंबर (शुभ लाभ ब्यूरो)। पान बाज़ार कार्यालय, सिकंदराबाद में अग्रसेन बायोडाटा कमेटी की बैठक अत्यंत सुव्यवस्थित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में आयोजित हुई। इस बैठक में समाज से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विचार-विमर्श किया गया।अवसर पर दुर्गा प्रसाद बंसल, संतोष देवी बंसल, पुरुषोत्तम गुप्ता, शिवराज अग्रवाल, सत्यनारायण मोदी, रवि अग्रवाल, अशोक अग्रवाल, राजेंद्र अग्रवाल, सुरेश गोयल, बबीता अग्रवाल, सत्यनारायण अग्रवाल, रविंदर जैन, हरिप्रसाद अग्रवाल एवं नवनीत अग्रवाल की गरिमामयी उपस्थिति रही।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक गोपाल अग्रवाल द्वारा श्री शेषसाई इंटरप्राइजेज प्लॉट नंबर. 98/1, को-ऑपरेटिव इंडस्ट्रीयल एस्टेट, गांधी नगर, बालानगर के पास मेडचेल-मल्काजगिरि जिला. हैदराबाद 500037, तेलंगाना स्टेट से मुद्रित तथा प्लॉट नं. ए-23/5 तथा 6, दूसरा माला, ओपीआईई, बालानगर, हैदराबाद, मेडचल मलकाजगिरी जिला, तेलंगाना राज्य-500037 से प्रकाशित। आर. एन. आई रजिस्टर्ड नं. TELHIN/2019/78163, फोन नं. 040-29551811. E-mail : dailyshubhlabh@gmail.com.